खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

हल्द्वानी, मंगलवार 6 जनवरी 2026 हल्द्वानी संस्करण: वर्ष 23 अंक 132 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

अधिकतम : 15°C
न्यूनतम : 04°C

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | माघ कृष्ण पक्ष 2 विक्रमी सम्वत् 2082 | 16 रजब 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



एनसीसी प्रशिक्षित आत्मविश्वासी कैडेट विकसित भारत की यात्रा की रीढ़: राधाकृष्णन पेज 2




बांग्लादेश में नहीं होगा आईपीएल मैचों का प्रसारण खेल टाइम्स



ई-कचरा के लिए क्यों नहीं मिल पा रहा कोई कारगर उपाय! सम्पादकीय



ट्रम्प ने ग्रीनलैंड पर कब्जा करने की बात दोहराई कहा: देश की सुरक्षा के लिए जरूरी पेज 12

# पहला स्वदेशी प्रदूषण नियंत्रण पोत 'समुद्र प्रताप' राष्ट्र को समर्पित

■ लगभग 60 प्रतिशत से अधिक स्वदेशी सामग्री के साथ स्वदेशी रूप से डिजाइन किया गया

■ रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने पोत को भारत के परिपक्व रक्षा औद्योगिक पारिस्थितिकी तंत्र का प्रतीक बताया




**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने पोत निर्माण और समुद्री क्षमताओं के विकास में आत्मनिर्भरता की दिशा में देश की बड़ी उपलब्धि के रूप में सोमवार को गोवा में पहला स्वदेशी प्रदूषण नियंत्रण पोत 'समुद्र प्रताप' राष्ट्र को समर्पित किया। भारतीय तटरक्षक के इस पोत को गोवा शिपयार्ड लिमिटेड ने बनाया है।

लगभग 60 प्रतिशत से अधिक स्वदेशी सामग्री के साथ समुद्र प्रताप भारत का पहला स्वदेशी रूप से डिजाइन किया गया प्रदूषण नियंत्रण पोत है और तटरक्षक बल के बेड़े का सबसे बड़ा जहाज है। समुद्र प्रताप के शामिल होने से प्रदूषण नियंत्रण, अग्निशमन, समुद्री सुरक्षा और पर्यावरण संरक्षण में भारतीय तटरक्षक बल की परिचालन क्षमता में उल्लेखनीय वृद्धि होगी। साथ ही यह भारत के विस्तृत समुद्री क्षेत्रों में दीर्घकालिक निगरानी और त्वरित प्रतिक्रिया अभियानों को सशक्त बनाएगा। रक्षा मंत्री ने इस पोत को भारत के परिपक्व रक्षा औद्योगिक पारिस्थितिकी तंत्र का प्रतीक बताया, जो जटिल विनिर्माण चुनौतियों से प्रभावी ढंग से निपटने में सक्षम है। उन्होंने कहा समुद्री पोत में स्वदेशी सामग्री को 90 प्रतिशत तक बढ़ाने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। श्री सिंह ने कहा कि समुद्र प्रताप को विशेष रूप से प्रदूषण नियंत्रण के लिए डिजाइन किया गया है, लेकिन इसकी भूमिका केवल यहीं तक सीमित नहीं है। एक ही मंच पर कई क्षमताओं के एकीकरण से यह पोत तटीय गश्त में भी प्रभावी सिद्ध होगा तथा समुद्री सुरक्षा को और मजबूत करेगा। रक्षा मंत्री ने समुद्री प्रदूषण नियंत्रण से लेकर तटीय स्वच्छता, खोज एवं बचाव कार्यों से लेकर समुद्री कानून प्रवर्तन तक भारतीय तटरक्षक बल की बहुआयामी भूमिका की सराहना की। उन्होंने कहा कि तटरक्षक बल जिस प्रकार अपने दायित्वों का निर्वहन कर रहा है उससे देश के शत्रुओं को स्पष्ट संदेश गया है कि यदि उन्होंने भारत की समुद्री सीमाओं पर बुरी नजर डाली या किसी भी प्रकार का दुस्साहस किया, तो उन्हें सख्त और उपयुक्त जवाब मिलेगा। यह पोत उन्नत प्रदूषण पहचान प्रणालियों, समर्पित प्रदूषण प्रतिक्रिया नौकाओं और आधुनिक अग्निशमन क्षमताओं से सुसज्जित है।

## एक लाख का इनामी बदमाश ढेर

**सुल्तानपुर।** लम्भुआ क्षेत्र में सोमवार को पुलिस ने एक सशस्त्र मुठभेड़ में एक लाख के इनामी बदमाश को मार गिराया। पुलिस ने बताया कि एक सूचना के आधार पर पुलिस ने लखीमपुर खीरी के वांछित अपराधी तालिब उर्फ आजम खां की घेराबंदी कर उसे आत्मसमर्पण के लिए कहा मगर स्वयं को पुलिस से घिरा देख अपराधी ने पुलिस पार्टी पर जान से मारने की नीयत से फायरिंग शुरू कर दी। पुलिस बल ने आत्मरक्षार्थ जवाबी कार्रवाई की, जिसमें अपराधी ढेर हो गया।

# उमर खालिद और शरजील इमाम को नहीं मिली जमानत

**कोर्ट ने 5 अन्य सह-आरोपियों गुलफिशां फातिमा, मीरान हैदर, शिफा उर रहमान, मोहम्मद सलीम खान व शादाब अहमद को सशर्त जमानत दी**

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को फरवरी 2020 के दिल्ली दंगों के पीछे कथित बड़ी साजिश से संबंधित गैरकानूनी गतिविधियां रोकथाम अधिनियम (यूएपीए) के तहत दर्ज मामले में उमर खालिद और शरजील इमाम की जमानत मंजूर करने से इन्कार कर दिया।

न्यायमूर्ति अरविंद कुमार और न्यायमूर्ति एनवी अंजारिया की पीठ ने दोनों कार्यकर्ताओं के खिलाफ लगाए गए आरोपों की गंभीरता को रेखांकित करते हुए कहा कि वे मामले के अन्य आरोपियों की तुलना में गुणात्मक रूप से अलग स्थिति में हैं। न्यायालय ने हालांकि पांच अन्य सह-आरोपियों गुलफिशां फातिमा, मीरान हैदर, शिफा-उर रहमान, मोहम्मद सलीम खान और शादाब अहमद की इस हिंसा में कथित भूमिकाओं को अलग बताते हुए उनकी जमानत अर्जी मंजूर कर ली। यह फैसला आरोपियों की अलग-अलग दायर विशेष अनुमति याचिकाओं पर आया है। इसमें उन्होंने दिल्ली उच्च न्यायालय के दो सितम्बर के उस आदेश को चुनौती दी थी, जिसमें उनकी जमानत मंजूर करने से इन्कार कर दिया गया था। पीठ ने कहा कि चूंकि आदेश लंबा है, इसलिए पीठ केवल कुछ ही अंश ही पढ़ेगी। न्यायालय ने जोर देकर कहा कि इस मामले में त्वरित सुनवाई आवश्यक है। बचाव पक्ष ने आरोप लगाया था कि जांच और सुनवाई में देरी के लिए अभियोजन पक्ष जिम्मेदार है। न्यायालय के आदेश में कहा गया है कि देरी के कारण गहन न्यायिक जांच की स्थिति हो सकती है। संविधान में अनुच्छेद 21 का केंद्रीय स्थान है और सुनवाई से पहले जेल में रहने को सजा के रूप में नहीं माना जा सकता। स्वतंत्रता से वंचित करना मनमाना नहीं होना चाहिए। शीर्ष अदालत ने यह भी कहा कि उमर खालिद और शरजील इमाम अन्य आरोपियों की तुलना में गुणात्मक रूप से अलग स्थिति में खड़े हैं और सचेत रूप से सामूहिक -शेष पृष्ठ दो पर

**दिल्ली दंगा: उमर और शरजील अन्य आरोपियों की तुलना में गुणात्मक रूप से अलग स्थिति में खड़े हैं : शीर्ष अदालत**



### अजमेर शरीफ दरगाह में प्रधानमंत्री को चादर चढ़ाने से रोकने की याचिका खारिज

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने सूफी संत ख्वाजा मोइनुद्दीन हसन चिश्ती के 814वें सालाना उर्स के दौरान अजमेर शरीफ दरगाह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को चादर चढ़ाने से रोकने की मांग को लेकर पेश याचिका सोमवार को खारिज कर दी। मुख्य न्यायाधीश सूर्य कांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ ने कहा कि याचिका में उठाया गया मुद्दा सुनवाई योग्य नहीं है। वैसे भी यह अप्रासंगिक हो गया है, क्योंकि चादर चढ़ाने का कार्यक्रम पहले ही हो चुका है। पीठ ने हालांकि स्पष्ट किया कि उसके आदेश का दरगाह से जुड़े अजमेर अदालत में चल रहे दीवानी मुकदमे पर कोई असर नहीं पड़ेगा।

# उप्र पुलिस भर्ती के 32,679 पदों पर आयु सीमा में तीन वर्ष की छूट

शाह टाइम्स ब्यूरो




■ सरकार ने पुलिस भर्ती की तैयारी कर रहे अभ्यर्थियों को बड़ी राहत देते हुए अहम फैसला लिया

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार ने पुलिस भर्ती की तैयारी कर रहे अभ्यर्थियों को बड़ी राहत देते हुए अहम फैसला लिया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर यूपी पुलिस एवं जेल विभाग की सीधी भर्ती में आयु सीमा में तीन वर्ष की छूट देने की घोषणा की गई है। यह छूट कुल 32,679 पदों पर लागू होगी। इस संबंध में शासनादेश भी जारी कर दिया गया है।

सरकार के इस निर्णय से आरक्षी (नागरिक पुलिस), पीएसी, विशेष सुरक्षा बल, महिला बटालियन, घुड़सवार पुलिस तथा जेल वार्डर (पुरुष व महिला) पदों पर भर्ती के लिए आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों को लाभ मिलेगा। सभी वर्गों के अभ्यर्थियों को आयु सीमा में यह छूट एक बार के लिए प्रदान की गई है। मुख्यमंत्री कार्यालय की ओर से जारी बयान में कहा गया है कि यह फैसला अभ्यर्थियों के हितों को ध्यान में रखते हुए लिया गया है, ताकि अधिक से अधिक योग्य युवा भर्ती प्रक्रिया में शामिल हो सकें। गौरतलब है कि इस मुद्दे पर समाजवादी पार्टी और भारतीय जनता पार्टी की ओर से भी आयु सीमा में छूट की मांग उठाई गई थी। प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, उप्र पुलिस में आरक्षी नागरिक पुलिस एवं समकक्ष पदों पर सीधी भर्ती-2025 के तहत 31 दिसम्बर 2025 को जारी विज्ञप्ति के क्रम में शासनादेश संख्या 1/1194447/6-1001 (008)24/23, दिनांक 5 जनवरी 2026 के माध्यम से यह निर्णय लिया गया है। यह छूट उत्तर प्रदेश लोक सेवा (भर्ती के लिए आयु सीमा का शिथिलीकरण) नियमावली-1992 के नियम-3 के तहत प्रदान की गई है। देवरिया सदर से विधायक डा. शलभ मणि त्रिपाठी ने भी उत्तर प्रदेश पुलिस में आरक्षी पीएसी, जेल वार्डर एवं समकक्ष पदों पर प्रस्तावित भर्तियों में सामान्य वर्ग के अभ्यर्थियों को आयु सीमा में छूट देने की मांग की थी। उन्होंने इस संबंध में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पत्र लिखकर मानवीय दृष्टिकोण अपनाने का आग्रह किया था।

# मोहम्मद शमी को चुनाव आयोग का नोटिस

■ एसआईआर फॉर्म में मिलीं गड़बड़ियां

**कोलकाता।** चुनाव आयोग ने क्रिकेटर मोहम्मद शमी को नोटिस भेजा है। शमी और उनके भाई मोहम्मद कैफ के एसआईआर फॉर्म में गड़बड़ियां मिली हैं, इसलिए दोनों को बुलाया गया है। हालांकि शमी या चुनाव आयोग की ओर से अभी तक इस पर कोई बयान नहीं आया है।

शमी के एन्यूमरेशन फॉर्म में प्रोजेनी मैपिंग और सेल्फ-मैपिंग से जुड़ी गड़बड़ियां मिली हैं। इसके बाद साउथ कोलकाता के वार्ड नंबर 93 से नोटिस जारी किए गए, जिसमें उन्हें असिस्टेंट इलेक्टोरल रजिस्ट्रेशन ऑफिसर (एईआरओ) के सामने पेश होने को कहा गया है। शमी कोलकाता म्युनिसिपल कॉर्पोरेशन (केएमसी) वार्ड नंबर 93 में वोटर के रूप में रजिस्टर्ड हैं, जो रासबिहारी असेंबली सीट के अंदर आता है। 2024 में हुए लोकसभा चुनाव तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी ने उत्तर प्रदेश के अमरोहा में स्थित अपने पैतृक गांव में वोटिंग की थी।

## पूर्वोत्तर भारत में भूकंप के तेज झटके

**गुवाहाटी/शिलांग।** पूर्वोत्तर भारत और बांग्लादेश में सोमवार को भूकंप के तेज झटके महसूस किए गए। भूकंप की तीव्रता रिक्टर स्केल पर 5.1 आंकी गई। असम राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने कहा कि हालांकि राज्य में कहीं से भी किसी बड़े नुकसान की खबर नहीं है, लेकिन एक बुजुर्ग महिला घर से बाहर भागते समय गंभीर रूप से घायल हो गई। भूकंप के झटके सोमवार तड़के 4:17 बजे महसूस किए गए और इसका केंद्र मध्य असम के मोरीगांव में धरती की सतह से 50 किलोमीटर गहराई में था। 80 वर्षीय जॉयमोती डेवरी को भूकंप के दौरान अपने घर से बाहर भागते समय सिर में चोट लग गई।

# उप्र में मंत्रिमंडल विस्तार की चर्चाओं के बीच पीएम मोदी से मिले सीएम योगी

शाह टाइम्स ब्यूरो



**नई दिल्ली।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को यहां प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की और उन्हें अयोध्या के राम मंदिर की प्रतिकृति भेंट की। प्रधानमंत्री कार्यालय ने इस मुलाकात की जानकारी दी है।

प्रधानमंत्री कार्यालय ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर दोनों नेताओं की मुलाकात की तस्वीरें साझा की हैं। एक तस्वीर में श्री योगी प्रधानमंत्री को अयोध्या के राम मंदिर की प्रतिकृति भेंट कर रहे हैं। यह मुलाकात ऐसे समय में हुई है जब उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव में सिर्फ एक साल का समय शेष रह गया है और राज्य में मंत्रिमंडल विस्तार की चर्चाएं जोरों पर हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी इस मुलाकात की तस्वीरें साझा करते हुए इसे शिष्टाचार भेंट बताया है।

## दिल्ली में घने कोहरे के साथ बना रहा एक्यूआई 'खराब'

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी में सोमवार सुबह घने कोहरे की चादर छाई रही। वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 'खराब' श्रेणी में बना रहा, जिससे इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय (आईजीआई) हवाई अड्डे पर उड़ान संचालन में बाधा आई। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के मुताबिक, सुबह आठ बजे तक दिल्ली का समग्र वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 260-262 रहा और लगातार दूसरे दिन भी यह 'खराब' श्रेणी में बना रहा। कई इलाकों में प्रदूषण स्तर चिंताजनक रहा।

# सोमनाथ पर आक्रमण के 1000 साल, मोदी ने लिखा लेख

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ कहा: यह विध्वंस नहीं, हमारे स्वाभिमान की गाथा, मिटाने वाले खत्म हो जाते हैं

■ बोले: नेहरू नहीं चाहते थे राष्ट्रपति सोमनाथ जाएं

**नई दिल्ली।** पीएम मोदी ने गुजरात के प्रभास पाटन में बने पहले ज्योतिर्लिंग सोमनाथ मंदिर पर एक लेख लिखा है। यह ब्लॉग पोस्ट सोमनाथ पर 1026 में हुए पहले आक्रमण के हजार साल पूरे होने पर है।

पीएम ने इसे सोमनाथ स्वाभिमान पर्व नाम दिया है। गौरतलब है कि विदेशी आक्रमणकारी गजनी के महमूद गजनवी ने जनवरी 1026 में सोमनाथ पर आक्रमण कर उसे ध्वस्त कर दिया था। पीएम मोदी ने लिख कि सोमनाथ, ये शब्द सुनते ही हमारे मन और हृदय में गर्व और आस्था की भावना भर जाती है। भारत के पश्चिमी तट पर गुजरात में, प्रभास पाटन नाम की जगह पर स्थित सोमनाथ, भारत की आत्मा का शाश्वत प्रस्तुतिकरण है। द्वादश ज्योतिर्लिंग स्तोत्रम में भारत के 12 ज्योतिर्लिंगों का उल्लेख है। दुर्भाग्यवश, यही सोमनाथ मंदिर, जो करोड़ों लोगों की श्रद्धा और प्रार्थनाओं का केंद्र था, विदेशी आक्रमणकारियों का निशाना बना, जिनका उद्देश्य विध्वंस था। जनवरी 1026 में गजनी के महमूद ने इस मंदिर पर बड़ा आक्रमण कर उसे ध्वस्त कर दिया था। यह आक्रमण आस्था और सभ्यता के एक महान प्रतीक को नष्ट करने के उद्देश्य से किया गया एक हिंसक और बर्बर प्रयास था। फिर भी एक हजार साल बाद आज भी यह मंदिर पूरे गौरव के साथ खड़ा है। साल 1026 के बाद समय-समय पर इस मंदिर को पुन:निर्मित करने के प्रयास जारी रहे। मंदिर का वर्तमान स्वरूप 1951 में आकार ले सका। संयोग से 2026 का यही वर्ष सोमनाथ मंदिर के पुनर्निर्माण के 75 वर्ष पूरे होने का भी वर्ष है। 11 मई 1951 को इस मंदिर का पुनर्निर्माण सम्पन्न हुआ था।

# पहाड़ों पर बर्फबारी से मैदानी राज्यों में बढ़ी ठंड

■ आगरा व मुजफ्फरनगर में नौ गाड़ियां टकराईं, पांच लोगों की मौत

**नई दिल्ली।** जम्मू-कश्मीर, हिमाचल और उत्तराखंड में पहाड़ों पर बर्फबारी से मैदानी राज्यों में ठंड बढ़ गई है। मध्य प्रदेश, राजस्थान में शीतलहर के साथ घना कोहरा छाया है।

सोमवार सुबह मध्य प्रदेश में इस सीजन का सबसे घना कोहरा रहा। यूपी में कोहरे के कारण सोमवार को मुजफ्फरनगर और आगरा में सड़क हादसों में 9 गाड़ियां आपस में टकरा गईं। इनमें 5 लोगों की मौत हुई, जबकि 10 से ज्यादा घायल हैं। लखनऊ समेत 10 शहरों में बादल छाए हैं और 10/15 किमी/घंटा की रफ्तार से सर्द हवाएं चल रही हैं। मप्र की राजधानी भोपाल में विजिबिलिटी 20 मीटर से भी कम रही।

## संक्षिप्त समाचार

### बांग्लादेश में एक और हिंदू की गोली मारकर हत्या

**ढाका।** बांग्लादेश में एक और हिंदू की गोली मारकर हत्या कर दी गई है। तीन हफ्ते के भीतर यह पांचवीं घटना बताई जा रही है। रिपोर्ट के मुताबिक, घटना बांग्लादेश के जेसोरे जिले के मोनिरामपुर उपजिला में हुई। मृतक की पहचान राणा प्रताप बैरागी के रूप में हुई है। बैरागी को अपराधियों ने गोली मारकर मौत के घाट उतार दिया। यह घटना सोमवार दोपहर हुई। राणा प्रताप बैरागी केशबपुर उपजिला के निवासी थे। उन्हें मोनिरामपुर उपजिला के कपालिया बाजार में गोली मार दी गई। रिपोर्ट के मुताबिक, राणा प्रताप सोमवार शाम करीब छह बजे कपालिया बाजार में थे, जब अज्ञात हमलावरों ने उन पर गोलियां चलाईं। वह गंभीर रूप से घायल हो गए और वहीं गिर पड़े। स्थानीय लोगों ने उन्हें बचाने की कोशिश की, लेकिन अस्पताल ले जाने से पहले ही उनकी मौत हो गई।

### आंध्र प्रदेश में ओएनजीसी के तेल कुएं से गैस रिसाव

**कोनसीमा।** आंध्र प्रदेश के कोनसीमा जिले के राजोले इलाके में सोमवार को ओएनजीसी के एक चालू तेल कुएं से भारी गैस रिसाव हुआ है। घटना उस वक्त हुई, जब कुएं में मरम्मत का काम चल रहा था। हालात को देखते हुए प्रशासन ने इरुसुमंदा और आसपास के तीन गांवों को एहतियातन खाली करा लिया। अभी किसी की मौत या घायल होने की सूचना नहीं है। जानकारी के मुताबिक, तेल कुएं से उत्पादन अस्थायी रूप से रोका गया था और मरम्मत की जा रही थी। इसी दौरान अचानक तेज ब्लास्ट हुआ और गैस व कच्चा तेल तेजी से ऊपर की ओर निकलने लगा। कुछ ही देर में गैस में आग लग गई और कुएं के पास ऊंची लपटें उठने लगीं। प्रशासन ने लाउडस्पीकर के जरिए लोगों से बिजली के स्विच बंद रखने, गैस चूल्हा न जलाने और किसी भी इलेक्ट्रॉनिक उपकरण का इस्तेमाल न करने की अपील की।

### सूर्या होगा पुन: उपयोग योग्य और भारी पेलोड वाला

**चेन्नई।** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के अगले पीढ़ी के प्रक्षेपण वाहन (एनजीएलवी), जिसे अनौपचारिक रूप से 'सूर्या' नाम दिया गया है, को पूरी तरह पुन: उपयोग योग्य और मॉड्यूलर डिजाइन वाला रॉकेट बनाया जा रहा है, जो मौजूदा रॉकेट्स की तुलना में काफी अधिक पेलोड क्षमता वाला होगा। यह जानकारी पूर्व इसरो अध्यक्ष एस. सोमनाथ ने दी। एनजीएलवी को ठोस ईंधन मोटर्स की जगह पूर्ण रूप से तरल प्रोपल्शन सिस्टम पर आधारित बनाया जा रहा है।

### लालू यादव की याचिका पर सीबीआई तलब

**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने सोमवार को सीबीआई को राजद नेता एवं पूर्व रेल मंत्री लालू प्रसाद यादव की याचिका पर जवाब देने का निर्देश दिया। श्री यादव ने याचिका में भारतीय रेलवे की कैटरिंग शाखा से जुड़े एक पुराने भ्रष्टाचार मामले में अपने खिलाफ लगाए गए आरोपों को चुनौती दी है।

## संक्षिप्त समाचार

### चार विधायक तीन दिनों के लिए सदन की कार्यवाही से निष्कासित

**नई दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा के अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने सोमवार को उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना के अभिभाषण के दौरान व्यावधान उत्पन्न करने के आरोप में आम आदमी पार्टी द्धआपत्रः के चार विधायकों को तीन दिन के लिए सदन की कार्यवाही से निलंबित कर दिया। विधानसभा सत्र की शुरू होते ही उपराज्यपाल ने अपना अभिभाषण जैसे ही शुरू किया आप के कुछ विधायक दिल्ली प्रदूषण और जनहित से जुड़े मुद्दे उठाने की कोशिश करने लगे। अभिभाषण के बीच ही अध्यक्ष ने आप विधायकों संजीव झा, जरनैल सिंह, कुलदीप कुमार और सोमदत्त को सदन से बाहर जाने का निर्देश दिया। इसके विरोध में आप के कुछ सदस्य सदन से वाक आउट कर गए हालांकि आप नेता गोपाल राय पूरे अभिभाषण में सदन में मौजूद रहे। उपराज्यपाल के अभिभाषण के बाद सदन की कार्यवाही दोबा. रा शुरू होते ही कुछ दिवंगत सदस्यों को श्रद्धांजलि दी गई।

### बहराइच में तेंदुए के हमले में 13 बकरियां मरी

**बहराइच।** उत्तर प्रदेश में बहराइच जिले के सुजौली क्षेत्र में बीती रात एक तेंदुए ने बकरी पालन में घुसकर लगभग दो दर्जन बकरियों पर हमला कर दिया। इस हमले में 13 बकरियों की मौत हो गई, जबकि 6 बकरियां घायल हो गईं। सुजौली गांव के सोतिया नाला के समीप मनीष मौर्य का बकरी पालन व्यवसाय है, जिसमें दर्जनों बकरियां होती हैं। रात एक तेंदुआ जंगल से निकलकर पालन में घुस गया और बकरियों के झुंड पर अंधाधुंध हमला कर दिया। घायल बकरियों के इलाज के लिए पशु चिकित्सक विपिन बिहारी और सहायक पशु चिकित्सक ललित सिंह मौके पर पहुंचे और उनकी देखभाल की।

# बुद्ध की शिक्षाएं दबाव से नहीं, संवाद व नैतिक आचरण से विश्व में फैली

नई दिल्ली, वार्ता



**■ पवित्र पिपरावा अवशेषों की भव्य अंतर्राष्ट्रीय प्रदर्शनी के उद्घाटन के बाद पिथौरा सांस्कृतिक परिसर में बोले प्रधानमंत्री मोदी**

बौद्ध धर्म की शिक्षाएं और उसके विश्वभर में फैलने के संबंध में विचारकों का मानना है कि भगवान बुद्ध की शिक्षाएं बल या दबाव से नहीं बल्कि संवाद और नैतिक आचरण के जरिए विश्व भर में फैलीं हैं और पिपरावा अवशेषों की स्वदेश में जो वापसी हुई है, वह स्वामित्व नहीं बल्कि साझा जिम्मेदारी का प्रतीक है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के शनिवार को यहां पवित्र पिपरावा अवशेषों की भव्य अंतर्राष्ट्रीय प्रदर्शनी के उद्घाटन के बाद पिथौरा सांस्कृतिक परिसर में बौद्ध दर्शन पर आयोजित पैनल चर्चा में शामिल विद्वानों ने पिपरावा अवशेषों की वापसी को सुगम बनाने में मोदी, संस्कृति मंत्रालय और उनके सहयोगियों के समन्वित प्रयासों की सराहना की और कहा कि सांस्कृतिक संरक्षण, वैश्विक सद्भावना, शांति तथा साझा मानवीय मूल्यों के प्रति यह हमारी अटूट प्रतिबद्धता का प्रतीक है। नव नालंदा महाविहार (मानित विश्वविद्यालय) के कुलपति प्रो. सिद्धार्थ सिंह ने अपने अध्यक्षीय भाषण में कहा कि महात्मा बुद्ध की शिक्षाएं बल या दबाव से नहीं, बल्कि संवाद, नैतिक आचरण और व्यक्तिगत उदाहरण के जरिए विश्व भर में फैलीं। बौद्ध धर्म अन्य धर्म-आधारित परंपराओं की तरह धर्म परिवर्तन के बजाय मानव मन की शुद्धि और दुखों के निवारण का प्रयास करता है।

उनका कहना था कि बुद्ध के अवशेष समकालीन अनुयायियों को ऐतिहासिक बुद्ध से जोड़कर जीवंत परंपराओं को बनाए रखते हैं और पिपरावा अवशेषों की स्वदेश वापसी स्वामित्व के बजाय साझा जम्मिेदारी का प्रतीक है। बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर विश्वविद्यालय, लखनऊ के पूर्व रजिस्ट्रार प्रो. नलिन कुमार शास्त्री ने कहा कि पिपरावा अवशेषों की वापसी शांति और एकीकृत राष्ट्रीय विकास के मार्गदर्शक के रूप में बौद्ध दर्शन की नई प्रासंगिकता को दर्शाती है।

उन्होंने कहा कि बौद्ध विचार प्राचीन ज्ञान को नैतिक शासन, पर्यावरण स्थायित्व और मानसिक कल्याण जैसे समकालीन चिंताओं से जोड़ता है और सामाजिक सद्भाव, पर्यावरणीय उत्तरदायित्व तथा वैश्विक कल्याण के लिए धम्म की मातृभूमि के रूप में भारत की भूमिका को पुन: स्थापित करता है। दिल्ली विश्वविद्यालय में दर्शनशास्त्र विभाग के प्रो. बाला गणपति ने कहा कि बौद्ध धर्म की वैश्विक स्वीकृति इसकी दार्शनिक गहराई और नैतिक सार्वभौमिकता में निहित है। पिपरावा अवशेषों को बुद्ध के संद. `श के जीवंत प्रमाण बताते हुए उन्होंने कहा कि बौद्ध दर्शन तेजी से खंडित होती दुनिया में शांति, सहअस्तित्व और नैतिक स्पष्टता के लिए एक व्यावहारिक और मानवीय ढांचा प्रदान करता है। बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर विश्वविद्यालय, लखनऊ के प्रो. आनंद सिंह ने कहा कि बुद्ध और उनके शिष्यों के अवशेष धम्म के प्रतीकात्मक स्वरूप के रूप में कार्य करते हैं, जो महात्मा बुद्ध की जीवंत उपस्थिति और उनकी शिक्षाओं दोनों को समाहित करते हैं। अवशेषों की उपासना से स्तूपों और चैत्यों के माध्यम से बौद्ध धर्म के पवित्र भौगोलिक क्षेत्र के विस्तार में महत्वपूर्ण भूमिका बताते हुए उन्होंने कहा कि असल दार्शनिक मूल्यों से समझौता किए बिना आदिबुद्ध अवधारणाओं और मातृ-देवी प्रतीकों जैसे स्थानीय सांस्कृतिक तत्वों को भी समाहित किया है।

# भाजपा का उमर खालिद शरजील इमाम की जमानत नामंजूर होने पर कांग्रेस पर तंज

नई दिल्ली, वार्ता

भारतीय जनता पार्टी ने सोमवार को उच्चतम न्यायालय द्वारा उमर खालिद और शरजील इमाम की जमानत नामंजूर होने पर कांग्रेस पर तंज कसा है। भाजपा प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि शीर्ष अदालत के निर्णय के बाद से देश के टुकड़े टुकड़े गैंग में दुख का माहौल है। पूनावाला ने कहा कि आज शीर्ष अदालत का एक निर्णय आया है, जिसके बाद देश के टुकड़े-टुकड़े गैंग को बड़ा दुख और दर्द महसूस हो रहा है। उन्होंने कहा कि उमर खालिद और शरजील इमाम के लिए सिर्फ कांग्रेस और उसके इकोसिस्टम से नहीं, बल्कि विदेश से भी बहुत सारे पत्र और संवेदनाएं प्रकट हो रही थी। आज उन दोनों आरोपियों को उच्चतम न्यायालय ने किसी भी प्रकार की राहत देने से इनकार करते हुए उनकी जमानत को नामंजूर कर दिया है। पूनावाला ने कहा कि शीर्ष अदालत ने इसके साथ यह भी कहा कि जिस प्रकार का अपराध उन्होंने किया है, आतंकवाद और दिल्ली को जलाने के जो भी आरोप उन पर लगाए गए हैं, वो प्रथम दृष्टया सही साबित होते हैं।

# एनसीसी प्रशिक्षित आत्मविश्वासी कैडेट विकसित भारत की यात्रा की रीढ़: राधाकृष्णन

नई दिल्ली, वार्ता



उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन ने राष्ट्र निर्माण तथा युवाओं के विकास में राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी) के योगदान की सराहना करते हुए कहा है कि इसमें प्रशिक्षित आत्मविश्वासी और मूल्यों से प्रेरित कैडेट विक. सित भारत की यात्रा की रीढ़ हैं।

राधाकृष्णन ने सोमवार को यहां एनसीसी गणतंत्र दिवस शि. विर में मुख्य अतिथि के रूप में भाग लिया और राष्ट्र निर्माण तथा युवाओं के विकास में संगठन के निरंतर योगदान की सराहना की। कैडेटों को नववर्ष की शुभकामनाएं देते हुए उपराष्ट्रपति ने कहा कि एनसीसी स्थापना के 78 वें वर्ष में विश्व का सबसे बड़ा वर्दीधारी युवा संगठन बन चुका है और अनुशासित, जिम्मेदार और देशभक्त नागरिकों के निर्माण के अपने मूल उद्देश्य को दृढ़ता से निभा रहा है। उन्होंने गणतंत्र दिवस शिविर को भारत के युवाओं में विश्वास और एक सशक्त व एकजुट राष्ट्र के निर्माण के सामूहिक संकल्प का सशक्त प्रतीक बताया। एनसीसी के आदर्श वाक्य 'एकता और अनुशासन' का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि यह संगठन आत्मविश्वासी और मूल्यों से प्रेरित युवाओं को गढ़ रहा है, जो विकसित भारत 2047 की रीढ़ हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व का उल्लेख करते हुए उपराष्ट्रपति ने कहा कि विक. सित भारत की यात्रा आत्मनिर्भर भारत के निर्माण पर आधारित है जिसे कुशल, अनुशासित और सेवा-भाव से प्रेरित युवा शक्ति आगे बढ़ाएगी, और इस दिशा में एनसीसी की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है।

## उप्र में बढ़ते साइबर अपराधों को देखते हुए मुख्यमंत्री ने लिखी पाती

# साइबर ठगी को लेकर जनता को किया जागरूक

शाह टाइम्स ब्यूरो



**■ कहा: मोबाइल, इंटरनेट और कंप्यूटर ने जीवन को आसान तो बनाया है, पर ऑनलाइन अपराध के मामले भी तेजी से बढ़े**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में बढ़ते साइबर अपराधों को देखते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आम जनता से सतर्क और जागरूक रहने की अपील की है। 'योगी की पाती' के माध्यम से मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों को बताया कि मोबा. इल, इंटरनेट और कंप्यूटर ने जीवन को आसान तो बनाया है, लेकिन इसके साथ ही साइबर ठगी और ऑनलाइन अपराध के मामले भी तेजी से बढ़े हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार साइबर अपराधों की रोकथाम के लिए लगातार ठोस कदम उठा रही है। वर्ष 2017 से पहले प्रदेश में केवल दो साइबर क्राइम थाने थे, जबकि अब प्रदेश के सभी 75 जनपदों में साइबर क्राइम थाने कार्यरत हैं। इसके अलावा सभी थानों में साइबर हेल्प डेस्क बनाई गई है, ताकि पीड़ितों को तुरंत सहायता मिल सके। अपने संदेश में मुख्यमंत्री ने 'डिजिटल अरेस्ट' के नाम पर हो रही ठगी को लेकर खास चेतावनी दी। उन्होंने स्पष्ट किया कि देश के किसी भी कानून में डिजिटल अरेस्ट जैसी कोई व्यवस्था नहीं है। पुलिस या कोई सरकारी एजेंसी वीडियो कॉल, व्हाट्सऐप या सोशल मीडिया के जरिए न तो किसी को गिरफ्तार करती है और न ही पैसे की मांग करती है। ऐसे कॉल या मैसेज आने पर लोग तुरंत सतर्क हो जाएं। मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया के इस्तेमाल में भी सावधानी बरतने को कहा। उन्होंने बताया कि सोशल मीडिया पर फोटो, वीडियो या लोकेशन साझा करने से अपराधी आपके बारे में जानकारी जुटा लेते हैं और उसका गलत इस्तेमाल करते हैं। इसलिए किसी के साथ अपनी निजी जानकारी, बैंक डिटेल या ओटीपी साझा न करें।

यदि किसी व्यक्ति के साथ साइबर ठगी हो जाती है, तो घबराने की जरूरत नहीं है। ऐसे में तुरंत साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर शिकायत दर्ज करानी चाहिए। समय पर शिकायत करने से ठगे गए पैसे की वापसी की संभावना बढ़ जाती है। योगी ने लोगों से अपील की कि वे स्वयं जागरूक बनें और अपने परिवार व आसपास के लोगों, खासकर बुजुर्गों को भी साइबर अपराध से बचाव के बारे में जानकारी दें। उन्होंने कहा कि जन-जागरूकता से ही सुरक्षित और साइबर अपराध मुक्त उत्तर प्रदेश बनाया जा सकता है। दूसरी ओर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को राजस्थान के पूर्व राज्यपाल और उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कल्याण सिंह 'बाबूजी' को उनकी जयंती के अवसर पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित की। मुख्यमंत्री ने कहा कि श्रद्धेय बाबूजी का संपूर्ण जीवन सुशासन, विकास, सामाजिक न्याय और राष्ट्रवादी विचारधारा को समर्पित रहा।

### सीएम का कार्यकल प्रदेश को नई दिशा देने वाला रहा

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री के रूप में उनका कार्यकाल प्रदेश को नई दिशा देने वाला रहा, जिसे सदैव स्मरण किया जाएगा। उन्होंने कहा कि बाबूजी ने अपने नाम को उत्तर प्रदेश के 'कल्याण' से जोड़कर जीवन भर उसे सार्थक किया। उन्होंने जनहित, कानून-व्यवस्था और विकास के क्षेत्र में जो मजबूत नींव रखी, वह आज भी प्रदेश की राजनीति और प्रशासन के लिए मार्गदर्शक है। कल्याण सिंह केवल एक कुशल प्रशासक ही नहीं, बल्कि रामभक्ति, दृढ़ संकल्प और राष्ट्र के प्रति अटूट आस्था के प्रतीक थे। कठिन परिस्थितियों में भी उन्होंने अपने सिद्धांतों से समझौता नहीं किया और राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखा। योगी ने कहा कि बाबूजी का जीवन आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणास्रोत है। उनकी सादगी, स्पष्ट सोच और निर्णय क्षमता आज भी जनसेवा से जुड़े लोगों को मार्ग दिखाती है।



**सेंसेक्स** 85762.01
**निफ्टी** 26328.55



**सोना रु.** 134415
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



**चांदी रु.** 234906
प्रति किलो



# शिखर को छूकर फिसला निफ्टी-50 आईटी सेक्टर पर बढ़ा दबाव

नई दिल्ली, वार्ता



आईटी सेक्टर में बिकवाली के दबाव में सोमवार को घरेलू शेयर बाजारों में प्रमुख सूचकांक गिरावट में बंद हुए। दिन भरे चले उतार.चढ़ाव के बीच नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी.50 सूचकांक 26,373.20 अंक के नए रिकॉर्ड स्तर तक पहुंच गया था।

हालांकि बाद में बिकवाली तेज होने से यह 78.25 अंक यानी 0.30 प्रतिशत की गिरावट में 26,250.30 अंक पर बंद हुआ। बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 322.39 अंक (0.38 प्रतिशत) नीचे 85,439. 62 अंक पर बंद हुआ। एनएसई में मझौली कंपनियों के सूचकांकों में भी गिरावट रही, जबकि छोटी कंपनियों में लिवाली का जोर रहा। आईटी, तेल एवं गैस, स्वास्थ्य और फार्मा सेक्टरों के सूचकांकों में गिरावट रही। रियलिटी, टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद, सार्वजनिक बैंकों, एफएमसीजी, धातु, मीडिया, ऑटो और रसायन समूहों के सूचकांक बढ़त में बंद हुए। एचडीएफसी बैंक का शेयर सवा दो प्रतिशत से अधिक टूट गया। इंफोसिस और एचसीएल टेक्नोलॉजीज में दो प्रतिशत की गिरावट रही। बजाज फाइनेंस और टीसीएस के शेयर एक प्रतिशत से ज्यादा गिरे।

रिलायंस इंडस्ट्रीज, इटरनल, टेक महिंद्रा, एनटीपीसी और एलएंडटी के शेयर भी लाल निशान में बंद हुए। बीईएल में ढाई फीसदी से अधिक की तेजी रही। हिंदुस्तान यूनीलिवर, टाटा स्टील और अल्ट्रटेक सीमेंट में डेढ़ प्रतिशत से ज्यादा बढ़त रही। एक्सिस बैंक, एशियन पेंट्स, आईसीआईसीआई बैंक और मारुति सुजुकी के शेयर एक प्रतिशत से अधिक चढ़े। टाइटन, भारतीय स्टेट बैंक और ट्रेंट के शेयरों में भी तेजी रही।

# रिजर्व बैंक ने खरीदी 50,000 करोड़ की सरकारी प्रतिभूतियां

**मुंबई।** रिजर्व बैंक ने सोमवार को खुले बाजार से 50,000 करोड़ रुपये की सरकारी प्रतिभूतियां खरीदीं। केंद्रीय बैंक ने वाणिज्यिक बैंकों के पास नकदी की उपलब्धता बढ़ाने के उपायों के तहत यह खरीद की है। यह चार समान किस्तों में दो लाख करोड़ रुपये की सरकारी प्रतिभूतियों की खरीद के तहत दूसरी किस्त है। रिजर्व बैंक की प्रेस विज्ञप्ति में बताया गया है कि उसने सात तरह की प्रतिभूतियों की खरीद की है, जिनकी मियाद साल 2029 से 2054 तक अलग-अलग समय में पूरी हो रही है। इसमें तीन साल, छह साल, आठ साल, नौ साल, 10 साल, 14 साल और 28 साल की प्रतिभूतियां शामिल हैं। इन प्रतिभूतियों पर 7.09 प्रतिशत से 8.30 प्रतिशत ब्याज दर हैं।

पहली किस्त में 50 हजार करोड़ रुपये की सरक. ारी प्रतिभूतियां 29 जनवरी को खरीदी गई थीं। अगली दो किस्तों के तहत 12 जनवरी और 22 जनवरी को खरीद की जाएगी। दिसम्बर में इससे पहले भी दो किस्तों में केंद्रीय बैंक ने एक लाख करोड़ रुपये की सरकारी प्रतिभूतियों की खरीद की थी।

# चावल, चीनी, दालों में तेजी, गेहूं नरम खाद्य तेलों में रही घट-बढ़



**नई दिल्ली।** घरेलू थोक जिंस बाजारों में सोमवार को चावल के औसत भाव बढ़ गए। चावल के साथ चीनी और दालों में भी तेजी रही जबकि गेहूं में गिरावट का रुख रहा। खाद्य तेलों की कीमतों में उतार-चढ़ाव देखा गया। औसत दर्जे के चावल की औसत कीमत 116 रुपये बढ़कर 3,847 रुपये प्रति क्विटंल पर पहुंच गई। गेहूं 21 रुपये सस्ता हुआ और 2,850 रुपये प्रति क्विटंल के भाव बोला गया।


आटा 19 रुपये टूट गया। दाल-दलहनों में तेजी रही। तुअर दाल औसतन 215 रुपये प्रति क्विटंल महंगी हुई। चना दाल की कीमत 172 रुपये और मसूर दाल की 142 रुपये प्रति क्विटंल बढ़ गई। मूंग दाल 96 रुपये और उड़द दाल 41 रुपये प्रति क्विटंल मजबूत हुई। विदेशों में मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का मार्च वायदा 21 रिंगिट बढ़कर 4012 रिंगिट प्रति टन पर पहुंच गया। मार्च का अमेरिकी सोया तेल वायदा भी 0.32 प्रतिशत की मजबूती के साथ 49.46 डॉलर के भाव बोला गया। स्थानीय बाजारों में मूंगफली तेल की औसत कीमत 132 रुपये बढ़ गई। वनस्पति 126 रुपये और सूरजमुखी तेल 52 रुपये मजबूत हुई। वहीं, पाम ऑयल 53 रुपये और सोया तेल 37 रुपये फिसल गया। सरसों तेल में 20 रुपये प्रति क्विटंल की गिरावट रही। मीठे के बाजार में आज गुड़ के औसत भाव 124 रुपये प्रति क्विटंल बढ़े। चीनी भी 19 रुपये प्रति क्विटंल मजबूत हुई।

सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के दिन के औसत थोक भाव इस प्रकार रहे :.दाल.दलहन: दाल चना 7782.05 रुपये, मसूर काली 8140.47 रुपये, मूंग दाल 10072.13 रुपये, उड़द दाल 10368.49 रुपये, तुअर दाल 10592.10 रुपये प्रति क्विटंल। अनाज : गेहूं दड़ा 2849.62 रुपये और चावल 3847.23 रुपये प्रति क्विटंल। आटा द्धगेहूंऋ 3303.86 रुपये प्रति क्विटंल। चीनी.गुड़ : चीनी एस 4296.96 रुपये और गुड़ 4978.32 रुपये प्रति क्विटंल बोले गए। खाद्य तेल: सरसों तेल 17623. 86 रुपये, मूंगफली तेल 17897.52 रुपये, सूरजमुखी तेल 15844.49 रुपये, सोया तेल 13791.06 रुपये, पाम ऑयल 12449.60 रुपये और वनस्पति 14488.49 रुपये प्रति क्विटंल के स्तर पर रहा।

## प्रथम पृष्ठ का शेष...

**उमर खालिद...** या एकीकृत दृष्टिकोण से परहेज किया गया है। न्यायालय ने कहा कि वह इस बात से संतुष्ट है कि अभियोजन पक्ष की सामग्री अपीलकर्ता उमर खालिद और शरजील इमाम के खिलाफ प्रथम दृष्ट्या आरोप प्रकट करती है। इन अपीलकर्ताओं के मामले में वैधानिक सीमा लागू होती है और कार्यवाही के इस स्तर पर उनकी जमानत पर रिहाई उचित नहीं है। पीठ ने स्पष्ट किया कि हालांकि संवैधानिक न्यायालयों के पास न्यायिक जांच की शक्ति बनी हुई है, पर यह जांच यूएपीए की निर्धारित सीमाओं के भीतर ही संचालित होनी चाहिए। उच्चतम न्यायालय ने देखा कि यूएपीए की धारा 15 के तहत 'आतंकवादी कार्य' की परिभाषा बम या पारंपरिक हथियारों के उपयोग तक सीमित नहीं है। संसद ने राज्य की सुरक्षा को धमकी देने या आतंकवादी हमला करने के इरादे से 'किसी अन्य माध्यम से' किए गए कार्यों को शामिल करने के लिए परिभाषा का विस्तार किया है। इसमें नागरिक जीवन को बाधित करने या सामान्य आर्थिक गतिविधि को पंगु बनाने वाले कार्य भी शामिल हैं। इन सिद्धांतों को लागू करते हुए पीठ ने माना कि उमर खालिद और शरजील इमाम इस मामले में दूसरे आरोपियों से 'अलग स्थिति' में थे। उसने पाया कि इस चरण में रिकॉर्ड पर रखे गए सबूत यूएपीए की धारा 43डी (5) के तहत कानूनी रोक लगाने के लिए काफी थे, जिसने उन्हें जमानत के लिए अयोग्य बना दिया। न्यायालय ने इस बात पर भी जोर दिया कि विशेष कानूनों के तहत आने वाले मामलों में समानता को बिना सोचे-समझे लागू नहीं किया जा सकता। पीठ ने कहा कि जमानत मंजूर करने के लिए हर आरोपी की भूमिका का अलग-अलग आकलन जरूरी है। यह भी कहा कि खास आरोपों की जांच किए बिना सभी आरोपियों के साथ एक जैसा व्यवहार करने से कानूनी ढांचा कमजोर होगा। यह मानते हुए कि संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत व्यक्तिगत स्वतंत्रता का अधिकार सबसे ज्यादा महत्वपूर्ण है और मुकदमे से पहले लंबे समय तक जेल में रखना गंभीर चिता का विषय है, न्यायालय ने कहा कि जहां प्रथम दृष्ट्या अभियोजन सामग्री यूएपीए के तहत अपराध का खुलासा करती है, वहां अदालतें विधाई आदेश को नजरअंदाज नहीं कर सकतीं। इसी के तहत उच्चतम न्यायालय ने उमर खालिद और शरजील इमाम की जमानत याचिकाएं खारिज कर दीं। फैसला 10 दिसम्बर को सुरक्षित रख लिया गया था। सुनवाई के दौरान अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एसवी राजू और सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता अभियोजन पक्ष की ओर से पेश हुए। उन्होंने यह तर्क देते हुए जमानत याचिकाओं का विरोध किया था कि 2020 में उत्तर-पूर्वी दिल्ली में हुई हिंसा सीएए के खिलाफ अचानक हुआ विरोध प्रदर्शन नहीं था, बल्कि अशांति भड़काने की सोची-समझी साजिश का हिस्सा था। उमर खालिद की ओर से पेश हुए वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने तर्क दिया था कि मौजूदा रफ्तार से खालिद बिना मुकदमे के कई सालों तक जेल में रह सकता है। सह-आरा. `पी गुलफिशा फातिमा की ओर से पेश हुए वरिष्ठ अधिवक्ता डा. अभिषेक मनु सिंघवी ने यह कहते हुए दिल्ली पुलिस के एक साथ मिलकर 'सत्ता बदलने' की साजिश के दावे पर सवाल उठाया था कि आरोप पत्र में ये आरोप नहीं हैं। यूएपीए के तहत मामला दर्ज किए गए सभी पांच आरोपियों ने दिल्ली उच्च न्यायालय के नौ सितम्बर के उस आदेश को चुनौती देते हुए विशेष अनुमति याचिकाएं दायर की थीं, जिनमें उन्हें जमानत मंजूर करने से इन्कार कर दिया गया था। उच्च न्यायालय ने उमर खालिद, शरजील इमाम और अन्य की जमानत याचिकाओं को खारिज करते हुए कहा था कि 'विरोध के नाम पर हिंसा स्वतंत्रता की अभिव्यक्ति नहीं है।' यह मामला 2020 में सीएए के विरोध प्रदर्शनों के दौरान उत्तर-पूर्वी दिल्ली में हुई हिंसा से जुड़ा है, जिसके कारण बड़े पैमाने पर पत्थरबाजी, आगजनी और झड़पें हुईं, जिसमें 53 लोग मारे गए और कई अन्य घायल हो गए।

# वेनेजुएला मामले में चुप्पी पर की केंद्र की आलोचना



**■ मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी ने मोदी सरकार को शर्मनाक तथा अमेरिकी समर्थक करार दिया**

**नई दिल्ली।** मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) ने वेनेजुएला घटनाक्रम पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली भारतीय जनता पार्टी सरकार के रुख की सोमवार को आलोचना करते हुए इसे 'शर्मनाक' तथा 'अमेरिकी समर्थक' करार दिया है।

गौरतलब है कि अमेरिका ने वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो और उनकी पत्नी को बंधक बना लिया है और अमे. रिकी सैनिक उन्हें अमेरिका लेकर गए हैं। माकपा ने केंद्र सरकार पर राष्ट्रीय संप्रभुता और अंतर्राष्ट्रीय कानून के प्रति भारत की लंबे समय से चली आ रही प्रतिबद्धता का त्याग करने का आरोप लगाया है। माकपा पोलित ब्यूरो द्वारा जारी एक बयान में सोमवार को कहा गया कि विदेश मंत्रालय की प्रतिक्रिया (जिसमें केवल 'गहरी चिंता' व्यक्त की गई और बातचीत का आह्वान किया गया) भारत के पारंपरिक विदेश नीति सिद्धांतों से बहुत कमतर है। पार्टी ने कहा कि संयुक्त राष्ट्र चार्टर और अंतर्राष्ट्रीय कानून के घोर उल्लंघन के बारे में निंदा का एक भी शब्द नहीं कहा गया है। माकपा ने कहा है कि अमेरिका के कुछ यूरोपीय सहयोगियों ने भी अमेरिकी कार्रवाई की खुले तौर पर आलोचना की है। अमेरिकी अभियान को 'खुला हमला' बताते हुए, वामपंथी पार्टी ने केंद्र सरकार पर एक ऐसा रुख अपनाने का आरोप लगाया ज ा ` 'कायरतापूर्ण और राष्ट्रों की स्वतंत्रता और संप्रभुता की रक्षा के भारत के लंबे समय से चले आ रहे रुख के विप. रीत' है। बयान में कहा गया है, मोदी के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार की प्रतिक्रिया भारत के ब्रिक्स के साझेदारों जैसे ब्राजील और दक्षिण अफ्रीका द्वारा अपनाए गए रुख के बिल्कुल विपरीत है, जिन्होंने अमेरिकी आक्रामकता की स्पष्ट रूप से और दृढ़ता से निंदा की है और राष्ट्रपति मादुरो और उनकी पत्नी की रिहाई की मांग की है।


**कार्यालय, सहायक अभियन्ता (प्रथम) ग्रामीण निर्माण विभाग, उपखण्ड भीमताल ।**

पत्रांक: 200/ग्रा0नि0वि0/निविदा सूचना/2025-26 दिनांक: 05-01-2026

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

महामहिम राज्यपाल महोदय उत्तराखण्ड की ओर से अधोहस्ताक्षरी द्वारा निम्न निर्माण कार्यो की मुहरबन्द निविदा दिनांक 20.01.2026 के अपरान्ह 1.00 बजे तक ग्रामीण निर्माण विभाग, प्रखण्ड कार्यालय नैनीताल स्थित विकास भवन भीमताल में आमंत्रित की जाती हैं। जो उसी दिन अपरान्ह 2:00 बजे उपस्थित निविदादाताओं एवं निविदा समिति के समक्ष अधोहस्ताक्षरी अथवा नामित प्रतिनिधि द्वारा खोली जायेंगी। निविदा प्रपत्रों का विक्रय, दिनांक 19.01.2026 को सांय 04:00 बजे तक ठेकेदार अथवा उनके अधिकृत प्रतिनिधि जिनके हस्ताक्षर ठेकेदार द्वारा प्रमाणित किये गये हों, को निविदा मूल्य लेखाशीर्षक 0515008000100 एवं जी0एस0टी0 की धनराशि (CGST+SGST) जी0एस0टी0 नम्बर 05AAAGE0687E1ZR में ऑनलाईन जमा कर ई-चालान की प्रति प्रस्तुत किये जाने पर प्रखण्ड कार्यालय ग्रामीण निर्माण विभाग, नैनीताल स्थित विकास भवन भीमताल में किया जायेगा।

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | अनुमानित लागत जी0एस0टी0 रहित लाख रू0 | धरोहर धनराशि लाख रू0 | निविदा प्रपत्र का मूल्य + जी0एस0टी0 | कार्य पूर्ण की अवधि | निविदा की वैधता | श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 7 | 8 | 9 |
| | उपखण्ड प्रथम स्तर पर आमंत्रित निविदा | | | | | | |
| 01 | मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी नैनीताल भीमताल कार्यालय में एल्युमिनीयम पार्टीशन कार्य। | 2.30 | 4,600.00 | नि0मू0 रू0 500.00 + GST रू0 90.00 | 02 माह | 30 दिन | श्रेणी 'ई' एवं उच्चतर (भवन निर्माण) |
| 02 | वि0ख0 भीमताल के ओखलढूँगा के तोक डेंगसुरा (सिरोड़ी) में स्थित गोलदेव मंदिर परिसर का पर्यटन की दृष्टि से सौन्दर्यीकरण। | 2.48 | 5,000.00 | नि0मू0 रू0 500.00 + GST रू0 90.00 | 02 माह | 30 दिन | श्रेणी 'ई' एवं उच्चतर (भवन निर्माण) |

नोट:- 1- संबंधित फर्म एवं ठेकेदार को जी0एस0टी0 संबंधी अद्यतन अदेय प्रमाण पत्र (No due certificate) संलग्न करना अनिवार्य होगा, जो क्षेत्राधिकारी कर प्राधिकारी द्वारा जारी किया जायेगा। इस निविदा हेतु GSTR-3B मान्य नहीं होगा।
2- निविदा क्रय करने से पूर्व निविदा की शर्तो की जानकारी प्रखण्ड /उपखण्ड कार्यालय से किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय समय में प्राप्त करना अनिवार्य होगा, निविदा के शर्तो के अनुरूप ही कमेटी द्वारा निविदा स्वीकार की जायेगी।

**सहायक अभियन्ता प्रथम ग्रामीण निर्माण विभाग, उपखण्ड भीमताल।**

# सीएम ने राज्य की प्रस्तावित सड़क परियोजनाओं को लेकर की पैरवी

■ केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं की हुई समीक्षा, बैठक में केन्द्रीय मंत्री ने राज्य की परियोजनाओं पर अधिकारियों को तेजी से कार्य करने के दिए निर्देश



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून/ नई दिल्ली।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने नई दिल्ली स्थित भारत मंडपम में केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी की अध्यक्षता में आयोजित राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं की समीक्षा बैठक में प्रतिभाग किया।

मुख्यमंत्री धामी ने बैठक में ऋषिकेश बाईपास, अल्मोड़ा-दन्या-पनार-घाट मार्ग, ज्योलिकोट-खैरना-गैरसैंण-कर्णप्रयाग मार्ग और अल्मोड़ा-बागेश्वर-काण्डा-उडियारी बैंड मार्ग के निर्माण से संबंधित प्रस्तावों के साथ ही राष्ट्रीय राजमार्ग से संबंधित राज्य के अनेक महत्वपूर्ण मामलों को प्रमुखता से उठाते हुए राज्य के प्रस्तावों को स्वीकृति दिए जाने का अनुरोध किया।

बैठक में राज्य की प्रस्तावित सड़क परियोजनाओं पर हुई चर्चा में बताया गया कि ऋषिकेश बाईपास परियोजना-राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-07 के अंतर्गत तीनपानी से योगनगरी होते हुए खारास्रोत तक 12.67 किमी लंबाई में चार लेन बाईपास का निर्माण प्रस्तावित है। जिसकी अनुमानित लागत 1161.27 करोड़ रुपये है। इस परियोजना के अंतर्गत 4.876 किमी लंबाई में तीन हाथी कॉरिडोर के लिए एलिवेटेड मार्ग, चन्द्रभागा नदी पर 200 मीटर लंबा सेतु तथा रेलवे पोर्टल पर 76 मीटर लंबाई का आरओबी प्रस्तावित है। इसके अतिरिक्त श्यामपुर रेलवे क्रॉसिंग पर 318 करोड़ रुपये की लागत से 76 मीटर लंबाई का आरओबी प्रस्तावित किया गया है। जिससे नेपाली फार्म से ऋषिकेश नटराज चौक तक यातायात निर्बाध हो सकेगा। अल्मोड़ा-दन्या-पनार-घाट मार्ग-राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-309बी के 76 किमी लंबाई वाले हिस्से में 988 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत से दो लेन चौड़ीकरण का प्रस्ताव किया गया है।

ज्योलिकोट-खैरना-गैरसैंण-कर्णप्रयाग मार्ग-राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-109 के अंतर्गत 235 किमी लंबाई में दो लेन चौड़ीकरण का संरेखण प्रस्ताव है। अल्मोड़ा-बागेश्वर-काण्डा-उडियारी बैंड मार्ग-राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-309ए के अंतर्गत पैकेज 1, 2 और 5 में कुल 84.04 किमी लंबाई में 1001.99 करोड़ रुपये की लागत से कार्य प्रस्तावित हैं। काण्डा से बागेश्वर खंड (पैकेज-02) के लिए वनभूमि हस्तांतरण प्रस्ताव पर भारत सरकार की स्वीकृति मिल चुकी है। पर्यावरणीय संवेदनशीलता को ध्यान में रखते हुए राजाजी टाइगर रिजर्व जैसे क्षेत्रों में एलिवेटेड रोड, वाइल्डलाइफ अंडरपास और न्यूनतम भूमि उपयोग जैसे उपाय अपनाए जा रहे हैं, जिससे विकास और प्रकृति के बीच संतुलन बना रहे। सिलक्यारा-पोलगांव सुरंग में सिविल कार्य लगभग 90 प्रतिशत पूरा हो चुका है। इस प्रतिशत सिविल कार्य में सुरंग के बीचों-बीच दीवार निर्माण का काम पांच-छह माह में पूरा कर लिया जाएगा और इसके बाद इलेक्ट्रिकल व मैकेनिकल कार्य शुरू किया जाएगा। मार्च 2027 तक निर्माण कार्य पूरा करने का लक्ष्य है।

बैठक में केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने कहा कि मुख्यमंत्री धामी द्वारा दिए गए प्रस्तावों पर समुचित कार्यवाही की जाएगी । उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि राज्य में गतिमान परियोजनाओं को गुणवत्ता बनाए रखते हुए तेज गति से निर्धारित समय-सीमा के अंतर्गत पूर्ण किया जाए। बैठक में केंद्रीय राज्य मंत्री अजय टम्टा, और हर्ष मल्होत्रा सहित संबंधित विभागों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

## उत्तराखण्ड में सड़क अवसंरचना को विकास की दिशा में उल्लेखनीय कार्य हुए: सीएम

मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखण्ड में सड़क अवसंरचना को विकास की दिशा में उल्लेखनीय कार्य हुए हैं। उत्तराखण्ड की सड़कें केवल तीर्थाटन और पर्यटन को ही नहीं, बल्कि उद्योग, सीमावर्ती सुरक्षा, आपदा प्रबंधन और स्थानीय अर्थव्यवस्था को भी सशक्त बना रही हैं। यह परिवर्तन केवल सड़क निर्माण का नहीं, बल्कि दूरदर्शी नेतृत्व और स्पष्ट विजन का परिणाम है। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन और केंद्रीय मंत्री श्री नितिन गडकरी के सतत प्रयासों से उत्तराखण्ड सुगम, सुरक्षित, आधुनिक और भविष्य उन्मुख सड़क नेटवर्क के साथ विकास पथ पर तेजी से आगे बढ़ रहा है।

## 12,769 करोड़ रुपये की चारधाम महामार्ग परियोजना स्वीकृत की गई

चारधाम यात्रा को सुगम, सुलभ एवं सुरक्षित बनाने के उद्देश्य से राष्ट्रीय राजमार्गों पर 12,769 करोड़ रुपये की चारधाम महामार्ग परियोजना स्वीकृत की गई है। उत्तराखण्ड में कुल 3,723 किलोमीटर का राष्ट्रीय राजमार्ग नेटवर्क राज्य को देश के विभिन्न हिस्सों से जोड़ रहा है। इनमें से लगभग 597 किलोमीटर राष्ट्रीय राजमार्ग एनएचएआई द्वारा डिजाइन एवं क्रियान्वित किए गए हैं, जिनमें से 336 किलोमीटर से अधिक परियोजनाएं पूर्ण हो चुकी हैं। लगभग 193 किलोमीटर सड़कों का निर्माण कार्य प्रगति पर है, जिसकी अनुमानित लागत 15,890 रुपये करोड़ से अधिक है। इन परियोजनाओं के माध्यम से हरिद्वार, ऋषिकेश, देहरादून, रुद्रपुर, काशीपुर, हल्द्वानी और काठगोदाम जैसे धार्मिक, शहरी और औद्योगिक केंद्रों को चौड़ी, सुरक्षित एवं सुगम सड़कों से जोड़ा गया है। काशीपुर-सितारगंज (77 किमी), रुद्रपुर-काठगोदाम (50 किमी) तथा हरिद्वार-नगीना (67 किमी) जैसे चार-लेन कॉरिडोर से औद्योगिक क्षेत्रों, कृषि मंडियों और पर्यटन स्थलों तक पहुंच में उल्लेखनीय सुधार हुआ है।

## गणेशपुर-देहरादून खंड में 30 किमी लंबा छह-लेन एक्सेस कंट्रोल्ड हाईवे किया गया विकसित

दिल्ली-देहरादून कॉरिडोर के अंतर्गत गणेशपुर-देहरादून खंड में लगभग 30 किमी लंबा छह-लेन एक्सेस कंट्रोल्ड हाईवे विकसित किया गया है, जिसमें सुरंग और 18 किमी लंबा एलिवेटेड सेक्शन भी शामिल है। इस परियोजना पर 1,995 करोड़ रुपये से अधिक का निवेश किया गया है। इसके अतिरिक्त देहरादून बाईपास (12 किमी, 716 करोड़ रुपये) और हरिद्वार बाईपास (15 किमी, 1,603 करोड़ रुपये) जैसी परियोजनाओं से शहरी क्षेत्रों में यातायात दबाव में कमी लाने में प्रभावी सिद्ध होंगे। भारत-नेपाल सीमा पर बनबसा आईसीपी कनेक्टिविटी को 4 किमी लंबाई और 366 करोड़ रुपये की लागत से विक. सित किया जा रहा है, जिससे अंतरराष्ट्रीय आवागमन और व्यापार को बढ़ावा मिलेगा। वहीं रुद्र30पुर-काशीपुर बाईपास तथा हरिद्वार से दिल्ली-देहरादून एक्सप्रेसवे उत्तराखण्ड को राष्ट्रीय एक्सप्रेसवे नेटवर्क से सीधे जोड़ रहे हैं।

## सड़क सुरक्षा को दी गई सर्वोच्च प्राथमिकता

सीएम ने कहा कि सड़क सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए राज्य में ब्लैक स्पॉट सुधार, क्रिटिकल जंक्शनों पर एक्सेस कंट्रोल, प्रभावी साइनेज और आधुनिक रोड सेफ्टी उपाय लागू किए जा रहे हैं। पर्वतीय क्षेत्रों में ऑपरेशन और मेंटेनेंस परियोजनाओं के माध्यम से सड़कों को वर्षभर सुरक्षित और सुचारू बनाए रखने की व्यवस्था की गई है। भविष्य की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए मसूरी-देहरादून कनेक्टिविटी , हरिद्वार-हल्द्वानी हाई-स्पीड कॉरिडोर , ऋषिकेश बाईपास , देहरादून रिंग रोड तथा लालकुआं-हल्द्वानी-काठगोदाम बाईपास जैसी परियोजनाएं तैयारी एवं डीपीआर चरण में हैं।

# सेवानिवृत्त राजकीय पेंशनर्स की राज्य निर्माण में भी रही अहम भूमिका : जोशी

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**



**देहरादून।** कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने सोमवार को सेवानिवृत्त राजकीय पेंशनर्स संगठन के छठे प्रान्तीय त्रैवार्षिक महाधिवेशन में मुख्य अतिथि के रूप में प्रतिभाग किया। इस अवसर पर उन्होंने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया। इस दौरान कैबिनेट मंत्री जोशी ने वरिष्ठजनों को सम्मानित भी किया।

देहरादून के धर्मपुर स्थित एक निजी होटल में आयोजित महाधिवेशन को संबोधित करते हुए कैबिनेट मंत्री जोशी ने कहा कि यह अत्यंत हर्ष और गौरव का विषय है कि सेवानिवृत्त राजकीय पेंशनर्स संगठन अपने अस्तित्व के 60 गौरवशाली वर्ष पूर्ण कर रहा है। उन्होंने कहा कि संगठन का षष्ठीपूर्ति (हीरक जयंती वर्ष) इस बात का प्रतीक है कि आयु का पड़ाव संकल्पों को कमजोर नहीं करता, बल्कि अनुभव की यह पूंजी संगठन को और अधिक सशक्त बनाती है। उन्होंने कहा कि सेवानिवृत्त राजकीय पेंशनर्स का राज्य निर्माण में भी अहम भूमिका रही है।कैबिनेट मंत्री जोशी ने कहा कि सेवानिवृत्ति केवल सेवा का अंत नहीं, बल्कि समाज के प्रति नई जिम्मेदारियों की शुरुआत होती है। यह महाधिवेशन केवल आपसी संवाद का मंच नहीं, बल्कि एकता और संगठनात्मक मजबूती का उद्घोष है। इस अवसर पर सेवानिवृत्त राजकीय पेंशनर्स संगठन के पदाधिकारियों ने 14 सूत्रीय मांग पत्र कैबिनेट मंत्री जोशी को सौंपा।कैबिनेट मंत्री जोशी ने संगठन के पदाधिकारियों को आश्वस्त किया कि उनकी सभी मांगों को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी तक पहुंचाया जाएगा। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सिंह कृषाली, प्रदेश संरक्षक आर.एस.परिहार, प्रदेश कोषाध्यक्ष एम. एस.गुसाईं, उपाध्यक्ष कुसुमलता शर्मा, के.डी.शर्मा, गुलशन कुमार, सरदार रोशन सिंह, चंद्र प्रकाश, प्रदेश सचिव जगदीश प्रसाद रतूड़ी, मोहन सिंह रावत, हृदयराम सहित कई लोग उपस्थित रहे।

## एक नजर .......

### बिना सत्यापन किराएदार रखने वाले 11 मकान मालिकों पर भारी जुर्माना

**देहरादून।** प्रेम नगर थाना क्षेत्र में क्षेत्राधिकारी रीना राठौर एवं थाना अध्यक्ष के निर्देशन में दून पुलिस ने बाहरी व्यक्तियों और संदिग्धों की धरपकड़ के लिए जनपद में व्यापक सत्यापन अभियान छेड़ दिया है। सोमवार को थाना डोईवाला और प्रेमनगर क्षेत्र में चलाए गए अभियान के दौरान पुलिस ने नियमों का उल्लंघन करने वालों पर सख्त कार्रवाई की।वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय सिंह के निर्देशानुसार, पुलिस टीमों ने प्रेमनगर के सुद्धोवाला, जेल रोड, एनटीपीसी कॉलोनी और डोईवाला के लालतप्पड़ व कस्बा क्षेत्रों में घर-घर जाकर चेकिंग की। इस दौरान 11 मकान मालिकों द्वारा किराएदारों का पुलिस सत्यापन न कराए जाने पर धारा 83 पुलिस एक्ट के तहत 1 लाख 10 हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया।इसके अतिरिक्त, सड़कों पर संदिग्ध रूप से घूम रहे 22 व्यक्तियों से पूछताछ की गई और संतोषजनक जवाब न मिलने पर धारा 81 पुलिस एक्ट के तहत उनका चालान कर 6,000 रुपये का दंड वसूला गया। पुलिस ने स्पष्ट किया है कि सुरक्षा के मद्देनजर यह अभियान पूरे जिले में लगातार जारी रहेगा।

### मोथरोवाला में स्वयंसेवियों ने सीखे आपदा प्रबंधन के गुर

**देहरादून।** जिलाधिकारी और अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) केके मिश्रा के निर्देशों के अनुपालन में सोमवार को मोथरोवाला में आपदा प्रबंधन जागरूकता एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। लक्ष्मण इंटर कॉलेज द्वारा आयोजित इस एनएसएस शिविर में विद्यार्थियों को आपातकाल. ीन परिस्थितियों से निपटने के लिए तैयार किया गया।भूकंप, बाढ़, भूस्खलन, अग्निकांड और वज्रपात जैसी आपदाओं के दौरान सुरक्षित निकासी और प्राथमिक उपचार के तरीके बताए गए।विशेषज्ञों ने केवल किताबी ज्ञान ही नहीं, बल्कि सैद्धांतिक और व्यवहारिक डेमो के माध्यम से विद्यार्थियों को बताया कि आपदा के समय घबराने के बजाय तत्परता से कैसे काम लिया जाए। कार्यक्रम के अंत में एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी श्री बिपनेश कुक. रेती ने जिला प्रशासन और आपदा प्रबंधन विभाग की टीम का विशेष आभार व्यक्त किया।इस प्रशिक्षण का मूल उद्देश्य युवाओं में आपदा के प्रति जागरूकता और क्षमता का विकास करना है ताकि वे समाज के लिए रक्षक की भूमिका निभा सकें।

# एसटीएफ ने 2025 में करोड़ों की ड्रग्स के साथ 18 इनामी दबोचे

■ नकली दवाओं की फैक्ट्रियां सीज, गैंगस्टर और साइबर ठगों के नेटवर्क को किया ध्वस्त



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** उत्तराखण्ड स्पेशल टास्क फोर्स ने वर्ष 2025 में संगठित अपराध और अपराधियों के खिलाफ अभूतपूर्व सफलता हासिल की है। सोमवार को पुलिस मुख्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान एसटीएफ आईजी नीलेश आनन्द भरणे ने बताया कि बीते एक साल में एसटीएफ ने न केवल 25 साल से फरार इनामी बदमाशों को सलाखों के पीछे भेजा, बल्कि करोड़ों रुपये के ड्रग्स और नकली दवाइयों के रैकेट का भी भंडाफोड़ किया।आईजी भरणे ने बताया कि एसटीएफ ने पिछले एक साल में देश के अलग-अलग राज्यों से 18 इनामी अपराधियों को गिरफ्तार किया। इसमें सबसे बड़ी सफलता चमोली में हत्या के मामले में 25 वर्षों से फरार 2 लाख के इनामी सुरेश शर्मा की गिरफ्तारी रही। इसके अलावा विभिन्न अपराधों में वांछित 26 अन्य अभियुक्त भी पकड़े गए।

## नकली दवाओं और गैंगस्टरों पर शिकंजा

एसटीएफ ने नकली दवाइयों के कारोबार में संलिप्त 12 अपराधियों को गिरफ्तार कर 06 अवैध फैक्ट्रियां सीज कीं। एक मामले में संदिग्ध घ्14 करोड़ के बैंक लेन-देन की भी जांच की जा रही है।कुख्यात चीनू पंडित गैंग के 2 शूटरों और रुड़की के बाल्मीकी गैंग के सदस्यों को गिरफ्तार कर अवैध हथियारों का जखीरा बरामद किया गया।तकनीक के जरिए ठगी करने वाले 9 शातिर साइबर अपराधी भी दबोचे गए।वही तनिष्क शोरूम लूट कांड (घ्3.70 करोड़) का वांछित आरोपी बिहार से गिरफ्तार, भर्ती परीक्षा में पास कराने का झांसा देने वाले हाकम सिंह व पंकज गौड़ को दोबारा गिरफ्त में लिया।पटेलनगर क्षेत्र से 05 बांग्लादेशी नागरिकों का देश निकाला।वन्यजीव तस्करी में लिप्त 06 अभियुक्तों से भालू की पित्त और हाथी दांत बरामद किये।

## नशे के सौदागरों पर 22.86 करोड़ की चोट

एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स ने नशे के खिलाफ बड़े अभियान में 54 तस्करों को गिरफ्तार किया। इनके कब्जे से 17.5 किलो चरस, 14.4 किलो अफीम, 3.7 किलो हेरोइन और 434 किलो गांजा बरामद किया गया। अंत. रराष्ट्रीय बाजार में इस खेप की कीमत 22.86 करोड़ आंकी गई है।

# वायरल वीडियो में महिला भाजपा से संबंधित नहीं : चौहान

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



देहरादून। भाजपा ने सोशल मीडिया पर पार्टी पदाधिकारी के नाम से वायरल एक वीडियो को लेकर स्पष्ट किया कि इसमें नजर आ रही महिला पार्टी से संबंधित नही है। प्रदेश मीडिया प्रभारी मनवीर सिंह चौहान ने कहा कि उक्त संदर्भित महिला, वर्तमान में न तो भाजपा की पदाधिकारी है और न ही सक्रिय सदस्य है। ऐसी किसी भी अश्लील एवं आपत्तिजनक बयानबाजी की पार्टी कड़े शब्दों में निंदा करती है। जिस तरह भ्रम एवं अफवाह का माहौल प्रदेश में विपक्ष द्वारा बनाया जा रहा है, उसका लाभ उठाते हुए, इस तरह के अनधिकृत और अराजक वीडियो डालकर, उन्हें भाजपा से जोड़ने की साजिश की जा रही है। जबकि भाजपा का रुख इस मुद्दे पर पूरी तरह स्पष्ट है कि दुखद अंकिता प्रकरण को लेकर, किसी भी व्यक्ति के पास कोई भी ठोस सबूत या सही जानकारी है तो वे अवश्य जांच एजेंसियों से संपर्क करें। सरकार बड़ी से बड़ी जांच के लिए तैयार हैं। लिहाजा तब तक, किसी भी तरह की अफवाह और अपुष्ट सूचनाओं से सभी लोगों को बचना चाहिए।

# 15 दिनों में प्रत्येक वार्ड पानी की आपूर्ति को सुचारू कराएं अफसर: जोशी

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** प्रदेश के कृषि मंत्री गणेश जोशी ने विधानसभा स्थित कार्यालय कक्ष में अमृत कार्यक्रम के तहत मसूरी क्षेत्र में चल रही पेयजल योजनाओं के सम्बन्ध में समीक्षा बैठक की।

कैबिनेट मंत्री ने कहा कि मसूरी देश का प्रमुख पर्यटक स्थल है, जिसमें लाखों पर्यटक प्रति वर्ष यहां पर्यटन के लिए आवागमन करते हैं। साथ ही मसूरी की आबादी में भी निरंतर वृद्धि हो रही है जिससे मसूरी क्षेत्र के लिए पेयजल संबंधी सुविधाओं का होना नितांत आवश्यक हो जाता है। उन्होंने कहा कि इस बात को दृष्टिगत रखते हुए हाल ही में लगभग 144 करोड़ रूपये की पेयजल योजना बनाई गयी है, जिसके द्वारा 07 एमएलडी पानी को पहुंचाया जा रहा है जबकि इस क्षेत्र में पहले से ही 07 एमएलडी पानी की आपूर्ति की जा रही है। उन्होंने कहा कि फिर भी मसूरी क्षेत्र में पानी की आपूर्ति को लेकर आये दिन अनियमितता की शिकायत आती रहती है, जिसके संबंध में जल निगम तथा जल संस्थान के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की गई है।कैबिनेट मंत्री ने कहा कि जल संस्थान तथा जल निगम के अधिकारियों से मसूरी क्षेत्र में पेयजल की आपूर्ति के संबंध में निर्देशित करते हुए कहा कि आने वाले 15 दिनों के भीतर प्रत्येक वार्डों में सर्वेक्षण करते हुए पानी की आपूर्ति को निर्बाध रूप से सुचारू कराया जाना सुनिश्चित करें।

कैबिनेट मंत्री ने कहा कि मसूरी क्षेत्र के लिए पेयजल आपूर्ति के लिए हाल ही में बीजापुर से पानी मुहैया कराने के लिए लगभग 46 करोड़ रूपये की योजना का टैन्डर किया गया है।

बैठक में चेयरमैन मसूरी नगरपालि. का मीरा सकलानी, अपर सचिव पेयजल अपूर्वा पाण्डे, अपर सचिव सचिव शहरी विकास विभाग संतोष बडोनी तथा पेयजल निगम और जल संस्थान के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# चरस के साथ एक युवक गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**उत्तरकाशी:** कोतवाली मनेरी पुलिस की टीम ने अवैध नशे के विरुद्ध बड़ी कार्रवाई करते हुये एक युवक को 1 किलो से अधिक मात्रा की अवैध चरस के साथ गिरफ्तार किया है ।पुलिस ने युवक के विरुद्ध कोतवाली मनेरी पर एनडीपीएस एक्ट में मुकदमा दर्ज कर दिया है ।

वहीं पुलिस अधीक्षक श्रीमती कमलेश उपाध्याय, पुलिस के इस बड़ी कार्रवाई पर पूरी टीम को 5000 रु0 का पुरस्कार दिया है।बता दें कि अवैध नशे के सौदागरों पर शिकंजा कसने ड्रग्स फ्री देवभूमि मिशन एवं नशा मुक्त अभियान के तहत सभी थाना प्रभारी सहित एस ओजी /।छज्थ की टीमों को लगातार प्रभावी चौकिंग अभियान चलाकर कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये हैं। प्रभारी निरीक्षक मनेरी प्रदीप सिंह तोमर के नेतृत्व में कोतवाली मनेरी पुलिस टीम ने एक सटीक जानकारी जुटाते हुये चौकिंग के दौरान गंगोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग पर सालंग गांव की ओर जाने वाले नवनिर्मित पुल के पास से उपेन्द्र राणा नाम के युवक को अवैध चरस के साथ गिरफ्तार किया गया, युवक के कब्जे से 1 किलो 30 ग्राम चरस बरामद की गयी है। अभियुक्त चरस को गांव के ऊपर जंगलों से स्वयं इकट्ठा कर मुनाफे के लिये बेचने की फिराक में था। गिरफ्तार अभियुक्त-उपेन्द्र राणा निवासी ग्राम सालंग, भटवाड़ी उत्तरकाशी उम्र-30 वर्ष। जबकि चरस की कीमत करीब 2.10 लाख रु0 बताई जा रहा रहीं हैं।पुलिस टीम उ0नि0 निखिल देव चौधरी- चौकी, प्रभारी भटवाडी,कानि0 संदीप भट्ट कानि0 काशीष भट्ट आदि थे।

# 20 हजार का इनामी गिदड़ा बदमाश दबोचा

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**देहरादून।** एसएसपी अजय सिंह के निर्देशों पर अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत रानीपोखरी थाना पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस टीम ने गैंगस्टर एक्ट में लंबे समय से फरार चल रहे 20 हजार रुपये के इनामी बदमाश बिहारी उर्फ गिदड़ा को ऋषिकेश रेलवे स्टेशन के पास से गिरफ्तार किया है। पकड़ा गया अभियुक्त किसी बड़ी वारदात को अंजाम देने की फिराक में था।

एसएसपी देहरादून द्वारा वांछित और इनामी अपराधियों की धरपकड़ के लिए सख्त निर्देश दिए गए थे। थानाध्यक्ष रानीपोखरी, विकेन्द्र चौधरी ने इस चुनौती को स्वीकार करते हुए अपनी टीम और एसओजी के साथ जाल बिछाया। मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया गया और सटीक सूचना पर घेराबंदी कर शातिर अपराधी बिहारी (निवासी लखीमपुर खीरी, उ.प्र.) को दबोच लिया। आरा. ेपी पर एसएसपी द्वारा 20 हजार रुपये का इनाम घोषित था।

एक दर्जन से ज्यादा मुकदमों का श्काला इतिहासपकड़ा गया अभियुक्त कोई मामूली अपराधी नहीं है। उस पर उत्तराखंड और उत्तर प्रदेश के विभिन्न जिलों (देहरादून, कानपुर, शाहजहाँपुर, महोबा, पीलीभीत) में लूट, चोरी, डकैती के प्रयास और गैंगस्टर एक्ट जैसे गंभीर धाराओं में 15 से अधिक मामले दर्ज हैं। वह अपने गिरोह के साथ मिलकर कई राज्यों में आपराधिक घटनाओं को अंजाम देता रहा है।

# वन भूमि पर बसे हजारों परिवारों को उजड़ने का खतरा

■ नेता प्रतिपक्ष ने विशेष सत्र बुलाने की उठाई मांग यशपाल आर्य ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को लिखा पत्र सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद बढ़ी चिंता

शाह टाइम्स प्रमुख संवाददाता

देहरादून। ऋषिकेश के पशुलोक और उससे जुड़े 2866 एकड़ भूमि प्रकरण में उच्चतम न्यायालय के हालिया निर्देशों के बाद उत्तराखंड में वन भूमि पर बसे हजारों परिवारों के सामने उजड़ने का संकट गहराता नजर आ रहा है। इस गंभीर स्थिति को देखते हुए नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को पत्र लिखकर उत्तराखंड विधानसभा का विशेष सत्र आहूत करने की मांग की है।

नेता प्रतिपक्ष ने पत्र में उल्लेख किया कि 22 दिसंबर 2025 को सुप्रीम कोर्ट ने मुख्य सचिव और मुख्य वन संरक्षक को पशुलोक भूमि की जांच के लिए समिति गठित करने के निर्देश दिए हैं। यह भूमि वर्ष 1952 के आसपास महात्मा गांधी की शिष्या मीरा बहन को पशुधन संवर्धन के उद्देश्य से लीज पर दी गई थी। पशुलोक की स्थापना के साथ ही आसपास के क्षेत्रों में आबादी भी बसती चली गई। इसी भूमि पर एम्स ऋषिकेश, आईडीपीएल, पशुलोक जैसे सरक. ारी संस्थान स्थापित हुए और बड़ी संख्या में टिहरी विस्थापितों का पुनर्वास भी किया गया।

यशपाल आर्य ने कहा कि न्यायालय के आदेश के बाद सरकारी जांच समितियों, पुलिस और वन विभाग की सक्रियता से क्षेत्र में दशकों से रह रहे लोगों में भय और तनाव का माहौल है। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड का 65 प्रतिशत से अधिक क्षेत्र वन भूमि है और पर्वतीय जिलों से लेकर भावर, तराई व मैदानी क्षेत्रों तक बड़ी आबादी पीढ़ियों से वनों में या वन भूमि पर निवासरत है।नेता प्रतिपक्ष ने वनाधिकार कानून 2006 का हवाला देते हुए कहा कि देश के कई राज्यों ने इस कानून का प्रभावी उपयोग कर लाखों लोगों को भूमिधरी अधिकार दिए, लेकिन उत्तराखंड में इसका बेहद सीमित प्रयोग हुआ। परिणामस्वरूप वन भूमि पर वर्षों से रह रहे लोगों और यहां तक कि सरकारी विभागों को भी कब्जेदार माना जा रहा है।

पत्र में रामनगर विधानसभा के मालधन चौड़ सहित 31 वन ग्राम, हल्द्वानी का दमुवाढुंगा, नैनीताल का बिंदुखत्ता, गौलापार का बागजाला गांव, पिंडर घाटी, पैठाणी क्षेत्र सहित कई उदाहरण देते हुए बताया गया कि सैकड़ों गांवों के लोगों को बेदखली के नोटिस दिए जा चुके हैं या उन्हें कब्जेदार मानकर हटाया जा रहा है।

यशपाल आर्य ने चेतावनी दी कि सुप्रीम कोर्ट के आदेश की आड़ में वन विभाग द्वारा एकतरफा कार्रवाई से प्रदेशभर में अशांति फैल सकती है, जो कानून व्यवस्था के लिए घातक होगी। उन्होंने कहा कि मनुष्य-वन्यजीव संघर्ष के बाद अब सरकार और जनता के बीच संघर्ष की स्थिति बन रही है।

नेता प्रतिपक्ष ने जोर देते हुए कहा कि वन भूमि पर निवासरत लोगों के अधिकारों, उनकी विवशताओं और वनाधिकार कानून से जुड़े मुद्दों पर व्यापक चर्चा केवल विधानसभा में ही संभव है।

राज्य के प्रत्येक विधायक के क्षेत्र में ऐसे मामले हैं और लोगों को उजड़ने से बचाना राज्य का संवैधानिक दायित्व है।

इसी के मद्देनजर यशपाल आर्य ने मुख्यमंत्री से आग्रह किया है कि प्रदेशभर के हजारों प्रभावित परिवारों के हित में शीघ्र ही उत्तराखंड विधानसभा का विशेष सत्र बुलाया जाए, ताकि किसी वैधानिक और न्यायसंगत समाधान तक पहुंचा जा सके।

# जनता दर्शन: एडीएम के.के. मिश्रा ने सुनीं फरियादें

**शाह टाइम्स संवाददता**

**देहरादून।** कलेक्ट्रेट स्थित ऋषिपर्णा सभागार में सोमवार को आयोजित श्जनता दर्शनश कार्यक्रम में अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) के.के. मिश्रा ने आम जनता की समस्याओं को सुना। जिलाधिकारी के निर्देशों पर आयोजित इस कार्यक्रम में कुल 88 शिकायतें दर्ज की गईं, जिनमें से अधिकांश मामले भूमि विवाद, आपसी रंजिश और व्यक्तिगत समस्याओं से संबंधित रहे। एडीएम मिश्रा ने अधिकारियों को सख्त लहजे में कहा कि शिकायतों का निस्तारण केवल कागजों पर नहीं, बल्कि धरातल पर पारदर्शी और गुणवत्तापूर्ण होना चाहिए।

■ बुजुर्ग माता-पिता को प्रताड़ित करने वाले बेटे पर होगी कार्रवाई

चंदरनगर निवासी एक बुजुर्ग दंपति ने अपने ही बेटे पर मारपीट और मानसिक उत्पीड़न का आरोप लगाया। मामले की गंभीरता को देखते हुए एडीएम के.के. मिश्रा ने एसडीएम सदर को तत्काल श्भरण-पोषण अधिनियमश के तहत वाद दायर कर कार्रवाई के निर्देश दिए। भू-माफियाओं पर नकेल: प्रगति विहार (अजबपुर) और ग्राम चकजोगीवाला में सरक. ारी व खाली भूखंडों पर अवैध कब्जे की शिकायतों पर एडीएम ने नगर निगम, तहसीलदार और एसडीएम ऋषिकेश को तत्काल मौके पर जाकर अतिक्रमण मुक्त कराने को कहा।एडीएम के.के. मिश्रा ने स्पष्ट किया कि शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम पात्र व्यक्ति तक पहुं. चना चाहिए।

उन्होंने अधिकारियों को चेतावनी दी कि शिकायतों के निस्तारण में देरी या लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस अवसर पर एसपी ट्रैफिक लोकजीत सिंह, एसएलओ स्मृति परमार, एसडीएम अपूर्वा सिंह और उप नगर आयुक्त संतोष कुमार सहित जिला प्रशासन के तमाम अधिकारी मौजूद रहे।

# सूदखोर से परेशान महिला ने कराया मुकदमा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**काशीपुर।** सूदखोर के आतंक से परेशान हुई महिला ने एसपी सिटी को तहरीर देकर मदद की गुहार लगाई, जिसके बाद एसपी के आदेश पर आईटीआई थाना पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरु कर दी है।

मोटेश्वर मंदिर के पीछे, ओम विहार कालोनी निवासी नीरजा सिंह पत्नी राजेश कुमार ने एसपी को तहरीर देकर बताया कि वह एक निजी स्कूल की संचालिका हैं और उनके पति राजेश कुमार रुद्रपुर में रहकर प्राईवेट कार्य करते हैं। उन्होंने फरवरी 2020 में अपने परिचित सतपाल सिंह चौहान निवासी आवास विकास, काशीपुर से उधार में 1,00,000 रुपये कुछ समय के लिए देने के लिए कहा। इस पर सतपाल सिंह ने ओमदत्त शर्मा पुत्र तिरखा शर्मा निवासी वैशाली कालोनी, काशीपुर से मिलवा दिया। नीरजा सिंह ने बताया कि 13 फरवरी 2020 को सतपाल सिंह व ओमदत्त शर्मा उनके स्कूल में आये और ओमदत्त शर्मा ने अपने बैंक खाते का 1,00,000 रुपये का चैक उन्हें दे दिया, इसके बदले में उनसे एक ब्लैंक चैक हस्ताक्षर करवाकर ले लिया। बताया कि मार्च 2020 में कोरोना लॉकडाउन के कारण वह ओमदत्त शर्मा का प्रतिमाह ब्याज की धनराशि 5,000 रुपये अदा नहीं कर पाई। कोराना नियमों में ढील मिलने पर उन्होंने ब्याज के 42,000 रुपये कई बार में उक्त ओगदत्त शर्मा को नकद दिये तथा इसके बाद स्कूल से आय प्राप्त होने पर बैंक के माध्यम से वर्ष 2022 में कई बार में 39,000 रुपये और फिर 21,000 रुपये कुल 1,02,000 हजार रुपये ओमदत्त शर्मा को दे दिये।

नीरजा सिंह ने बताया कि इसके बाद जब उन्होंने अक्टूबर 2022 में ओमदत्त शर्मा से अपना हिसाब किताब ब्याज के शेष बचे 40,000 रुपये लाकर अपना मूल ब्लैंक चैक वापस मांगा तो ओमदत्त शर्मा उनसे ब्याज पर ब्याज मिलाकर 5,00,000 रुपये की मांग करने लगा। उसने उनके द्वारा दिये गये ब्लैंक चैक में 5,60,000 रुपये की धनराशि भरकर अपने नाम से उक्त चैक बिजनौर में लगा दिया, बाद में चैक बाउन्स का नोटिस उन्हें 07 जुलाई 2023 को भिजवा दिया और इसके बाद बिजनौर न्यायालय में उनके विरुद्ध चैक बाउन्स का मुकदमा कर दिया। नीरजा ने आरोपियों के खिलाफ कठोर कानूनी कार्यवाही करने की मांग की है। एसपी के आदेश पर आईटीआई थाना पुलिस ने ओमदत्त शर्मा के खिलाफ आईपीसी की धारा 420 के तहत मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच एसआई शंकर सिंह बिष्ट के हवाले की है।

## महाविद्यालय का शासनादेश जारी करने को लेकर प्रदर्शन

**बागेश्वर।** विकासखंड बागेश्वर के काफलीगैर क्षेत्र में महाविद्यालय बनाने को लेकर मुख्यमंत्री द्वारा पूर्व में घोषणा की गई थी। आज तक घोषणा पूरी न होने पर ग्रामीणों में जिला कलेक्ट्रेट में नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया। कहा कि वे महाविद्यालय के लिए करीब 60 नाली भूमि दान कर चुके है, इतना ही नहीं ग्रामीण अपने पैसों से भूमि की रजिस्ट्री महाविद्यालय के नाम करवा चुके हैं। काफलीगैर क्षेत्र से आए ग्रामीणों के शिष्टमंडल ने जनता दरबार में महाविद्यालय खुलवाने के संबध में अपनी समस्या रखी। ग्रामीणों ने कहा कि वे अपने नप भूमि महाविद्यालय के नाम दान कर चुके हैं। उसके बावजूद आज तक क्षेत्र में महाविद्यालय नहीं खुल पाया है। जबकि उक्त महाविद्यालय को खोलने के लिए मुख्यालय मंत्री द्वारा घोषणा भी की गई थी। इस अवसर पर पूर्व क्षेत्र पंचायत सदस्य कमल किशोर सिंह, ग्राम प्रधान छौना खुशहाल सिंह, पूर्व प्रधान राजेंद्र प्रसाद, ग्राम प्रधान मटेना पूजा रौतेला, ठाकुर सिंह आदि मौजूद थे।

# दोषियों को बचा रही सरकार: कांग्रेस

## विधायक मनोज तिवारी के नेतृत्व में विरोध जुलूस निकाला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अल्मोड़ा।** अंकिता हत्याकांड मामले को लेकर कांग्रेस का गुस्सा लगातार बढ़ते जा रहा है। सोमवार को अल्मोड़ा में विधायक मनोज तिवारी के नेतृत्व में सैकड़ों की संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जुलूस निकाल सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया। इस दौरान सांस्कृतिक नगरी अंकिता को न्याय दो के नारों से गूंज उठा। नगर के मालरोड स्थित चौघानपाटा में सैकड़ों की संख्या में कार्यकर्ता एकत्र हुए। जहां से कार्यकर्ताओं ने मालरोड होते मुख्य बाजार तक जुलूस निकाला। इसके बाद गांधी पार्क में हुई जनसभा में विधायक तिवारी ने कहा कि अंकिता भंडारी की हत्या केवल एक परिवार की बेटी की हत्या नहीं, बल्कि पूरे समाज की आत्मा पर हमला है। सरकार इस मामले में सच्चाई को दबाने का प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि जब तक सीबीआई जांच नहीं होती, तब तक पीड़ित परिवार को न्याय नहीं मिल सकता। पूर्व विस अध्यक्ष गोविंद सिंह कुंजवाल ने कहा कि प्रदेश की भाजपा सरकार दोषियों को बचाने का काम कर रही है। जिस तरह से सबूत



मिटाए गए और जांच को कमजोर किया गया, उससे सरकार की मंशा साफ नजर आती है। कांग्रेस पार्टी सड़क से सदन तक इस लड़ाई को लड़ेगी और सीबीआई जांच कराकर ही दम लेगी। जिलाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह भोज ने कहा कि आज अल्मोड़ा की सड़कों पर उमड़ा जनसैलाब यह साबित करता है कि जनता अब झूठे आश्वासनों से बहलने वाली नहीं है। अंकिता को न्याय दिलाना हमारी नैतिक जिम्मेदारी है। जिला कांग्रेस कमेटी इस आंदोलन को और तेज करेगी और जब तक न्याय नहीं मिलेगा, संघर्ष जारी रहेगा। कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष व पूर्व विधायक करन माहरा ने कहा कि सरकार को पता था कि अंकिता हत्याकांड में उनकी ही पार्टी के वीआईपी शामिल हैं। उन्हें बचाने के लिए सरकार ने रिजॉर्ट में बुलडोजर चलाया। ताकि सबूतों को नष्ट किया जा सके। कहा कि अंकिता की परिजन और कांग्रेस शुरू से ही वीआईपी का नाम सार्वजनिक करने की मांग कर रही थी। अब जब सोशल मीडिया में तमाम रिकार्डिंग चल रही हैं तो सरकार को वीआईपी जांच कराने में पीछे नहीं हटना चाहिए। यहां विधायक मनोज तिवारी, पूर्व कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा, पूर्व विस अध्यक्ष गोविंद सिंह कुंजवाल, जिलाध्यक्ष भूपेंद्र भोज, पूर्व पालिक. ाध्यक्ष प्रकाश चन्द्र जोशी, नगर अध्यक्ष तारा चंद्र जोशी, पीतांबर पांडेय, राधा बिष्ट, गीता मेहरा, निजाम कुरैशी, संजय कर्मवाल, बाल विक्रम सिंह, गौरव सतवाल, शोभा जोशी, जानकी पांडेय, चंचल दुर्गापाल, ज्योत्सना पंत, दीपा जोशी, वैभव पांडे, दीपक कुमार, अनूप भारती, सुशील साह, अजीत कार्की, प्रदीप कुमार, ममता जोशी, भावना जोशी, लक्ष्मी देवी, अख्तर हुसैन, वीके पांडेय, पूरन रौतेला, शुभांशु रौतेला, लोकेश सुप्याल, मोहन देवली, राजेंद्र बिष्ट, पंकज वर्मा, जया साह, संजय वाणी, पवन मेहरा, नितिन रावत, पारस गोस्वामी, शशांक तिवारी, फहीम अहमद, संजू सिंह, वकुल साह, अमित बिष्ट, आनंद बिष्ट, हर्षित दुर्गापाल, दीपा साह, शरद साह, देव सिंह भोजक, गोविंद मेहरा, बसंती गैड़ा, भावना वर्मा, शोभा भंडारी, पार्वती भंडारी, जया जोशी, आशा शर्मा, लीला जोशी, आनंदी पांडे, विजया साह, राधा टम्टा, परितोष जोशी, ललित सतवाल, पवन मेहरा, अमित बिष्ट, नरेंद्र बगड़वाल, नितिन रावत, बाल विक्रम, दीपेश कांडपाल, अमन लटवाल आदि मौजूद रहे।

# लमगड़ा भाजपा मंडल ने कांग्रेस का पुतला फूंका

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अल्मोड़ा।** भाजपा लमगड़ा मंडल ने सोमवार को कांग्रेस का पुतला फूंका। इस दौरान कांग्रेस पर अंकिता हत्याकांड मामले में भ्रामकता और झूठ फैलाने का आरोप लगाया। इस मौके पर कार्यकर्ताओं ने कहा कि कांग्रेस पार्टी पूरे प्रदेश में अंकिता भंडारी प्रकरण को लेकर झूठे, भ्रामक व बेबुनियाद आरोप लगाकर जनता को गुमराह करने का कार्य कर रही हैं। उन्होंने कहा कि यह मामला अत्यंत संवेदनशील रहा है, लेकिन इसकी जांच पूरी हो चुकी है और न्यायालय द्वारा दोषियों को सजा भी सुनाई जा चुकी है। इसके बावजूद कांग्रेस द्वारा राजनीतिक स्वार्थ के लिए इस प्रकरण को बार-बार उठाना दुर्भाग्यपूर्ण है। ब्लॉक प्रमुख त्रिलोक रावत ने कहा कि कांग्रेस राजनीतिक लाभ के लिए पुराने और निपट चुके मामलों को अनावश्यक रूप से तूल दे रही है, जबकि भाजपा सरकार ने इस मामले में निष्पक्ष और पारदर्शी कार्रवाई करते हुए न्याय की प्रक्रिया को पूरा किया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस को सड़कों पर भ्रम फैलाने के बजाय न्यायपालिका का सम्मान करना चाहिए। यहां पुतला फूंकने वालों में ज्येष्ठ प्रमुख हरीश बिष्ट, मंडल अध्यक्ष दिनेश पांडे, बालम सिंह कपकोटी, दीवान सिंह बोरा, जगदीश रावत, शंकर बोर, भारत त्याल, देवकी बिष्ट, रमेश कुमार, उमेश रावत, भीम ढैला, हेमंत बगड़वाल, भुवन ढैला समेत कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।



## नगर के तमाम मोहल्लों में गुलदार की बनी है हदशत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अल्मोड़ा।** नगर समेत जिले के ग्रामीण इलाकों में लंबे समय से गुलदार का आतंक बना हुआ है। नगर के तल्ला जोशीखोला में वन विभाग ने गुलदार को पकड़ने के लिए पिंजरा लगाया है। साथ ही टीम नियमित गश्त कर रही है। दरअसल, इन दिनों नगर के तल्ला जोशीखोला वार्ड में आए दिन गुलदार दिखाई देने से लोगों में भय का माहौल बना हुआ है। रिहायशी इलाकों में एकाएक गुलदार दिखाई देने से जहां एक ओर लोग रात के समय कोई बाहर नहीं निकल रहा है। वहीं, स्कूल जाने वाले बच्चों में भी गुलदार का भय बना हुआ है। इधर, अब गुलदार को पकड़ने के लिए वन विभाग ने तल्ला जोशीखोला में गुलदार को पकड़ने के लिए पिंजरा लगा दिया है। साथ ही गश्त कर लोगों को एहतियात बरतने के लिए कहा जा रहा है। हालांकि, गुलदार की चहलकदमी नहीं दिखाई दी। गुलदार का सुराग नहीं लगने लोगों में डर का माहौल है। नगर के तल्ला जोशीखोला, सिमकनी, खत्याड़ी, रानीधारा, दुगालखोला समेत कई इलाकों में गुलदार का खौफ बना हुआ है। स्थिति यह है, कि मोहल्ले वासी पांच-छह बजे ही घरों के भीतर चले जा रहे है। रात के समय कोई भी लोग बाहर नहीं निकल रहा है। वहीं, स्कूल जाने वाले बच्चों में भी गुलदार का भय बना हुआ है। वन क्षेत्राधिकारी अल्मोड़ा मोहन राम ने बताया कि गुलदार को पकड़ने लिए प्रभावित क्षेत्र में पिंजरा लगाया गया है। वहीं, विभागीय कर्मचारी लगातार क्षेत्र में गश्त कर रहे हैं।

## एक नजर

### गुलदार के शावक का शव मिला

**बागेश्वर।** सोमवार तड़के नदीगांव में एक गुलदार के शावक का शव मिला, जिससे क्षेत्र में हलचल मच गई। वन विभाग को सूचना मिलने पर वन कर्मी मौके पर पहुंचे और शव को कब्जे में लेकर रेंज कार्यालय भेज दिया। शावक के शरीर पर कोई चोट के निशान नहीं पाए गए और विभाग का अनुमान है कि शावक की मौत मां से बिछड़ने और ठंड की वजह से हुई हो सकती है। मृत शावक लगभग चार महीने का था। पोस्टमार्टम के बाद मौत का सही कारण स्पष्ट होगा। विभाग ने आसपास के जंगलों और ग्रामीण क्षेत्रों में निगरानी बढ़ा दी है, क्योंकि शावक की मां क्षेत्र में आ सकती है।

### विधायक गढ़िया ने मुख्य सचिव से की मुलाकात

**बागेश्वर।** कपकोट के विधायक सुरेश गढ़िया ने देहरादून में मुख्य सचिव आनंद वर्धन से शिष्टाचार भेंट की और क्षेत्र के विकास से जुड़े लंबित प्रस्तावों पर चर्चा की। विधायक गढ़िया ने राजकीय नर्सिंग कालेज भवन निर्माण, कपकोट उप जिला चिकित्सालय भवन, विद्युत लाइनों के सुधारीकरण, सरयू घाटी में सब स्टेशन और घाट निर्माण जैसे प्रमुख विकास कार्यों के शीघ्र क्रियान्वयन की बात की। मुख्य सचिव आनंद वर्धन ने इन प्रस्तावों को प्राथमिकता के आधार पर आगे बढ़ाने का आश्वासन दिया। विधायक गढ़िया ने कहा कि कपकोट विधानसभा क्षेत्र को आदर्श और विकसित बनाने के लिए उनका संकल्प दृढ़ है।

### ताइक्वांडो प्रतियोगिता का उद्घाटन

**बागेश्वर।** जिला ताइक्वांडो और पारा ताइक्वांडो एसोसिएशन द्वारा आयोजित दो दिवसीय राज्यस्तरीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता का सोमवार को विधायक पार्वती दास और जिला पंचायत अध्यक्ष शोभा आर्या ने दीप जलाकर उद्घाटन किया। इस अवसर पर दोनों ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उनका उत्साह बढ़ाया। विधायक पार्वती दास ने ताइक्वांडो को जनपद की पहचान बताते हुए कहा कि यहां के खिलाड़ी हर साल राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर शानदार प्रदर्शन करते हैं। जिला पंचायत अध्यक्ष शोभा आर्या ने भी क्षेत्र के युवाओं की मेहनत और प्रशिक्षकों के प्रयासों की सराहना की। प्रतियोगिता में प्रदेशभर से 200 से अधिक खिलाड़ी भाग ले रहे हैं, जो सब जूनियर, कैडेट, जूनियर और सीनियर वर्ग में प्रतिस्पर्धा कर रहे हैं। बागेश्वर के कार्तिक ने अंडर-25 किलो भार में गोल्ड जीता, जबकि निहारिका चौधरी और साक्षी ने सब जूनियर गर्ल्स वर्ग में पदक जीते। जूनियर वर्ग में बागेश्वर के प्रियांशु कार्की ने भी गोल्ड अपने नाम किया। प्रतियोगिता में अनुभवी रेफरी और निर्णायक तैनात किए गए थे, और खिलाड़ियों में जबरदस्त उत्साह था। इस मौके पर उपाध्यक्ष आनंद सिंह बोरा, प्रदीप जोशी, मयंक दीक्षित, और अन्य प्रमुख लोग मौजूद रहे।

### विधानसभा स्तरीय खेल महाकुंभ का समापन

**बागेश्वर।** सोमवार को विधानसभा स्तरीय खेल महाकुंभ 2025 का समापन पुरस्कार वितरण के साथ हुआ। विधायक पार्वती दास ने मुख्य अतिथि के रूप में कार्यक्रम में भाग लिया, जबकि डा. कमल किशोर जोशी और नरेन्द्र खेतवाल ने विशिष्ट अतिथि के तौर पर खिलाड़ियों को पुरस्कार वितरित किए। अंडर-19 बालक कबड्डी प्रतियोगिता में रवाईखाल न्याय पंचायत ने पहला, चौरा न्याय पंचायत ने दूसरा और बोहाला न्याय पंचायत ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। बालिका वर्ग में फ्लांटी न्याय पंचायत ने पहला, बोहाला ने दूसरा और बैजनाथ ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। अंडर-14 खो-खो प्रतियोगिता में बालक वर्ग में फ्लांटी न्याय पंचायत ने पहला स्थान, बालिका वर्ग में भी फ्लांटी ने पहला स्थान हासिल किया। चार दिवसीय इस खेल महाकुंभ में फ्लांटी न्याय पंचायत ने सबसे अधिक 80 अंक प्राप्त किए और विधायक चौम्पियनशिप ट्राफी तथा एक लाख रुपये की धनराशि से सम्मानित की गई। कार्यक्रम में जिला युवा कल्याण अधिकारी अर्जुन सिंह रावत, खंड विकास अधिकारी आलोक भंडारी, अन्य गणमान्य व्यक्ति और खेल प्रशिक्षक भी मौजूद रहे। समारोह का संचालन अजय चन्दोला ने किया।

### कलक्ट्रेट सभागार में जनता दरबार

**बागेश्वर।** सोमवार को अपर जिलाधिकारी नारायण सिंह नबियाल की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जनता दरबार का आयोजन किया गया। इसमें आमजन से 12 शिकायतें प्राप्त हुई, जिनमें मोटर मार्ग निर्माण, सड़क सुधार, झूलते विद्युत तारों की समस्या, और अतिवृष्टि से क्षतिग्रस्त आवास की धनराशि न मिलने जैसी समस्याएं शामिल थीं। अधिकतर शिकायतों का मौके पर ही समाधान कर दिया गया। अपर जिलाधिकारी ने सभी विभागीय अधिकारियों को समय पर निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इसके अलावा, सीएम हेल्पलाइन और हेलो बागेश्वर पर प्राप्त शिकायतों की भी समीक्षा की गई, और उनके निस्तारण पर विशेष ध्यान देने की बात की गई। जनता दरबार में उप जिलाधिकारी प्रियंका रानी और अन्य जिला स्तरीय अधिकारी भी उपस्थित थे।

### सर्किट हाउस ने जीता उद्घाटन मुकाबला

**अल्मोड़ा।** विकासखंड हवालबाग के ग्राम पंचायत माल में स्व. शेरदा अनपढ़ मेमोरियल क्रिकेट प्रतियोगिता का आगाज हो गया है। सोमवार को सर्किट हाउस और खत्याड़ी इलेवन के मध्य उद्घाटन मुकाबला खेला गया। जिसमें सर्किट हाउस की टीम ने शानदार जीत दर्ज की। प्रतियोगिता का शुभारंभ मुख्य अतिथि दर्जा राज्य मंत्री गंगा बिष्ट ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। इसके बाद खत्याड़ी इलेवन और सर्किट हाउस की टीम के बीच मुकाबला खेला गया। शानदार मुकाबले में सर्किट हाउस की टीम ने जीत दर्ज कर उद्घाटन मुकाबला अपने नाम किया। इस मौके पर यहां आयोजक राहुल अधिकारी, मोहित बिष्ट, हर्षित, अंकित, सुंदर बिष्ट, महेंद्र सिंह, शिवराज अधिकारी, डा. गिरीश अधिकारी, पूरन सिंह, कमल बिष्ट, मोहन अधिकारी, रतन सिंह, मोहन सिंह, किशन सिंह, गोपाल सिंह, गिरधर सिंह, राजेंद्र सिंह, दलीप सिंह, दीवान सिंह, गंगा आर्या, सुरेंद्र समेत कई खेल प्रेमी मौजूद रहे। इधर, ग्राम पंचायत में हंस फाउडेशन की ओर से एक स्वास्थ्य शिविर में आयोजित किया गया। जिसमें ग्रामीणों का स्वास्थ्य जांच कर निशुल्क दवाईयों का वितरण किया गया।

### स्वयं सेवकों ने मतदाता जागरूकता रैली निकाली

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**काशीपुर।** उदयराज हिंदू इंटर कालेज की राष्ट्रीय सेवा योजना शाखा इकाई के तत्वावधान में चल रहे विशेष शिविर के पांचवें दिन स्वयं सेवकों ने मौ कटोराताल, कानून गोयान लाहौरियान डाक्टर लाइन समेत वार्ड 31 में मतदाता जागरूकता रैली निकाली। साथ ही चुनाव आयोग द्वारा जारी एसआईआर के बारे में भी जानकारी दी। वहीं बौद्धिक सत्र के दौरान जीव विज्ञान प्रवक्ता कौशलेश गुप्ता ने पर्यावरणीय प्रदूषण और उसका जन जीवन पर पड़ने वाले दुष्प्रभावों को समझाते हुए कहा कि जहां एक ओर विज्ञान और प्रौद्योगिकी से विकास की गति और लोगों का जीवन सुखद हुआ है, वहीं प्राकृतिक दोहन में भी आशातीत वृद्धि हुई है। तेजी से बढ़ते शहरीकरण, औधोगीकरण तथा वनों के उन्मूलन से वन्य जीव जन्तु की अनेकों प्रजातियां प्रभावित हुई हैं। साथ ही पर्यावरणीय प्रदूषण को भी बढ़ावा मिला है। आज ऐसी तकनीकी की आवश्यकता है, जिससे पर्यावरण और विकास दोनों में सामंजस्य बना रहे। इस अवसर पर कार्यक्रम अधिक. ारी दीपक शर्मा, दिनेश चंद्र गोस्वामी, शुभम लोहनी, आसवीर सिंह, कैलाश चंद्र दिवाकर, सुरेश कुमार समेत अतिथि मौजूद रहे।

# सरकारी अस्पताल में सुविधाओं का अभाव

**शाकिर हुसैन**

**कालाढूंगी।** कालाढूंगी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में एक्सरे मशीन पिछले पांच दिनों से सो पीस बनी हुई है जिससे अस्पताल में पहुंचने वाले मरीजों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है साथ ही निजी अस्पतालों का रुख करना पड़ रहा जिससे गरीब मरीजों को आर्थिक तंगी से भी गुजरना पड़ रहा है। सोमवार को भी कई मरीज एक्सरे ना होने के कारण मायूस होकर बेरंग लौटना पड़ा। वही पिछले कई महीनों से रक्त जांचे भी नहीं हो पा रही है ना बलगम की जांच हो पा रही है इस संबंध में जब चिकित्सा अधीक्षक डक्र मदन बनौला से मालूम किया गया तो उन्होंने बताया एक्सरे प्लेट खत्म हो गई जिस कारण एक्सरे नहीं हो पा रहे




प्लेट की मांग की गई है शीघ्र एक्सरे सुचारू हो जाएंगे वहीं लैब टेक्निशन का ना होने के कारण लैब से संबंधित कार्य भी नहीं हो पा रहे है जिसकी सूचना उच्चाधिकारियों को दे दी गई है।इस संबंध में जब जिला चिकित्सा अधिकारी हरीश पंत से संपर्क करने का प्रयास किया गया तो ोन रिसीव नहीं किया गया सोचने वाली बात है एक ओर तो सरकार द्वारा सरकारी अस्पतालों में सुविधाएं देने का दावा किया जा रहा है वहीं कालाढूंगी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में सुविधाओं के नाम पर मरीजों को निराशा मिल रही है और यहां आने वाले सैकड़ों मरीज मायूस होकर लौट रहे ओर मजबूरन छोटी छोटी जांचों के लिए भी मरीजों को हल्द्वानी, रामनगर बाजपुर कोटाबाग जाना पड़ रहा ऐसे में गरीब बेसहारा लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

# चंदन अस्पताल प्रबंधन के खिलाफ हो कठोर कार्रवाई

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** नगर स्थित चंदन हॉस्पिटल में इलाज के दौरान एक पहाड़ की महिला की मौत के बाद अस्पताल प्रबंधन पर गंभीर आरोप लगाए गए हैं। घटना के अनुसार, मृतक महिला के परिवार को अस्पताल ने 80 हजार रुपये का बिल थमा दिया। आर्थिक रूप से कमजोर परिवार द्वारा बिल का भुगतान नहीं करने पर अस्पताल और स्टाफ ने महिला का शव सौंपने से इनकार कर दिया। समाजसेवी विशाल वर्मा ने बताया कि हल्द्वानी के अधिकांश अस्पताल मरीजों से भारी शुल्क वसूलने का केंद्र बन गए हैं। उन्होंने कहा कि इलाज के नाम पर मरीजों के साथ मनमानी की जा रही है और ऐसे अस्पतालों पर कड़ी कार्रवाई की जानी चाहिए। परिवार ने किसी तरह 50-60 हजार रुपये का इंतजाम किया, लेकिन तब भी अस्पताल प्रबंधन ने शव सौंपने में विलंब किया। बढ़ते हंगामे के बाद अस्पताल ने अंततः शव परिजनों को सौंपा। समाजसेवी विशाल वर्मा और पूर्व पार्षद प्रत्याशी अंजलि वर्मा ने कुमाऊँ कमिश्नर दीपक रावत, जिलाधिकारी ललित मोहन रयाल और एसएसपी डा. मंजुनाथ टीसी से चंदन हॉस्पिटल प्रबंधन पर कठोर कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने चेता. वनी दी है कि यदि उचित कार्रवाई नहीं हुई तो हॉस्पिटल के बाहर धरना दिया जाएगा।



## भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष बने बलकार

**काशीपुर।** क्षेत्र के प्रगतिशील किसान सरदार बलकार सिंह को भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा का प्रदेश उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। नई जिम्मेदारी संभालते हुए सरदार बलकार सिंह ने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार और उत्तराखंड की धामी सरकार की कल्याणकारी योजनाओं को अंतिम छोर पर बैठे किसानों तक पहुंचाना उनका मुख्य लक्ष्य है। पार्टी नेतृत्व का आभार जताते हुए सरदार बलकार सिंह ने कहा कि वे किसानों के हितों की रक्षा के लिए हमेशा तत्पर रहेंगे। उनकी नियुक्ति पर नगर निगम महापौर दीपक बाली, विधायक त्रिलोक सिंह चीमा, पूर्व विधायक हरभजन सिंह चीमा, भाजपा प्रदेश प्रवक्ता गुरविंदर सिंह चंडोक, भाजपा जिलाध्यक्ष मनोज पाल समेत भाजपा से जुड़े ग्राम प्रधानों, पार्षदों ने बधाई दी है।

# प्रकाश पर्व पर नगर कीर्तन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**काशीपुर।** सिक्खों के दसवें गुरू श्री गुरू गोविन्द सिंह जी के प्रकाश पर्व पर आज विशाल नगर कीर्तन निक. ाला गया, जिसमें फूलों से सजी पालकी आकर्षण का मुख्य केन्द्र रही। मौहल्ला पक्काकोट स्थित गुरूद्वारा श्री ननकाना साहिब से बाबा सुरेन्द्र सिंह दिल्ली वालों की अगुवाई में निकाला गया विशाल नगर कीर्तन काली मंदिर रोड से गंगे बाबा मंदिर चौक, किला तिराहा, मुख्य बाजार, एमपी चौक, चीमा चौराहा से होते वापस गुरूद्वारा श्री ननकाना साहिब पहुंचा। इससे पूर्व रास्ते में जगह-जगह विभिन्न संस्थानों द्वारा नगर कीर्तन का जोरदार स्वागत किया। एमपी चौक पर सरोपा भेंट कर प्रबुद्धजनों का स्वागत किया गया। सुरक्षात्मक दृष्टि से पुलिस महकमा पूरी तरह मुस्तैद नजर आया। नगर कीर्तन में महापौर दीपक बाली, विधायक त्रिलोक सिंह चीमा, पूर्व महापौर ऊषा चौधरी, आशीष गुप्ता, जसपाल चड्डा, दिलप्रीत सिंह सेठी, गुरविंदर सिंह चण्डोक, सुरुचि सक्सेना, चरनजीत सिंह आनन्द, जगमोहन सिंह बंटी, पूर्व ब्लॉक प्रमुख गुरमुख सिंह, अर्पित मेहरोत्रा, प्रधान महेंद्र सिंह, जगरूप सिंह, ब्लॉक प्रमुख, तरसेम सिंह, ज्येष्ठ ब्लॉक प्रमुख जोगिंदर सिंह चेयरमैन, राजू सेठी सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालुजन शामिल रहे। उधर महानगर कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में महाराणा प्रताप चौक पर नगर कीर्तन का कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने भव्य स्वागत किया। इस दौरान अनुपम शर्मा, अलका पाल, मुशर्रफ हुसैन, जितेंद्र सरस्वती आदि दर्जनों कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



# तीन गांजा तस्कर गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अल्मोड़ा।** ड्रग्स फ्री देवभूमि मिशन के तहत पुलिस का जिलेभर में चेकिंग अभियान जारी है। चेकिंग के दौरान सल्ट पुलिस ने नैल तिराहा के पास तीन तस्करों को गांजे के साथ दबोच लिया। आरोपियों के कब्जे से वाहन में रखा 51.950 किलो गांजा बरामद किया।

पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की है। वहीं, एसएसपी ने पुलिस टीम को पांच हजार रुपये नगद इनाम देने की घोषणा की। पुलिस से मिली जानकारी अनुसार सल्ट पुलिस और एसओजी की संयुक्त टीम ने क्षेत्र में चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान नैल तिराहा के पास चेकिंग के दौरान कार संख्या एचआर 38 एबी 9680 को रोका। पुलिस ने वाहन की तलाशी ली तो वाहन में 51.950 किलो गांजा बरामद हुई। मौके पर पुलिस ने आरा. ेपी विशाल सिंह पुत्र चंद्रभान सिंह, अनस पुत्र स्व. अतीक हुसैन और हासिम पुत्र स्व. खलील अहमद, तीनों निवासी निवासी रामनगर जिला नैनीताल के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तार किया। पुलिस ने बताया कि बरामद गांजे की कीमत 13 लाख रुपये से अधिक आंकी गई। टीम में एएसआई लखविन्दर सिंह, जयप्रकाश सिंह, हेड कांस्टेबल राज. कुमार, अवधेश कुमार, कांस्टेबल गणेश पाण्डेय शामिल रहे। सल्ट थानाध्यक्ष कश्मीर सिंह ने बताया कि आरोपियों ने पूछताछ में बताया कि व लोग गांजा सराईखेत से खरीदकर रामनगर ले जा रहे थे। जिसे वहां युवाओं को ऊंचे दामों में बेचकर मुनाफा कमाने का इरादा था। चेकिंग के दौरान गिरफ्त में आया।

# रजत जयंती पार्क का शिलान्यास

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**काशीपुर।** काशीपुर को साफ स्वच्छ सुंदर और स्वस्थ बनाने की दिशा में विकास का एक ओर कदम बढ़ाते हुए महापौर दीपक बाली ने आज यहां मुख्य नगर आयुक्त रविंद्र कुमार बिष्ट के साथ एलडी भट्ट राजकीय चिकित्सालय के बाहर देवभूमि रजत जयंती पार्क का शिलान्यास किया। यह पार्क एक करोड़ 14 लाख रुपए की लागत से बनकर तैयार होगा। शिलान्यास स्थल पर महापौर दीपक बाली का विभिन्न पार्षदों, पार्टी पदा. धिकारियों कार्यकर्ताओं नगर निगम अधिकारियों कर्मचारियों और गणमान्य लोगों ने फूल मालाएं पहनाकर स्वागत किया। महापौर ने कहा कि मुख्यमंत्री धामी के लगातार मिल रहे आशीर्वाद के चलते काशीपुर आए दिन विकास के मार्ग पर अग्रसर है और काशीपुर को सुंदर बनाने की दिशा मे मुख्यमंत्री का विशेष आशीर्वाद है। इस अवसर पर पीसीयू चेयरमैन राम मेहरोत्रा, ईश्वर चंद्र गुप्ता, सहायक नगर आयुक्त विनोद लाल शाह, पार्षद शाह आलम, बीना नेगी, दीपा पाठक, सीमा सागर, हनीफ गुड्डू, सतीश कुमार, वैशाली गुप्ता, अनीता कांबोज, प्रकाश नेगी, मुकेश चावला, मयंक मेहता, शरीफ अहमद, अब्दुल कादिर, मंडल अध्यक्ष अर्जुन सिंह, चौधरी समरपाल सिंह, प्रियंका अग्रवाल, विवेक शुक्ला, राहुल कश्यप, मनोज जग्गा, सीके शर्मा, मनदीप सिंह ढिल्लों, राजीव अरोड़ा बच्चू, अवर अभियंता राजू, जेई अभिषेक सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे। बाद में महापौर ने नगर निगम गेट पर पार्षदों के साथ नगर कीर्तन का स्वागत किया।



# जीएसटी चोरी का सामान ढो रही निजी बसें

## परिवहन अधिकारी से कार्यवाही की मांग

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** नैशनल ह्यूमन राइट्स एंड एंटी करप्शन फोर्स के प्रदेश महासचिव शत्रुघन पांडे 'डिंपल' ने क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन) से उत्तराखंड में अन्य राज्यों से संचालित निजी बसों द्वारा जीएसटी चोरी के उद्देश्य से अवैध माल ढोने की शिकायत की है। श्री पांडे ने अपने पत्र में कहा कि दिल्ली सहित अन्य राज्यों से हल्द्वानी की ओर संचालित ब्लू बर्ड और अन्य निजी बसों के माध्यम से भारी मात्रा में जीएसटी चोरी का सामान अवैध रूप से लाया जा रहा है। यह सामान हल्द्वानी के गौलापार हाईवे (टाटा मोटर्स के निकट), मंडी बाईपास, रोडवेज बस अड्डे के समीप गांधी स्कूल बाईपास और अन्य स्थानों पर उतारा जाता है। उन्होंने कहा कि इन बसों का उपयोग केवल यात्रियों के परिवहन के लिए किया जाना चाहिए, लेकिन इन बसों के माध्यम से जीएसटी चोरी का माल ढोने का कार्य किया जा रहा है। इसके परिणामस्वरूप, भारी मात्रा में अवैध माल का परिवहन हो रहा है, जिससे राज्य सरकार को भारी राजस्व की हानि हो रही है। शत्रुघन पांडे ने यह भी कहा कि यह स्थिति संबंधित विभाग की लापरवाही और संभावित मिलीभगत को दर्शाती है, जिससे आरटीओ विभाग की कार्यप्रणाली पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। उन्होंने मांग की कि निजी बसों की नियमित और सघन जांच कराई जाए। जीएसटी चोरी और अवैध माल परिवहन में संलिप्त बस संचालकों के खिलाफ कार्यवाही की जाए।

# न्याय दिलाओ यात्रा निकालेगी कांग्रेस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागेश्वर।** राष्ट्रीय कांग्रेस पार्टी के जिलाध्यक्ष अर्जुन भट्ट की अध्यक्षता में सोमवार को पिंडारी रोड़ स्थित पार्टी कार्यालय में एक बैठक आहूत की गई। बैठक में कांग्रेस द्वारा आगामी दिनों में आयोजित किए जाने वाले कार्यक्रमों की रूप रेखा तय की गई। जिलाध्यक्ष भट्ट ने बताया कि 7 जनवरी को कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष व कांग्रेस सीडब्ल्यूसी मेंबर करन मेहरा अपने दो दिवसीय जनपद भ्रमण पर रहेंगे। यहां 7 जनवरी को कांग्रेस गरुड़ व बागेश्वर में उत्तराखंड की बेटी अंकिता भंडारी को न्याय दिलाने के लिए न्याय यात्रा निक. ालेगी, यात्रा स्टेशन गांधी चबूरे से प्रारंभ होकर पूरे नगर में भ्रमण करेगी। सभा का समापन नुमाइश खेत मैदान के पास गांधी स्मारक में होगा। वही 8 जनवरी को कपकोट विधान सभा क्षेत्र में न्याय यात्रा निकाली जाएगी। यात्रा कपकोट ब्लाक कार्यालय से शुरू होकर क्षेत्र में भ्रमण करेगी। बैठक में तय किया गया कि मकर संक्रांति उत्तरायणी मेले के पर्व पर कुलीबेगार आंदोलन के प्रतीकात्मक रैली निक. ाली जाएगी। जिसके बाद सरयू बगड़ में लगने वाले राजनीतिक पंडाल में नेताओं के अभिभाषण एवं लोगो से अंकिता भंडारी केश में सीबीआई जांच के लिए एकमत होकर आगे आने सहित अन्य चर्चाएं होंगी। दो दिवसीय कार्यक्रम एवं मेले में लगने वाले राजनीतिक पंडाल को सफल बनाने के लिए सभी कार्यकर्ताओं से विचार विमर्श एवं मंथन किया गया। इस मौके पर पूर्व विधायक ललित फर्स्वाण, महिला जिलाध्यक्ष गोपा धपोला, बसंत कुमार, हरीश ऐठानी, पूर्व जिलाध्यक्ष भगत डसीला, लो. कमणि पाठक, राजेंद्र परिहार, सुरेश गढ़िया, बलवंत राम, सुंदर गढ़िया, बालकृष्ण, विनोद पाठक, नवीन शाह सहित दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद थे।



# भाजपा पार्षद ने युवक को गोली मारी, मौत

## डहरिया इलाके में आधी रात वारदात, दोस्त के साथ भाजपा नेता के घर पहुंचा गया था स्कूटी सवार युवक


मृतक नितिन का फाइल फोटो



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** हमेशा से ही विवादों से घिरे रहले वाले वार्ड-55 के भाजपा पार्षद अमित बिष्ट उर्फ चिंटू ने बीते रविवार की रात एक बड़ी वारदात को अंजाम देते हुए एक युवक को गोली मारकर उसकी हत्या कर दी। इस वारदात के दौरान मृतक युवक के साथ मौजूद दूसरे दोस्त ने बमुश्किल भागकर अपनी जान बचाई। घायल युवक को उपचार के लिए आनन फानन में उपचार के लिए सुशीला तिवारी अस्पताल लाया गया जहां पर चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सोमवार को पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराके शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया। पुलिस ने वारदात को अंजाम देने वाले हत्यारोपी पार्षद को गिरफ्तार कर लिया। इधर मृतक के भाई पियूष की तहरीर के आधार पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। सोमवार को एसपी क्राइम डा. जगदीश चंद्र और एसपी सिटी मनोज कत्याल ने घटना स्थल के साथ आरोपी के घर का मौका-मुआयना किया। जानकारी के अनुसार सी ब्लॉक जजफार्म निवासी 22 वर्षीय नितिन लोहनी पुत्र कैलाश चंद्र लोहनी मूलरूप से कैड़ागांव ओखलकांडा का रहने वाला था। बताया जाता है कि रविवार को वह अपने दोस्त कमल भंडारी के साथ गौलापार गया था। कमल के जीजा गौलापार में रहते हैं और उन्होंने नई कार खरीदी थी, जिसकी पार्टी के लिए दोनों को आमंत्रित किया गया था। स्कूटी सवार नितिन और कमल रात घर लौट रहे थे। तभी नितिन और कमल के बीच पार्षद अमित के बेटे जय को लेकर कुछ चर्चा हुई। जिसके बाद दोनों ने जय से मिलने का मन बना लिया, और रात करीब साढ़े 12 बजे दोनों अमित के घर के बाहर पहुंचे। बताया जा रहा कि तभी कमल भंडारी ने दो बार डोर बेल बजाई। पार्षद अमित अपने बेटे जय के साथ बालकनी में आया। पार्षद के हाथ में डबल बैरल पौनिया (बंदूक) थी। कमल ने नीचे से नमस्कार किया और तभी अमित बिष्ट ने सवाल किया कि क्या वह दरम्वाल गैंग से है। दोनों में बात हो रही थी कि तभी अमित ने बालकनी से ताबड़तोड़ दो फायर झोंकनी शुरू कर दी। हालांकि दोनों बच गए और जान बचा कर भागने लगे। तभी अमित भी आनन-फानन में नीचे उतार और पीछे से नितिन पर फायर झोंक दिया। करीब सौ मीटर भागने के बाद नितिन नाली में गिर कर घायल हो गया। गोलीकांड की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायल नितिन को आनन फानन में सुशीला तिवारी अस्पताल लाया गया। जहां पर मौजूद चिकित्सकों ने नितिन को मृत घोषित कर दिया। जिसके बाद पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए हत्यारोपी पार्षद अमित बिष्ट को गिरफ्तार कर लिया साथ ही उसके बेटे को भी हिरासत में ले लिया। पुलिस ने वारदात के दौरान प्रयुक्त पौनिया के साथ आरोपी से एक विद. ेशी पिस्टल भी जब्त की है। बताया जा रहा है कि इस पूरी घटना में चार से अधिक राउंड फायर झोंके गए हैं। सोमवार सुबह नितिन के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। पोस्टमार्टम के लिए दो चिकित्सक पहुंचे। उन्होंने पोस्टमार्टम से पहले शव का एक्सरे कराने के लिए कहा। शव को फिर से एसटीएच भेजा गया। करीब डेढ़ घंटे बाद एक्सरे कर शव को फिर से पोस्टमार्टम हाउस भेजा गया। नितिन की पीठ पर यहां ढेरों छेद थे, जिन्हें गिना गया तो संख्या सौ से अधिक निकली। चिकित्सकों का कहना है कि गोली से निकले छर्रों ने न सिर्फ जिस्म बल्कि नितिन के दिल, गुर्दे, लिवर और किडनी की छलनी कर दिया है। यानी शरीर के अंदर ऐसा कोई अंग नहीं बचा, जो गोली के छर्रों से छलनी न हुआ हो। एसएसपी डा. मंजूनाथ टीसी ने कहा कि कि पूरे मामले में मृतक के बड़े भाई पियूष की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। वहीं चिकित्सकों के पैनल और वीडियोग्राफी के बीच पोस्टमार्टम के बाद शव का पोस्टमार्टम कराया गया है। घटना के पीछे की वजहों को तलाशा जा रहा है। घटना स्थल पर लगे सीसीटीवी फुटेज भी चेक किए जा रहे हैं। इधर, सोमवार को एसपी क्राइम डा. जगदीश चंद्र और एसपी सिटी मनोज कत्याल ने घटना स्थल के साथ आरोपी के घर का मौका-मुआयना किया।

### मौके पर पहुंची फॉरेंसिक टीम

हल्द्वानी। बीते रविवार की रात हुए गोलीकांड की फॉरेंसिक टीम ने अपनी जांच शुरू कर दी है। फॉरेंसिक टीम ने घर से उस स्थान की दूरी नापी है, जहां नितिन गिरा हुआ था। इसके अलावा नितिन के शरीर की जांच भी फॉरेंसिक टीम ने की है। नितिन के शरीर पर मौजूद घाव इस बात की तस्दीक करते कि उसे कितनी दूरी से और कितनी गोली मारी गई होगी। वहीं टीम के एक्सपर्ट का कहना है कि पौनिया यानी शॉटगन में आमतौर पर 12 बोर (गोली) का इस्तेमाल किया जाता है। इसकी गोली में छर्रे भरे होते हैं। 5 से10 फीट से गोली चले तो शरीर पर एक बड़ा प्रवेश घाव दिखाई दे सकता है। 10 से 25 फीट पर गोली चलने पर छर्रे फैल जाते हैं और शरीर पर कई छोटे-छोटे छेद दिखाई देने लगते है। यानी दूरी जितनी ज्यादा, छेद उतने ज्यादा और फैले हुए होते हैं। अब नितिन के शरीर पर लगभग सौ से अधिक छेद हैं, ऐसे में यह अनुमान लगाया जा रहा है कि नितिन पर दो या दो से अधिक बार गोली चलाई गई हो सकती है। जांच के बाद ही स्पष्ट होगा की नितिन पर कितनी गोली चलाई गई।

### पूर्व सीएम हरदा ने सरकार पर साधा निशाना

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



**हल्द्वानी।** हत्या की वारदात में भाजपा नेता अमित बिष्ट उर्फ चिंटू का नाम सामने आने के बाद विपक्ष हमलावर हो गया है। घटना के कुछ घंटों बाद ही पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत ने अपनी फेसबुक वॉल पर एक पोस्ट अपलोड कर राज्य सरकार को निशाने पर लिया। पोस्ट में उन्होंने लिखा, जज फॉर्म हल्द्वानी निवासी नितिन लोहनी की गोली मारकर हत्या अत्यंत गंभीर चिंता का विषय है। राजनीतिक व्यक्ति यदि संयम नहीं रख सकते तो ऐसे लोगों को राजनीति में रहने का कोई नैतिक अधिकार नहीं है। राज्य में कानून-व्यवस्था की स्थिति निरंतर चिंता. जनक होती जा रही है और अधिकांश ऐसे मामलों में भाजपा से जुड़े लोगों के नाम सामने आ रहे हैं। भगवान, दिवंगत आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान दें एवं उनके परिजनों को इस असहनीय दु:ख को सहन करने की शक्ति प्रदान करें।

### कांग्रेस प्रदेश प्रवक्ता नीरज तिवारी ने सरकार को घेरा



**हल्द्वानी।** प्रदेश कांग्रेस के प्रवक्ता नीरज तिवारी ने भाजपा के पदाधिकारी द्वारा नितिन लोहनी पर हमला किए जाने की घटना को अत्यंत निंदनीय और लोकतांत्रिक व्यवस्था पर सीधे हमले के रूप में वर्णित किया है। उन्होंने कहा कि यह घटना उत्तराखंड में भाजपा सरकार के संरक्षण में पनप रहे अपराध और लगातार बिगड़ती कानून व्यवस्था को उजागर करती है। नीरज तिवारी ने आरोप लगाया कि प्रदेश में बलात्कार, हत्याएं, छेड़छाड़, लूट और संगठित अपराध चरम पर हैं। सत्ता से जुड़े लोग और भाजपा प्रतिनिधि कानून को अपने हाथ में ले रहे हैं, जिससे आम नागरिक असुरक्षित महसूस कर रहे हैं और सरकार की कार्यशैली पर गंभीर सवाल उठ रहे हैं। उन्होंने कहा कि नितिन लोहनी पर हमला केवल एक व्यक्ति पर नहीं, बल्कि पूरे समाज, कानून व्यवस्था और प्रदेश की शांति पर हमला है। भाजपा सरकार के सुशासन के दावे खोखले साबित हो चुके हैं और देवभूमि उत्तराखंड अपराधभूमि बनती जा रही है। कांग्रेस पार्टी ने इस घटना की कड़ी भर्त्सना करते हुए प्रदेश में कानून का भय कायम करने और दोषियों को दंडित करने की मांग की है।

### शहर विधायक सुमित हृदयेश ने बिगड़ती कानून-व्यवस्था पर जताई चिंता



**हल्द्वानी।** विधायक सुमित हृदयेश ने उत्तराखंड में लगातार बढ़ रही हिंसा और बिगड़ती कानून-व्यवस्था पर गंभीर चिंता व्यक्त की है। उन्होंने हाल के घटनाक्रमों, जैसे अंकिता भंडारी हत्याकांड, जिला पंचायत चुनावों के दौरान हुई हिंसक घटनाएं और बीती रात का गोलीकांड, को राज्य में बढ़ते अपराध और हिंसा के स्पष्ट संकेत के रूप में देखा। विधायक सुमित हृदयेश ने कहा कि ये घटनाएं प्रदेश में खुली हिंसा के बढ़ने की गवाह हैं, जो बेहद दुखद और चिंताजनक हैं। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि प्रदेश में हिंसा फैलाने वालों को कहीं न कहीं राजनीतिक संरक्षण मिल रहा है, जिसके चलते अपराधियों के हौसले बढ़े हुए हैं। हृदयेश ने कहा कि जब तक इन अपरा. धियों पर सख्त और निष्पक्ष कार्रवाई नहीं होगी, तब तक ऐसी घटनाओं पर काबू पाना मुश्किल होगा। सुमित हृदयेश ने राज्य सरकार से मांग की कि वह कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए ठोस और तत्काल कदम उठाए और दोषियों के खिलाफ बिना भेदभाव के कड़ी कार्रवाई करे, ताकि प्रदेश में शांति और विश्वास स्थापित किया जा सके।

### शातिर निकला चिंटू: घर की खिड़की में झोंका था फायर

रविवार रात वारदता को अंजाम देने और नितिन को मौत के घाट उतारने के बाद हत्यारोपी पार्षद अमित बिष्ट ने खुद को बचाने के लिए पूरी घटना का रुख मोड़ने का प्रयास किया, लेकिन हत्यारोपी इसमे कामयाब नहीं हो पाया। पुलिस के अनुसार नितिन लो. हनी अमित ने तीसरी गोली से मरा। इसके बाद अमित लौट कर अपने घर पहुंचा और घर के बाहर से ही अपनी घर की खिड़की पर फायर झोंका। इस फायर से खिड़की की चौखट का हिस्सा पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। बताया जा रहा कि आरोपी पार्षद अमित ने अपने घर में लगे सीसीटीवी की डीवीआर से भी छेड़छाड़ की। इसके बाद उसने खुद पुलिस को फोन किया और बताया कि कुछ लोग उसके घर पहुंचे और उन पर गोलियां चलाईं। उन्होंने भी जवाबी फायर किया और इस फायरिंग में एक युवक को गोली लगी है। पुलिस मौके पर पहुंची तो प्राथमिक जांच की तो अमित की कहानी में झोल नजर आया। जिसके बाद उसे और उसके पुत्र जय को हिरासत में ले लिया गया।



### दरम्वाल गैंग से रंजिश बनी हत्या की वजह!

**हल्द्वानी।** शहर में हुई बीती रात्रि गोलीकांड व एक युवक की हत्या के तार दरम्वाल गैंग से जुड़ते नजर आ रहे हैं। ये दरम्वाल गैंग राजनीतिक संरक्षण प्राप्त है। क्योंकि गोली चलाने से पहले अमित उर्फ चिंटू ने दरम्वाल गैंग का नाम लिया था और फिर ताबड़तोड़ फायर झोंक दिए। अमित ने गोली चलानी तब तक नहीं रोकी, जब तक एक मौत के घाट तक नहीं उतर गया। सूत्रों का कहना है कि नितिन और पार्षद अमित का पुत्र जय दोस्त हैं। जबकि कम उम्र होने के बावजूद कमल और पार्षद अमित में दोस्ती है, लेकिन कमल की दरम्वाल गैंग से ज्यादा करीबियां हैं। बताया जाता है कि किसी बात को लेकर पार्षद पुत्र जय और दरम्वाल गैंग के लीडर के परिवार से जुड़े से युवक के बीच दुश्मनी हो गई थी। यह युवक सीधे तौर पर कमल के संपर्क में था। रविवार को जब नितिन और कमल पार्टी में थे, तभी कमल ने इस दुश्मनी की चर्चा नितिन से की। इसके साथ ही उससे यह भी कहा कि किसी तरह दोनों के बीच सुलह करानी है और सबसे पहले यह जानना है कि आखिर दोनों के बीच दुश्मनी की वजह क्या है। पार्टी से फ्री होने के बाद नितिन ने जय को फोन किया और इसी मसले को लेकर मिलने की इच्छा जाहिर की। जय ने यह बात अपने पिता अमित को बताई। जिसके बाद ही अमित असलहा लेकर तैयार हो गया। स्कूटी सवार नितिन और कमल, अमित के घर पहुंचे। कमल ने डोर बेल बजाई। इसी बीच अमित और जय अपनी बालकनी पर आए। बालकनी पर आते ही अमित ने कहा कि दरम्वाल गैंग से हो और एक के बाद एक दो फायर झोंक दिए।

## हमेशा कानून के दायरे में रहकर काम किया: भगत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** शहर में हुई एक दर्दनाक और क्रूर हत्या की घटना पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए कालाढूंगी विधायक बंशीधर भगत ने इस अपराध की कड़ी निंदा की है। उन्होंने इसे केवल एक अपराध नहीं, बल्कि समाज के चेहरे पर एक गहरे घाव के रूप में देखा। मृतक के परिवार के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए, उन्होंने ईश्वर से उन्हें इस असहनीय दुख को सहने की शक्ति और धैर्य देने की प्रार्थना की। उन्होंने कहा घटना के बाद कुछ लोग अफवाहें फैला रहे हैं और यह गलत दावा कर रहे हैं कि आरोपी को नेता द्वारा संरक्षण दिया गया था। इस आरोप को उन्होंने पूरी मजबूती से खारिज करते हुए कहा कि उनका राजनीतिक जीवन कभी भी अपराधियों का साथ देने का नहीं रहा है। उन्होंने कहा मैंने हमेशा कानून के दायरे में रहकर काम किया है और कभी भी किसी अपराधी का समर्थन नहीं किया। उन्होंने इस हत्या को एक जघन्य अपराध करार देते हुए कहा कि आरा. ेपी चाहे जिस भी दल या पद से जुड़ा हो, उसे सजा मिलनी चाहिए। नेता ने प्रशासन और पुलिस से अपील की कि वे मामले की निष्पक्ष और त्वरित जांच करें और दोषियों को जल्द पकड़ा जाए ताकि समाज में यह संद. ेश जाए कि अपराधियों के लिए कोई जगह नहीं है।

### आक्रोश: भगत अमित का साथ न देते तो आज ये नौबत नहीं आती

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** भीमताल के विधायक राम सिंह कैड़ा और नितिन एक ही कैड़ा गांव के हैं और नितिन के पिता राम सिंह कैड़ा के जजमान भी हैं। जिसके बाद विधायक कैड़ा भी पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे। विधायक सुमित हृदयेश भी पहुंचे। दिन चढ़ने के साथ पोस्टमार्टम हाउस लोगों से खचाखच भर गया। लोग उस घटना को याद कर रहे थे, जब हत्यारोपी अमित उर्फ चिंटू का एक मारपीट का वीडियो वायरल हुआ था। कोतवाली पुलिस ने अमित को हिरासत में ले लिया था। इसके खिलाफ अगली सुबह विधायक बंशीधर भगत कोतवाली के बाहर सड़क पर धरने पर बैठ गए थे। पुलिस को बैकफुट पर आना पड़ा और अमित को छोड़ना पड़ा। पोस्टमार्टम हाउस में लोग कह रहे थे कि अगर विधायक बंशीधर भगत ने उस दिन अमित का साथ न दिया होता तो शायद आज यह नौबत न आती। लोग विधायक से खासे नाराज नजर आ रहे थे।

## अपराधियों को संरक्षण दे रही भाजपा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** भाजपा अपराधियों का शरणस्थल बन गई है और भाजपा राज में अपराधों की बाढ़ आ गई है। बल्कि यह कहना उचित होगा कि भाजपा ने अपराध का राजनीतिकरण कर दिया है। अपराधियों बलात्कारियों की भाजपा में तूती बोल रही है। अंकिता भंडारी मामले में वीआईपी के रूप में वरिष्ठ भाजपाई नेताओं के नाम खुलेआम सामने आने के बाद भी भाजपा सरकार अपराधियों को बचाने के लिए कमर कसे हुए है। इसी भाजपाई के अपराधीकरण की नयी कड़ी में हल्द्वानी में भाजपा नगर निगम पार्षद अमित बिष्ट उर्फ चिन्टू ने 25 साल के नितिन की अपनी लाइसेंसी बंदूक से घर की छत से गोली मारकर हत्या कर दी। यह पार्षद होने के साथ ही भाजपा का मुखानी मंडल उपाध्यक्ष भी है। यह आरोपी, पहले भी कई बार दबंगई दिखा चुका है। इसी आरोपी का एक बार ठेली वाले को सड़क पर पीटने का वीडियो वायरल हुआ था, तब आरोपी को छुड़ाने के लिए भाजपा के कालाढूंगी विधायक बंशीधर भगत उस समय के एसएसपी से तक भिड़ गए थे, जिसका वीडियो काफी वायरल हुआ था। जनता की समस्याओं के लिए भाजपा नेता कभी किसी से भिड़े हों आज तक देखने में नहीं आया है। असल में यह अपराध और अपराधियों को राजनीतिक संरक्षण देने की भाजपाई नीति का ही नतीजा है कि अमित बिष्ट उर्फ चिन्टू का हौसला इतना बढ़ गया कि उसने आज एक नौजवान की जान ले ली। उत्तराखण्ड को अपराधमुक्त बनाने की बात करने वाले मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी अंकिता भंडारी के अपराधियों को सामने लाने की हिम्मत नहीं जुटा पा रहे हैं। जब तक पुष्कर सिंह धामी और बंशीधर भगत जैसे लोग अपराधियों को राजनीतिक संरक्षण देना बंद नहीं करेंगे तब तक भयमुक्त अपराधमुक्त उत्तराखण्ड की बात करना बेमानी है।

## अंकिता को न्याय दिलाने के लिए कैंडिल मार्च

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



**हल्द्वानी।** उत्तराखंड की बेटी अंकिता भंडारी को न्याय दिलाने की मांग को लेकर सोमवार को ब्लॉक कांग्रेस कमेटी काठगोदाम के ब्लॉक अध्यक्ष मोहन बिष्ट के नेतृत्व में काठगोदाम देवलढूंगा में एक शांति और श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस मौके पर बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ताओं और स्थानीय नागरिकों ने मोमबत्तियाँ जलाकर अं. कता को श्रद्धांजलि अर्पित की और दोषियों को कठोरतम सजा दिलाने की मांग की। कार्यक्रम के दौरान शहर विधायक सुमित हृदयेश ने कहा कि यह घटना अत्यंत दुखद और पीड़ादायक है। उन्होंने अफसोस जताया कि इतने लंबे समय के बाद भी अंकिता भंडारी हत्याकांड में शामिल वीआईपी का नाम अभी तक सार्वजनिक नहीं किया गया है। उन्होंने यह भी कहा कि यह मामला केवल एक बेटी के साथ हुए अन्याय तक सीमित नहीं है, बल्कि यह हमारी न्याय व्यवस्था और पारदर्शिता पर भी गंभीर सवाल उठाता है। सुमित ने सरकार से मांग की कि अंकिता के हत्याकांड की निष्पक्ष जांच सीबीआई से करवाई जाए, ताकि सच्चाई सामने आ सके और दोषियों को कठोर सजा दी जा सके। उन्होंने कहा जब तक अंकिता को न्याय नहीं मिलेगा, तब तक कांग्रेस की यह आवाज़ उठती रहेगी। ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष मोहन बिष्ट ने कहा कि अंकिता को न्याय दिलाने की यह लड़ाई पूरी ताकत से लड़ी जाएगी और कांग्रेस कार्यकर्ता हर स्तर पर संघर्ष करते रहेंगे। महानगर कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह बिष्ट ने कहा कि यह कार्यक्रम आगे भी ब्लॉक स्तर पर आयोजित किया जाएगा, ताकि जनता तक अंकिता को न्याय दिलाने की आवाज़ पहुँच सके और दोषियों पर कार्रवाई का दबाव बना रहे। श्रद्धांजलि कार्यक्रम में बहादुर बिष्ट, प्रदीप बिष्ट, मलय बिष्ट, प्रदीप कुमार, कुंदन बिष्ट, दीपा, ममता देवी, चंदा देवी, भागा देवी, कविता आर्य, मुमताज, संजय बिष्ट, किशन लाल, रंजीत डसीला, नीरज कुमार, विजय सिंह, हरीश लाल, यशपाल आर्य, रघुनाथ प्रसाद, मोना, गिरीश शर्मा, मयंक प्रसाद, अमन सिंह, हर्षित सिंह, केशव लाल, गोरी शंकर, बिहारी लाल, पियारे लाल, तबीज मियां, उद्दीत कठायत, संजय सिंह आदि मौजूद रहे।

## दिनेश बने अनुसूचित मोर्चा के प्रदेश मीडिया के सह संयोजक

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



**हल्द्वानी।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष महेन्द्र भट्ट की सहमति के बाद ई. दिनेश कुमार को भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा का प्रदेश मीडिया सह संयोजक नियुक्त किया है। दिनेश कुमार अभी तक भाजपा में नगर उपाध्यक्ष, किसान मोर्चा के महामंत्री व अनुसूचित मोर्चा में महामंत्री के रूप में अपनी जिम्मेदारी निभा चुके। उनके कार्यकाल में संगठनात्मक मजबूती, युवाओं की भागीदारी और जनसंपर्क के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य हुए। दिनेश ने छात्र जीवन से ही वे राष्ट्रवादी और संगठनात्मक गति. विधियों में सक्रिय रहे है। उनकी संगठन के प्रति निष्ठा, कार्यकुशलता और समर्पण को देखते हुए पार्टी के शीर्ष नेतृत्व ने उन्हें प्रदेश स्तर पर यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी है। नियुक्ति के बाद दिनेश कुमार ने पार्टी नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे संगठन की अपेक्षाओं पर खरा उतरते हुए युवाओं को भाजपा की विचारधारा से जोड़ने का कार्य पूरी प्रतिबद्धता से करेंगे।

## निगम ने नजूल भूमि को किया अतिक्रमण मुक्त

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** नगर आयुक्त परितोष वर्मा के निर्देश पर नगर निगम ने काठगोदाम क्षेत्र की नई बस्ती में स्थित खाली नजूल भूमि को अपने कब्जे में ले लिया है। निगम ने बताया कि कब्जे में ली गई भूमि लगभग तीन हजार वर्ग फीट में फैली हुई है, जिस पर लंबे समय से अवैध कब्जे की आशंका थी। नगर निगम की टीम ने मौके पर पहुंचकर सभी कानूनी औपचारिकताएं पूरी कीं और भूमि को अतिक्रमण मुक्त कर निगम के अधीन कर लिया। कार्रवाई के दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस बल भी तैनात किया गया था। नगर निगम प्रशासन ने स्पष्ट किया कि शहर में सरकारी भूमि पर किसी भी प्रकार के अवैध कब्जे को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

## कोल्ट्स क्लब ने 13 रनों से जीता मुकाबला

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** जिला नैनीताल क्रिकेट एसोसिएशन के तत्वाधान में कराई जा रही सीनियर पुरुष वर्ग की जिला क्रिकेट लीग का मैच सोमवार को जीएनजी क्रिकेट ग्राउंड में जीएनजी और हल्द्वानी कोल्ट्स क्लब के मध्य खेला गया। कोल्ट्स क्लब ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 40 ओव. रों में 7 विकेट के नुकसान पर 281 रन बनाए। विकास भाटी ने 104, दिव्यम रावत ने 56 रनों का योगदान दिया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी जीएनजी की पूरी टीम 35वें ओवर में 268 रन बनाकर आल आउट हो गई, और 13 रनों से मैच हार गई। टीम के लिए केवल पीयूष जोशी 95, लक्ष्य राय चंदानी 76, उपेन राजपूत ने 58 रनों का योगदान दिया लेकिन टीम को जीत नहीं दिला पाए। जबकि कोल्ट्स क्लब के गेंदबाज देवानंद जोशी ने 5 विकेट लिए। मैन ऑफ-द मैच का पुरस्कार अलराउंड प्रदर्शन के लिए कोल्ट्स क्लब के खिलाड़ी देवानंद जोशी को दिया गया। अंपायर की भूमिका में विजय आर्या और शिवम् पाण्डे जबकि स्कोरर की भूमिका हरप्रीत सिंह कम्बोज ने निभाई। इस मौके पर क्रिकेट एसो. के कोषाध्यक्ष कमल पपनै, लीला कांडपाल, नरेंद्र अधिकारी, जगमोहन बगड़वाल, आंनद बिष्ट, संजय चौधरी, सुनील साह, त्रिलोक जीना, विजय कुकसाल, बीएल साह, रवि नेगी, मनोज जोशी, विकास गुणवंत, दिलीप रावत, अभिषेक कुमार मौजूद रहे।

## भीम आर्मी बोली: लोगों को बरगलाना बंद करे सरकार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



**हल्द्वानी।** भीम आर्मी और मूलनिवासी संघ ने संयुक्त रूप से अंकिता भण्डारी हत्याकांड में सीबीआइ जाँच में हो रही देरी के विरोध में उत्तराखंड सरकार का पुतला फूंका। पुतला फूंकने से पहले सभा में वक्ताओं ने कहा कि भाजपा, कांग्रेस का पुतला फूंक कर लोगों को बरगला रही है। अंकिता हत्याकांड की सीबीआइ जांच की मांग विपक्ष की नहीं उत्तराखण्ड की आम जनता इंसाफ मांग है। अंकिता भंडारी हत्याकांड एक बहुत ही दुखद और विवादित मामला है। 19 वर्षीय युवती की हत्या कर दी गयी। पुलिस ने इस मामले में तीन आरोपियों पुलकित आर्य, सौरभ भास्कर और अंकित गुप्ता को गिरफ्तार किया था। आरोपियों पर हत्या, साक्ष्य छुपाने और अनैतिक देह व्यापार अधिनियम के तहत आरोप लगाए गए थे। पुलिस की जांच में सामने आया कि आरोपियों ने अंकिता पर वीआईपी मेहमान को एंटरटेन करने का दबाव बनाया था, जिसे उसने ठुकरा दिया था। इस मामले में एक वीआईपी का नाम सामने आया था, जिसे लेकर सियासी घमासान मचा हुआ है। नफीस अहमद खान ने कहा कि वैसे तो सीबीआइ जांच की कोई ज़रूरत नहीं है, सरकार को पता है कि वह वीआइपी कौन है। हमें शक है कि वह वीआइपी भाजपा का कोई बड़ा नेता है जिसे बचाया जा रहा है। पुतला फूंकने वालों में नफीस अहमद खान, दीपक चनियाल, सिराज अहमद, जीआर आर्य, आरपी गंगोला, सुंदरलाल बौद्ध, महेश चंद्र आर्य, फिरोज़ खान, जीतराम, रितिक कांत, हरीश लोधी, सुलेमान मालिक, विकास कुमार आदि थे।

## चन्दन हॉस्पिटल की मनमानी पर सिटी मजिस्ट्रेट को सौंपा ज्ञापन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

हल्द्वानी। चन्दन हॉस्पिटल द्वारा 2 घंटे में अस्सी हजार रुपये से अधिक का बिल बनाने और मृत शरीर को परिजनों को न देने की घटना पर युवा कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष हेमन्त साहू ने कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए हॉस्पिटल के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग को लेकर सिटी मजिस्ट्रेट गोपाल सिंह चौहान को ज्ञापन दिया। सिटी मजिस्ट्रेट को सौंपे गए ज्ञापन में हेमन्त साहू ने मांग की कि निजी अस्पतालों की मनमानी लूट से जनता को राहत दिलाने के लिए मानकों के आधार पर रेट तय किए जाएं और सरकार को प्राइवेट अस्पतालों में नियंत्रण स्थापित करना चाहिए। साहू ने कहा हल्द्वानी के अधिकतर प्राइवेट अस्पताल लूट केंद्र के रूप में काम कर रहे हैं। जिनके खिलाफ कार्रवाई होनी चाहिए।


## विहिप की बागेश्वर की कार्यकारिणी का विस्तार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** विश्व हिंदू परिषद (विहिप) उत्तराखंड प्रांत की बैठक हरगोविंद सुयाल सरस्वती विद्या मंदिर हल्द्वानी में आयोजित की गई। इस बैठक में विहिप ने संगठन के विस्तार की दिशा में महत्वपूर्ण निर्णय लिए। बैठक में सुंदर बरोलिया को बागेश्वर जिले का जिलाध्यक्ष नियुक्त किया गया। इसके अतिरिक्त राजेंद्र काकोटी को बागेश्वर जिले का उपाध्यक्ष, जगदीश सुरैनी को जिला सह मंत्री की जिम्मेदारी दी गई। जबकि कैलाश गढ़िया को जिला कार्यकारिणी सदस्य और दिनेश गोस्वामी को जिला सहसंयोजक बजरंग दल की जिम्मेदारी सौंपी गई है। इसके साथ ही नरेंद्र धामी को बागेश्वर विभाग का सह मंत्री नियुक्त किया गया। विहिप परिवार ने सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को उनके नए दायित्व की हार्दिक शुभकामनाएं दी।

## गुरुवाणी और कीर्तन से संगत निहाल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



**हल्द्वानी।** श्री गुरु गोविंद सिंह साहिब जी के 359वें प्रकाश पर्व के उपलक्ष्य में सिख गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा द्वारा सोमवार को रामलीला मैदान में एक भव्य धार्मिक दीवान का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पालकी साहिब में फूलों से सजाए गए श्री गुरु ग्रंथ साहिब की हजूरी में रागी जत्थों ने कीर्तन और गुरुवाणी से संगत को निहाल किया। बड़ी संख्या में संगत ने इस धार्मिक कार्यक्रम में भाग लिया और गुरु गोविंद सिंह जी के जीवन से प्रेरणा ली। गुरु गोविंद सिंह जी सिख धर्म के दसवें गुरु थे, जिन्होंने धर्म की रक्षा के लिए अपने प्राणों की आहुति दी। उनके जीवन का मुख्य संदेश था न कोई बंदा खालसा, न कोई बंदी अर्थात सभी मनुष्य बराबर हैं और हमें किसी भी प्रकार के भेदभाव से ऊपर उठकर एकता और प्रेम का संदेश देना चाहिए। भाई मनजिंदर सिंह फतेहगढ़ साहिब ने अपनी मधुर आवाज में कीर्तन किया, जिससे संगत को अत्यधिक आनंद प्राप्त हुआ। वहीं भाई कंवलजीत सिंह नूर अमृतसर ने गुरु गोविंद सिंह जी के त्याग और बलिदान पर प्रकाश डाला और बताया कि कैसे उन्होंने अपने परिवार को धर्म के लिए बलिदान किया। कथावाचक ज्ञानी सिमरनजीत सिंह ने गुरु गोविंद सिंह जी के जीवन पर व्याख्यान दिया और उनके योगदान को विस्तार से बताया। इसके साथ ही सिख मिशनरी कॉलेज द्वारा धार्मिक पुस्तकें वितरित की गईं और गुरमत प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें बच्चों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। नेशनल मेडिकोज ऑर्गेनाइजेशन की ओर से निशुल्क मेडिकल कैंप लगाया गया, जिसमें रोगियों को निशुल्क दवाइयाँ प्रदान की गईं। रामलीला मैदान में सिख सेवक जत्था, अकल पुरब की फौज और सिख मिशनरी कॉलेज की ओर से शिक्षा का लंगर लगाया गया। इस दौरान मुख्य रूप से आरटीओ गुरदेव सिंह, सुशीला तिवारी के चिकित्सक डा. परमजीत सिंह, राज्य आंदोलनक. ारी ललित जोशी, गन्ना समिति अध्यक्ष प्रताप सिंह सिद्धू सहित गुरुद्वारे के मुख्य सेवादार वीरेंद्र सिंह चड्ढा, नानकमत्ता गुरुद्वारा के सेक्रेटरी अमरजीत सिंह बोपाराय, अमरजीत सिंह आनंद, हरविंदर सिंह, बबलू कुकरेजा, महासचिव कंवलजीत सिंह उप्पल, प्रवक्ता हरजीत सिंह चड्ढा, रमन साहनी, परमिंदर सिंह, जसवीर सिंह गोल्डी, चरणजीत बिंद्रा, अमरजीत सिंह सेठी, हरजीत सिंह सच्चर, बंटी आनंद, कुलविंदर लक्की, हरविंदर सिंह बंटी, कंबलदीप सिंह ओबेरॉय, बनी चंडोक आदि मौजूद रहे।

## उपासना से ही भव सागर पार कर सकता है मनुष्य

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** श्री गिरिजा देवी सनातन सेवा समिति द्वारा आयोजित श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के द्वितीय दिवस पर कथा व्यास डा. नवीन चन्द्र जोशी ने भगवान की उपासना के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि कलियुग में केवल भगवान की उपासना ही मनुष्य को भव सागर से पार करा सकती है। डा. जोशी ने कहा कि मनुष्य को व्यसनों से दूर रहना चाहिए और धर्माचरण करते हुए जीवन यापन करना चाहिए। जहां धर्म है, वहां भगवान हैं। इसलिए हमें निरंतर धर्म का पालन करना चाहिए। कथा के दौरान आचार्य प्रमोद जोशी ने वैदिक विधि से पूजन कराया। आज के मुख्य यजमान सोवन सिंह बिष्ट, डा. एसडी तिवारी, दयाकिशन पाण्डेय और अरविन्द नेगी ने पूजन में भाग लिया।

शाह टाइम्स

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं कृष्णा लोहा भण्डार, प्रथम तल काला ढुंगी रोड, हल्द्वानी (उत्तराखंड) से प्रकाशित।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎05946-250286
मुख्यालय:
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. UTTHIN/2003/10264
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# बहुउद्देशीय शिविर का हुआ आयोजन

**ग्राम सभा सिद्धा नवदिया में अपात्र व्यक्ति ले रहे पीएचएच राशन कार्ड बनवाकर सरकारी की सुविधाओं का लाभ**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नानकमत्ता।** बहुउद्देशीय शिविर में बिजली पानी सड़क विकलांग एवं बीपीएल प्रमाण पत्रों के मुद्दे छाये रहे। सोमवार को जन-जन की सरकार जन-जन के द्वार अभियान के तहत नगर के गुरु नानक इंटर कॉलेज में बहुउद्देशीय शिविर का आयोजन किया गया आयोजित शि. विर में विभिन्न विभागों के द्वारा स्टॉल लगाए गए।

शिविर में पहुंचे लोगों द्वारा अपनी-अपनी समस्याओं के निराकरण को संबंधित विभागों को पत्र दिए। शिविर में प्रमुख रूप से विकलांग प्रमाण पत्र एवं बीपीएल प्रमाण पत्र बनवाने वालो की भीड देखी गई। आयोजित शिविर में सड़क, बिजली, पानी, राशन कार्ड जैसी समस्याएं छाई रही। शिविर में पहुंचे ग्राम पंचायत सिद्धा नवदिया के गुरमीत सिंह ने जिला अधिकारी उधम नगर सिंह नगर को संबोधित एक पत्र देते हुए ग्राम पंचायत सिद्धा नवदिया में पीएचएच राशन कार्डों की जांच की मांग की है। पत्र में कहा है कि विकासखंड सितारगंज की ग्राम सभा सिद्धा नवदिया में अपात्र लोगों द्वारा अंतोदय (पीएचएच ) राशन कार्ड बनवाकर सरकारी सुविधाओं का लाभ लिया जा रहा है जबकि यह अपात्र लोग पक्के मकान के साथ ही सरकारी नौकरियों का लाभ भी उठा रहे हैं, तथा पात्र व्यक्ति सरकारी राशन एवं सुविधाओं से वंचित है। उन्होंने संबंधित विभाग से अपात्र व्यक्तियों को दिए गये (पीएच एच ) राशन कार्डों की जांच की मांग की है।

# प्रकाश पर्व पर निकाला भव्य नगर कीर्तन

**हजारों संगत ने लिया हिस्सा, जगह-जगह हुआ स्वागत**



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बाजपुर।** सोमवार को सिख धर्म के दसवें गुरु, दशम पिता श्री गुरु गोविंद सिंह जी महाराज के पावन प्रकाश पर्व के अवसर पर पूरे श्रद्धा और धूमधाम के साथ भव्य नगर कीर्तन निकाला गया। नगर कीर्तन को लेकर पूरे शहर में उत्साह और धार्मिक वातावरण देखने को मिला। नगर कीर्तन की शुरुआत सोमवार प्रातः लगभग आठ बजे पंच प्यारों की अगुवाई में गुरुद्वारा बैंतखेड़ी से हुई। यह नगर कीर्तन बन्नाखेड़ा, रेहटा, केशोवाला और विक्रमपुर होते हुए देर शाम बाजपुर स्थित गुरुद्वारा सिंह सभा पहुंचकर संपन्न हुआ। इस दौरान पालकी को बेहद आकर्षक ढंग से सजाया गया। जो संगतों के लिए आकर्षण का केंद्र रही।

नगर कीर्तन में बाजपुर की हरि सिंह नलवा गतका टीम द्वारा शानदार और रोमांचक गतका प्रदर्शन किया गया। जिसे देखने के लिए मार्ग के दोनों ओर बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे। जगह-जगह संगत के लिए प्रसाद वितरण के स्टॉल लगाए गए थे, वहीं अटूट लंगर का आयोजन भी किया गया, जिसमें हजारों संगतों ने प्रसाद ग्रहण किया। नगर के विभिन्न विद्यालयों के विद्यार्थियों ने भी नगर कीर्तन में सहभागिता कर कार्यक्रम को और भव्य बनाया। नगर कीर्तन से पूर्व पूरे नगर को आकर्षक रूप से सजाया गया था। स्थानीय प्रशासन का भी कार्यक्रम को सफल बनाने में पूर्ण सहयोग रहा। इस अवसर पर नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य अपनी टीम के साथ नगर कीर्तन में पहुंचे और पंच प्यारों का स्वागत किया। गुरुद्वारा सिंह सभा के प्रबंधक कुलविंदर सिंह किंदा ने यशपाल आर्य को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। वहीं यशपाल आर्य ने भी कुल. विंदर सिंह किंदा को शॉल ओढ़ाकर सम्मान प्रकट किया। कार्यक्रम के दौरान पुलिस विभाग के अधिकारियों को भी सोल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में पालिका अध्यक्ष गुरजीत सिंह गित्ते, किसान कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष हरमिंदर सिंह लाड्डी, भूमि बचाओ मुहिम के संयोजक जगतार सिंह बाजवा, उत्तराखंड अल्पसंख्यक आयोग के पूर्व अध्यक्ष सरदार सुखदेव सिंह नामधारी, सुरेंद्र सिंह नामधारी, भाजपा नेता गौरव शर्मा व राजेश कुमार, गुरमुख सिंह, अमरजीत सिंह बल, राजकिशोर सिंह, दारा दिलेर सिंह रंधावा, डॉ. सौरभ परमार, नंदलाल यादव, विवेक पांडे सहित बड़ी संख्या में सामा. जिक, राजनीतिक व स्थानीय लोग उपस्थित रहे। भव्य नगर कीर्तन के माध्यम से बाजपुर में भाईचारे, सेवा और धार्मिक एकता का अद्भुत संदेश देखने को मिला।

## एक नजर

# बालिकाओं ने खो-खो में प्राप्त किया गोल्ड मेडल

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**जसपुर।** विधानसभा स्तरीय खेल महाकुंभ 2025- 26 में मेघावाला न्याय पंचायत के राजकीय इंटर कॉलेज बढ़ियोवाला की बालि. काओं ने खो -खो सीनियर वर्ग में गोल्ड मेडल , विद्यालय की कक्षा 11 की छात्रा तारा ने 1500 मीटर, 3000 मीटर दौड़ , रिले दौड़ में गोल्ड मेडल तथा बालक वर्ग में देवेश , शिवम, सुमित लम्बी कूद एवं दौड़ में गोल्ड मेडलप्राप्त करने पर विद्यालय के प्रधानाचार्य जगदीश सिंह एवं कोच संजय वर्मा के के शर्मा, अनूप कुमार सक्सेना, ओमपाल सिंह, राहुल बिश्नोई आदि ने बधाई और शुभकामनाएं दीं।

# सात दिवसीय उत्तरायणी कौतिक मेला संपन्न कराने हेतु भूमि पूजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** कुमाऊं सांस्कृतिक उत्थान समिति द्वारा 9 जनवरी से संचालित सात दिवसीय उत्तरायणी कौतिक को निर्विघ्न संपन्न कराने हेतु भूमि पूजन किया। शुभ मुहूर्त में पंडित खिलेश पांडे के मंत्रोच्चार के साथ समिति अध्यक्ष कैप्टन ठाकुर सिंह खाती, सचिव भवन भट्ट, कोषाध्यक्ष बीएस मेहता, एडवोकेट जगदीश चंद्र पांडे, मीडिया प्रभारी जीडी पाठक सहित अन्य सदस्यों ने भूमि पूजन किया।



इस दौरान महिला कीर्तन मंडली द्वारा मंगल गीत कीर्तन कार्यक्रम आयोजित किया गया। समिति सदस्यों ने निर्विघ्न उत्तरायणी मेले की सफलता की कामना करते हुए प्रार्थना की। इस अवसर पर नगर पालिक. ाध्यक्ष रमेश चंद्र जोशी रामू ने अपनी टीम के साथ प्रतिभा कर मेले की सफलता के लिए हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया। समिति अध्यक्ष कैप्टन ठाकुर सिंह खाती ने बताया कि इस बार मेले की आय से निराश्रित पुरुषों की सेवा की जाएगी। भूमि पूजन अवसर पर फकीर सिंह ज्याला, नवीन कापड़ी, गोपाल दत्त पाठक, एडवोकेट केडी भट्ट, घनश्याम सनवाल, कैप्टन जेएस बसेड़ा, सावित्री चंद, शांति पांडे, राजेन्द्र सिंह मिताडी राजू , संदीप कांडपाल, कुंदन बोरा, शंकर लोहनी, किशन सिंह बिष्ट किन्ना, मनोज कन्याल, राकेश कापड़ी, किशोर भट्ट , गोकुल ओली, केवी चंद, दया भट्ट , भागीरथी कापड़ी, प्रेमा भट्ट , प्रेमा मेहर, प्रकाश तिवारी, भागीरथी चंद्र , विरेन्द्र सिंह आदि मौजूद थे। कुमाऊं सांस्कृतिक स्थान समिति ने इस बार इनामी कूपन से होने वाली आय से निराश्रित पशुओं की सेवा का निर्णय लिया है।

# नुमाइश की परमिशन निरस्त करने की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जसपुर।** वार्ड सभासद के नेतृत्व में वार्ड नंबर-20 के दर्जनों लोगों ने उप जिलाधिकारी कार्यालय जसपुर पहुंचकर वार्ड नंबर 20 में लगने वाली नुमाइश की परमिशन को निरस्त करने की मांग की।



प्राप्त जानकारी अनुसार जसपुर में लगने वाली नुमाइश को निरस्त करने की मांग को लेकर वार्ड नंबर 20 सभासद यासीन के नेतृत्व में दर्जनों लोगों ने उप जिला अधिकारी कार्यालय पहुंचकर नुमाइश ना लगवाने की संबंधित मांगपत्र सौंपा। अपनी मांग में लोगों ने बताया कि पूर्व के वर्षों में भी नुमाइश लगने से आसपास के घरों में चोरियां आग. जनी की कई वारदातें हुई थी, जिससे मोहल्ले वासियों में भय का माहौल बन गया था। उन्होंने भविष्य में नुमाइश न लगाने व नुमाइश की परमिशन को निरस्त करने की उप जिलाधिकारी को एक ज्ञापन सौंपा। इस अवसर पर वार्ड नंबर 20 के सभासद यासीन वार्ड नंबर 17 इशाक अहमद, साजिद, महराज समेत दर्जनों लोग शामिल रहे।

# लायंस क्लब सिटी ने प्रतिभाओं का किया सम्मान

**मुदित रौतेला ने प्रथम व कमल जोशी ने प्राप्त किया द्वितीय स्थान**




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** लायंस क्लब खटीमा सिटी द्वारा आयोजित नववर्ष कार्यक्रम के अंतर्गत विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। जिसमें छोटे बच्चों, महिलाओं एवं पुरुष वर्ग के प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए मुदित रौतेला ने प्रथम तथा कमल जोशी ने द्वितीय पुरस्कार प्राप्त किया।

कार्यक्रम के आयोजक जितेंद्र कुमार बत्रा के संयोजन में आयोजित इस आयोजन में दर्जनों प्रतिभागियों को लायंस क्लब खटीमा सिटी के पदाधिकारियों द्वारा पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम के अंत में क्लब पदाधिकारियों ने सभी प्रतिभागियों को शुभकामनाएं देते हुए भविष्य में भी इस प्रकार के रचनात्मक और प्रेरणादायक आयोजनों को निरंतर जारी रखने की बात कही।

इस अवसर पर लायंस क्लब खटीमा सिटी के अध्यक्ष हरमिक सिंह गिल, सचिव विवेक अग्रवाल, लायन विनीत कुमार गुप्ता, लायन संजय गुप्ता, कोषाध्यक्ष राहुल कंसल, लायन संदीप अग्रवाल, लायन प्रवीण उपाध्याय, लायन जितेंद्र कुमार बत्रा, लायन हरिशंकर अग्रवाल, लायन अमित अग्रवाल, लायन नरेंद्र रौतेला, लायन भुवन जोशी, लायन कमल जोशी, लायन प्रवीण मित्तल एवं लायन इकबाल अहमद सहित अन्य पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे।

# अंकिता भंडारी को न्याय दिलाने बाबत खटीमा में प्रदर्शन आज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** अंकिता भंडारी को न्याय दिलाने हेतु कांग्रेस कार्यकर्ता भी खटीमा से लामबंद होने लगे हैं। कांग्रेस समर्थित सहयोगी संगठन आज सुबह 11:00 बजे से पीलीभीत रोड शारदा टॉकीज के पास एकत्रित होकर जुलूस के रूप में मुख्य मार्ग पर प्रदर्शन करते हुए तहसील परिसर तक पहुंचेंगे और सीबीआई जांच की मांग को लेकर उप जिलाधिकारी के माध्यम से प्रदेश के राज्यपाल को ज्ञापन भेजेंगे। इसके लिए व्यापक तैयारियां की जा रही हैं। उप नेता प्रतिपक्ष एवं विधायक भुवन कापड़ी के आह्वान पर प्रदर्शन में महिलाओं के बड़ी संख्या में प्रतिभा करने की चर्चाएं हैं।

# 806 ग्राम चरस के साथ युवक को पकड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** कोतवाली ट्रांजिट कैम्प पुलिस ने अवैध चरस बरामद करते हुए एक युवक को गिरफ्तार किया। यह कार्रवाई स्थानीय पुलिस, चौकी आवास विकास और गश्त पर लगे जवानों द्वारा संयुक्त रूप से की गई।

पुलिस के अनुसार, सिडकुल रोड पर फुलशुंगी तिराहे के पास एक युवक हाथ में भूरे रंग का थैला लिए आते हुए देखा गया। पुलिस ने उसे रोकने का प्रयास किया, लेकिन युवक भागने लगा। पुलिस ने तुरंत पीछा किया और करीब 70-80 कदम दूरी पर युवक को घेरकर पकड़ लिया। गिरफ्तार युवक की पहचान अनिल कुमार, पुत्र इन्द्र कुमार, निवासी ग्राम नरतोला, थाना मुक्तेश्वर, जिला नैनीताल के रूप में हुई। युवक ने पुलिस पूछताछ में बताया कि वह चरस को बेचने के लिए ले जा रहा था। पुलिस ने युवक की तलाशी ली तो उसके पास से प्लास्टिक की पारदर्शी पन्नी में कुल 806 ग्राम चरस बरामद हुई। इसके अलावा युवक के पास से एक मोबाइल फोन, डायरी और क्वालिटी पॉलिसी कार्ड भी बरामद किया गया। पुलिस ने बताया कि आरोपी के खिलाफ धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है। गिरफ्तार युवक के वाहन और बरामद सामान को भी सीज कर लिया गया है।

# चाकू समेत युवक गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सितारगंज।** पुलिस ने चाकू समेत एक युवक को गिरफ्तार किया है। एसआई ललित चौधरी, चन्द्र प्रकाश, तरुण चौधरी ने केशव नगर वार्ड 6 में श्मशान घाट के निकट पुलिया के पास एक संदिग्ध युवक को रोका। तलाशी में उसके पास से चाकू बरामद हुआ। आरोपी ने अपना नाम आकाश गुप्ता पुत्र रमेश गुप्ता निवासी बाईपास कॉलोनी बताया। आरोपी ने पुलिस को बताया कि वह नशे का आदी है। लोगों को डराने के लिए वह चाकू रखता है।

# कर्मकार कल्याण संघ के कार्यालय का पालिकाध्यक्ष जोशी ने किया उद्घाटन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** कंजाबाग रोड स्थित शिव मंदिर के समीप भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण संघ के जिला कार्यालय का सोमवार को उद्घाटन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पालिका अध्यक्ष रमेश चंद्र जोशी ने फीता काटकर विधिवत कार्यालय का शुभारंभ किया। वहीं कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के तौर पर संघ के प्रांतीय उपाध्यक्ष अर्जुन धौनी उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता संघ के जिला अध्यक्ष देवेंद्र सिंह ने किया। इस मौके पर गौरी शंकर दिवाकर को कुमाऊं मंडल महामंत्री, सत्येंद्र कुमार को काशीपुर बाजपुर का ब्लॉक अध्यक्ष, विक्की चौधरी को काशीपुर बाजपुर का ब्लॉक उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया। इस मौके पर खटीमा इकाई के तहसील अध्यक्ष प्रमोद कुमार, प्रकाश चंद्र भट्ट, सतीश सिंह राणा, अवतार सिंह, राजेंद्र राणा, सुनीता देवी, सरिता देवी, पुरन चंद, रेनू तथा पूनम आदि उपस्थित रहे।

# मनोविज्ञान प्रयोगात्मक परीक्षा आठ जनवरी को

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय रामनगर में बी.ए. प्रथम सेमेस्टर मनोविज्ञान विषय की प्रायोगिक परीक्षा 08 जनवरी को मनोविज्ञान विभाग में संचालित की जाएगी। विभाग प्रभारी डा. कुसुम गुप्ता ने जानक. ारी देते हुए बताया कि सभी परीक्षार्थियों को आवश्यक सामग्री एवं प्रवेश पत्र सहित परीक्षा तिथि को सुबह 09:30 बजे मनोविज्ञान विभाग में पहुंचने की अपील की है।

# गुरु गोविंद सिंह के पावन प्रकाश पर्व सजा धार्मिक दीवान



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** सिखों के दसवें गुरु, दशमेश पिता गुरु गोविंद सिंह के पावन प्रकाश पर्व के उपलक्ष्य में बिन्दुखेड़ा स्थित गुरुद्वारा साहिब में भव्य धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर क्षेत्र की संगत ने बढ़-चढ़कर भागीदारी की और गुरु की महिमा का गुणगान किया।

कार्यक्रम के दौरान गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी की ओर से पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल को सरोपा भेंट कर सम्मानित किया गया।इस अवसर पर पूर्व विधायक राज. कुमार ठुकराल ने संगत को संबोधित करते हुए कहा कि गुरु गोविंद सिंह का जीवन त्याग, साहस और मानवता की सेवा का अद्भुत उदाहरण है। उन्होंने कहा कि गुरु साहिब ने समाज को अन्याय के विरुद्ध खड़े होने, सत्य और धर्म के मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी। ऐसे धार्मिक आयोजन नई पीढ़ी को अपनी संस्कृति और मूल्यों से जोड़ने का कार्य करते हैं। धार्मिक दीवान में बाहर से आए रागी जत्थों ने गुरु वाणी का कीर्तन कर गुरु गोविंद सिंह जी की महिमा का बखान किया, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया और संगत निहाल हो उठी। कार्यक्रम के अंत में गुरु का अटूट लंगर भी वितरित किया गया। इस मौके पर ग्राम प्रधान काबल सिंह, गुरुद्वारा प्रधान सरदार कवलजीत सिंह, जोगेन्द्र सिंह, कुलवंत सिंह, बीडीसी सदस्य अमरजीत सिंह, जसवंत सिंह, प्रीतम सिंह, परमजीत सिंह, मलकीत सिंह, ज्ञानी हरनाम सिंह, जगीर सिंह, गुरबाज सिंह, गुरचरन सिंह, जरनैल सिंह आदि उपस्थित रहे।

# अनियंत्रित कार पेड़ से टकराई, बड़ा हादसा टला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बाजपुर।** हल्द्वानी-बाजपुर मार्ग पर सोमवार तड़के एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया। पुलिस चौकी के समीप एक कार अचानक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खड़े पेड़ से जा टकराई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि कार का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, हादसा सुबह के समय हुआ जब सड़क पर आवाजाही कम थी, जिससे किसी अन्य वाहन को नुकसान नहीं पहुंचा। गनीमत रही कि कार में सवार लोग सुरक्षित बताए जा रहे हैं। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने क्षतिग्रस्त वाहन को सड़क से हटवाकर यातायात सुचारू कराया।प्रारंभिक जांच में हादसे का कारण तेज रफ्तार या चालक का नियंत्रण खोना माना जा रहा है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# जलभराव मुक्त के प्रति संकल्प को पालिका अध्यक्ष जोशी प्रतिबद्ध

**विगत कई महीनों से पोकलैंड और जेसीबी से अवरुद्ध नालों की सफाई जारी**



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** नगर पालिका अध्यक्ष का दायित्व मिलने के बाद से ही रमेश चंद्र जोशी नगर पालिका के विकास के लिए प्रतिबद्ध एवं संकल्प बद्ध हैं। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के मार्गदर्शन में खटीमा को स्वच्छ, सुंदर और आदर्श खटीमा बनाने का उनका लगातार प्रयास जारी है।

बरसात शुरू होने से पहले खकरा एवं ऐंठा नाले की पोकलैंड द्वारा सफाई का कार्य कराया गया। वहीं अब लगातार तीन महीने से पालिका अध्यक्ष जोशी के नेतृत्व में पोकलैंड एवं जेसीबी मशीन द्वारा नालों की सफाई की जा रही है तथा उनका चौड़ीकरण भी किया जा रहा है। सोमवार को नगर पालिका अध्यक्ष रमेश चंद्र जोशी ने पोकलैंड से वार्ड नंबर 18 में की जा रही नाले की सफाई का मौके पर पहुंचकर निरीक्षण किया। वहीं नगर पालिका अध्यक्ष रमेश चंद्र जोशी ने बताया कि विगत कई वर्षों से नालों की सफाई नहीं हो पा रही थी। इस बार नगर पालिका द्वारा वृहद स्तर पर सफाई अभियान चलाया जा रहा है जो कार्य पूर्ण होने तक जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि शहर को डूब की स्थिति से बचाने के लिए नालों का चौड़ीकरण एवं सफाई कराई जा रही है। आवास विकास एवं अल्केमिस्ट रोड के बीच बहने वाले नाले के ओवर फ्लो होने से आस पास के वार्डो में पानी भर जाता है।

जोशी ने कहा कि नगर पालिका का प्रयास है कि नालों की सफाई पूरी होने से शहर में पानी भरने की दिक्कत समाप्त हो जाएगी। यहां मनोज वाधवा, असलम अंसारी, आशीष श्रीवास्तव, शारिक हुसैन, शुभम पटवा, अर्पित कॉलोनी, राहुल सक्सेना, करन यादव, राजकुमार ठाकुर आदि उपस्थित रहे।

# अंकिता भंडारी को न्याय दिलाने को निकाला मशाल जुलूस



**अंकिता भंडारी हत्याकांड की सीबीआई जांच एवं वीआईपी की गिरफ्तारी की गूंजी मांग**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** अंकिता भंडारी हत्याकांड की सीबीआई जांच एवं वीआईपी की गिरफ्तारी की मांग को लेकर शहर में मशाल जुलूस निक. ाला गया। उत्तराखंड राज्य आंदोलनकारी मंच के आह्वान पर आयोजित इस विरोध-प्रदर्शन में सामाजिक-राजनीतिक संगठनों के कार्यकर्ताओं, महिलाओं, नौजवानों ने बढ़कर भागीदारी की।इस दौरान शहीद पार्क पर राज्य निर्माण आंदोलनकारी संगठन के संयोजक चंद्रशेखर जोशी की अध्यक्षता एवं उषा पटवाल के संचालन में हुई सभा में वक्ताओं में प्रभात ध्यानी,रोहित रुहेला, अनिल अग्रवाल, मुनीष कुमार, अनिल अग्रवाल खुलासा, ललिता रावत , नवीन सुनेजा, तुलसी, इंदर सिंह मनराल ने कहा कि अंकिता हत्याकांड के मुख्य अपराधियों को सरकार बचा रही है।

वक्ताओं ने अंकिता हत्याकांड की सीबीआई जांच के अलावा भाजपा नेता दुष्यंत कुमार गौतम उर्फ 'गट्टू' को गिरफ्तार कर उससे पूछताछ करने की भी मांग की।जिसका नाम उस वीआईपी के रूप सामने आया है, जिसके पास अंकिता को 'विशेष सेवा के लिए जाने को बाध्य किया जा रहा था, और इससे इंकार करने पर उसकी हत्या कर दी गई।वक्ताओं ने कहा कि अगर मुख्यमंत्री अंकिता और उसके परिजनों को न्याय नहीं दिला सकते तो इस्तीफा दें।वक्ताओं ने कहा कि आज उत्तराखंड सहित पूरे देश में लड़कियों-महिलाओं के खिलाफ यौन अपराधों में लगातार बढ़ोत्तरी हो रही है। भाजपा से जुड़े लोग चाहे वो दुष्यंत कुमार गौतम उर्फ 'गट्टू' हो या कुलदीप सेंगर या फिर बृजभूषण शरण सिंह, ये सभी बेटियों के खिलाफ यौन अपराधों में सीधे शामिल हैं। आज लड़कियों-महिलाओं को सबसे ज्यादा खतरा सत्ता से जुड़े लोगों से ही है। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड सरकार की पर्यटन नीति को भी कठघरे में खड़ा किया और धामी सरकार को उत्तराखंड को अय्याशी का अड्डा बनाने का दोषी ठहराया। वक्ताओं ने कहा कि सांप्रदायिक विभाजन की राजनीति और पूंजीपतियों व माफियाओं की सेवा में व्यस्त मुख्यमंत्री धामी को न बेटियों की चिंता है और न ही जंगली जानवरों में रोज मरते गरीबों की चिंता है। इस दौरान प्रभात ध्यानी, चंद्रशेखर जोशी,इंद्र सिंह मनराल, राकेश चौहान, अनिल अग्रवाल खुलासा, राजेंद्र खुल्बे, योगेश सती, सभासद नवीन सुनेजा, मो. आसिफ, सुनील पर्नवाल, मुनीष कुमार, गिरीश आर्य, किशन शर्मा, कैलाश पांडे, आनन्द नेगी, रोहित रुहेला, मनमो. हन अग्रवाल, भुवन चंद्र, ललिता रावत, सरस्वती जोशी, कौशल्या चुन्याल, उषा पटवाल, तुलसी छिंवाल, गीता आर्य, शारदा देवी, ललिता देवी, रवि कुमार,सुमित कुमार, किरण आर्य, लालमणि, मेघा, लालता प्रसाद श्रीवास्तव, मोहन तिवारी, मुकेश जोशी, विभा श्रीवास्तव, तरुण जोशी,शंकर गोपाल, प्रेम सिंह बिष्ट आदि थे।

# बरहैनी क्षेत्र में आवारा पशुओं का आतंक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बाजपुर।** बरहैनी क्षेत्र में आवारा जानवरों की बढ़ती संख्या ग्रामीणों के लिए गंभीर समस्या बनती जा रही है। खेतों और आबादी के आसपास घूम रहे आवारा पशु किसानों की फसलों को भारी नुकसान पहुंचा रहे हैं। मेहनत से उगाई गई फसलें बर्बाद होने से किसानों में रोष और चिंता का माहौल है।

ग्रामीणों का कहना है कि आवारा जानवर दिन के साथ-साथ रात में भी खेतों में घुसकर फसलें चर जाते हैं। हालात इतने बिगड़ चुके हैं कि किसानों को अपनी फसलों और संपत्ति की सुरक्षा के लिए रातभर जागकर चौकीदारी करने को मजबूर होना पड़ रहा है। इससे उनकी दिनचर्या और स्वास्थ्य पर भी प्रतिक. ूल असर पड़ रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि इस समस्या को लेकर संबंधित विभागों और प्रशासन से कई बार शिकायत की जा चुकी है, लेकिन अब तक कोई समाधान नहीं निकल पाया है। न तो आवारा पशुओं के लिए स्थायी व्यवस्था की गई और न ही उन्हें पकड़ने की प्रभावी कार्रवाई हुई। क्षेत्रवासियों ने प्रशासन से आवारा पशुओं की समस्या का समाधान करने, गौशालाओं की व्यवस्था करने और फसलों की सुरक्षा के लिए ठोस कदम उठाने की मांग की है।

**कार्यालय नगर पालिका परिषद महुआखेड़ागंज, उधमसिंह नगर**

**गृहकर नामान्तरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती जुबैदा बेगम पत्नी श्री मौ0 अली निवासी वार्ड नं.-06 मैनबाजार महुआखेड़ागंज तहसील काशीपुर जिला ऊधमसिंह नगर से रजिस्ट्रड दानपत्र, शपथपत्र के आधार पर पालिका अभिलेख दाखिल खारिज कर अपना नाम दर्ज कराना चाहती हैं। प्राथी ने उक्त मकान नं.- 06/258 वाकै वार्ड नं.-06 मैनबाजार महुआखेड़ागंज को श्री मौ0 अली पुत्र श्री छिद्दा निवासी वार्ड नं.-06 मैनबाजार महुआखेड़ागंज तहसील काशीपुर जिला ऊधमसिंह नगर के नाम दर्ज है। रजिस्ट्रड बैनामें के आधार पर क्रय किया हैं। प्रार्थी वर्तमान में उक्त निर्मित मकान को पालिका के गृहकर अभिलेखों में स्वयं के नाम से दर्ज करवाना चाहती है। रजिस्ट्रड दानपत्र, शपथपत्र के आधार पर उक्त मकान नं.-06/258 महुआखेड़ागंज का दाखिल खारिज कर प्रार्थी के नाम दर्ज करने में किसी भी व्यक्ति को आपत्ति हो तो सूचना प्रकाशन तिथि के 35 दिन के अन्दर नगर पालिका परिषद महुआखेड़ागंज के कार्यालय में लिखित में सूचना दें। आपत्ति प्राप्त न होने की दशा में नियत तिथि के उपरांत नियमानुसार पालिका अभिलेखों में मात्र गृहकर वसूली हेतु नामान्तरण कर नाम दर्ज कर दिया जायेगा। बाद म्याद प्राप्त आपत्ति पर विचार किया जाना संभव नहीं होगा।

**अधिशासी अधिकारी**

**कार्यालय नगर पालिका परिषद महुआखेड़ागंज, उधमसिंह नगर**

**गृहकर नामान्तरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि राखी पुत्री श्री शिव किशोर निवासी वार्ड नं.-01 विजयनगर महुआखेड़ागंज तहसील काशीपुर जिला ऊधमसिंह नगर से रजिस्ट्रड बैनामें, शपथपत्र के आधार पर पालिका अभिलेख दाखिल खारिज कर अपना नाम दर्ज कराना चाहती हैं। प्रार्थी ने उक्त मकान नं.- 01/292 वाकै वार्ड नं.-01 विजयनगर महुआखेड़ागंज को श्रीमती विमला पत्नी श्री राजाराम निवासी ग्राम शिकारगाह तहसील टांडा जिला रामपुर के नाम दर्ज है। रजिस्ट्रड बैनामें के आधार पर क्रय किया हैं। प्रार्थी वर्तमान में उक्त निर्मित मकान को पालिका के गृहकर अभिलेखों में स्वयं के नाम से दर्ज करवाना चाहती है। रजिस्ट्रड बैनामें, शपथपत्र के आधार पर उक्त मकान नं.-01/292 महुआखेड़ागंज का दाखिल खारिज कर प्रार्थी के नाम दर्ज करने में किसी भी व्यक्ति को आपत्ति हो तो सूचना प्रकाशन तिथि के 35 दिन अन्दर नगर पालिका परिषद महुआखेड़ागज के कार्यालय में लिखित में सूचना दे। आपत्ति प्राप्त न होने की दशा में नियत तिथि के उपरांत नियमानुसार पालिका अभिलेखों में मात्र गृहकर वसूली हेतु नामान्तरण कर नाम दर्ज कर दिया जायेगा। बाद म्याद प्राप्त आपत्ति पर विचार किया जाना संभव नहीं होगा।

**अधिशासी अधिकारी**

**कार्यालय नगर पालिका परिषद महुआखेड़ागंज, उधमसिंह नगर**

**गृहकर नामान्तरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री गुलाम रसूल पुत्र श्री मुन्सफ अली निवासी ग्राम टाहा मदन पोस्ट उदमावाला रोशनपुर तह0 व जिला मुरादाबाद (उ0प्र0) द्वारा रजिस्ट्रड बैनामें, शपथपत्र के आधार पर पालिका अभिलेख दाखिल खारिज कर अपना नाम दर्ज कराना चाहते हैं। प्रार्थी ने उक्त खसरा नं.- 754 मिन कुल क्षेत्रफल 185.87 वर्गमीटर वाकै महुआखेड़ागंज को श्री आफताब हुसैन पुत्र श्री खलील अहमद निवासी मौ0 हकीमगंज महुआखेडागंज ऊधम सिंह नगर से रजिस्ट्रड बैनामे कर पंजीकृत क्रय किया हैं। प्रार्थी वर्तमान में उक्त खसरे पर निर्मित भूमि को पालिका के गृहकर अभिलेखों में स्वयं के नाम से दर्ज करवाना चाहता है। रजिस्ट्रड बैनामें, शपथपत्र के आधार पर उक्त खसरा नं.- 754 मिन कुल क्षेत्रफल 185.87 वर्गमीटर वाकै महुआखेड़ागंज का दाखिल खारिज कर प्रार्थनी के नाम दर्ज करने में किसी भी व्यक्ति को आपत्ति हो तो सूचना प्रकाशन तिथि के 35 दिन के अन्दर नगर पालिका परिषद महुआखेड़ागंज के कार्यालय में लिखित में सूचना दें। आपत्ति प्राप्त न होने की दशा में नियत तिथि के उपरांत नियमानुसार पालिका अभिलेखों में मात्र गृहकर वसूली हेतु नामान्तरण कर नाम दर्ज कर दिया जाएगा। बाद म्याद प्राप्त आपत्ति पर विचार किया जाना संभव नहीं होगा।

**अधिशासी अधिकारी**

**कार्यालय नगर पालिका परिषद महुआखेड़ागंज, उधमसिंह नगर**

**गृहकर नामान्तरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री मान सिंह तंवर पुत्र श्री शाम दत्त सिंह निवासी मकान नम्बर 125, साउथ सिटी, अलीगंज रोड काशीपुर जिला ऊधमसिंहनगर डायरेक्टर ऑरामैक्स ग्लास प्राइवेट लिमिटेड को रजिस्ट्रड बैनामें, शपथपत्र के आधार पर पालिका अभिलेख दाखिल खारिज कर अपना नाम दर्ज कराना चाहते हैं। प्रार्थी श्री मान सिंह तंवर डायरेक्टर ऑरामैक्स ग्लास प्राइवेट लिमिटेड द्वारा उक्त सम्पत्ति को श्री शुभराती हुसैन पुत्र श्री लियाकत हुसैन निवासी विशनपुर भीमाठेर अगवानपुर तह. व जिला मुरादाबाद व मौहम्मद सईद पुत्र श्री वहीद अहमद निवासी गोयल नगर आपोजिट गोयल विल्डिंग मानपुर मुरादाबाद व रमजानी हुसैन पुत्र श्री लियाकत हुसैन निवासी विशनपुर भीमाठेर अगवानपुर तह. व जिला मुरादाबाद से रजिस्ट्रड क्रय किया है। प्रार्थी उक्त सम्पत्ति को पालिका के सम्पत्तिकर अभिलेखों में मै. ऑरामैक्स ग्लास प्राइवेट लिमिटेड के नाम से दर्ज करवाना चाहते हैं। रजिस्ट्रड बैनामें, शपथपत्र के आधार पर उक्त सम्पत्ति का दाखिल खारिज कर मै. ऑरामैक्स ग्लास प्राइवेट लिमिटेड के नाम दर्ज करने में किसी भी व्यक्ति को आपत्ति हो तो सूचना प्रकाशन तिथि के 30 दिन के अन्दर नगर पालिका परिषद महुआखेडागंज के कार्यालय में लिखित में सूचना दें। आपत्ति प्राप्त न होने की दशा में नियत तिथि के उपरांत नियमानुसार पालिका अभिलेखों में मात्र गृहकर वसूली हेतु नामान्तरण कर नाम दर्ज कर दिया जायेगा। बाद म्याद प्राप्त आपत्ति पर विचार किया जाना संभव नहीं होगा।

**अधिशासी अधिकारी**

# जनसुनवाई दिवस में जिलाधिकारी ने सुनीं जनता की समस्याएं

**अधिकांश मामलों का मौके पर हुआ निस्तारण**



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिथौरागढ़ ।** प्रत्येक सोमवार को जनपद मुख्यालय में आयोजित होने वाले जनसुनवाई दिवस की अध्यक्षता आज सोमवार को जिलाधिकारी आशीष भटगांई द्वारा की गई। जनसुनवाई कार्यक्रम में जनपद के दूरस्थ एवं शहरी क्षेत्रों से बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित हुए और उन्होंने अपनी विभिन्न समस्याएं समाधान हेतु जिलाधिकारी के समक्ष रखीं।

जनसुनवाई के दौरान नागरिकों द्वारा राजस्व विभाग से संबंधित भूमि विवाद, सीमांकन एवं नामांतरण के प्रकरण, गांधी चौक क्षेत्र से अतिक्रमण हटाए जाने की मांग, ऐचोली डाकघर में नागरिकों के बैठने, लिखने एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं की व्यवस्था, निर्धन परिवारों हेतु आर्थिक सहायता, ग्रामीण एवं शहरी सड़कों की मरम्मत, विद्युत आपूर्ति से जुड़ी समस्याएं, पेयजल संकट, वृद्धावस्था पेंशन, सामाजिक सुरक्षा योजनाओं सहित अन्य जनकल्याणकारी विषयों से संबंधित समस्याएं दर्ज कराई गईं। जिलाधिकारी द्वारा जनसुनवाई के दौरान अधिकांश समस्याओं का मौके पर ही समाधान किया गया तथा जिन समस्याओं का तत्काल निस्तारण संभव नहीं था, उनके शीघ्र एवं समयबद्ध समाधान हेतु संबंधित विभागीय अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए गए। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि प्रत्येक प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए प्राथमिकता के आधार पर निस्तारित किया जाए तथा इसकी प्रगति से संबंधित शिकायतकर्ता को अवगत कराया जाए।

जिलाधिकारी आशीष भटगांई ने कहा कि जनसुनवाई प्रशासन और आम जनता के बीच सीधा संवाद स्थापित करने का एक प्रभावी माध्यम है। जनसुनवाई का मुख्य उद्देश्य जनसाधारण की समस्याओं को सुनकर उनका त्वरित, पारदर्शी एवं न्यायसंगत समाधान सुनिश्चित करना है। उन्होंने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप जनहित से जुड़े मामलों में किसी भी स्तर पर लापरवाही या अनावश्यक विलंब को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

जनसुनवाई कार्यक्रम में अपर जिलाधिकारी योगेन्द्र सिंह, उप जिलाधिकारी सदर मनजीत सिंह, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. एसएस ह्यांकी, परियोजना निदेशक ग्राम्य विकास आशीष पुनेठा, जिला विकास अधिकारी रमा गोस्वामी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी, कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

# लोहाघाट की बेटी दिया का शानदार प्रदर्शन, दो कांस्य पदकों से बढ़ाया जनपद का मान



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चम्पावत।** सोबन सिंह जीना विश्वविद्यालय, अल्मोड़ा के अंतर्गत आयोजित अंतर महाविद्यालय महिला एथलेटिक्स प्रतियोगिता में डिग्री कॉलेज लोहाघाट की बीए की छात्रा दिया ने 10,000 मीटर और 5,000 मीटर दौड़ में कांस्य पदक जीतकर महाविद्यालय और जनपद को गौरवान्वित किया।

इस उल्लेखनीय उपलब्धि के लिए जिला सभागार में आयोजित सम्मान समारोह में दिया को सम्मानित किया गया, जहां वरिष्ठ कोषाधिकारी सीमा बंगवाल और लोक निर्माण विभाग की एई प्रियंका चौहान ने उन्हें मेडल पहनाकर सम्मान प्रदान किया। समारोह के दौरान जिलाधिकारी एवं मुख्य विकास अधिकारी ने दिया के पिता महेश राम को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया और परिवार को बधाई दी।

जिलाधिकारी ने कहा कि दिया की सफलता कड़ी मेहनत, अनुशासन और आत्मविश्वास का परिणाम है, जो अन्य छात्राओं के लिए प्रेरणास्रोत बनेगी। उन्होंने विश्वास जताया कि कु. दिया भविष्य में राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर भी उत्कृष्ट प्रदर्शन कर जनपद और प्रदेश का नाम रोशन करेंगी। कार्यक्रम में उपस्थित अधिकारियों और कर्मचारियों ने भी उन्हें उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

## एक नजर

# एकल अभियान का 10 दिवसीय अभ्यास वर्ग संपन्न

**शिक्षा और व्यक्तित्व निर्माण पर दिया गया बल**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चम्पावत।** अंचल चम्पावत द्वारा आयोजित 10 दिवसीय प्रारम्भिक अभ्यास वर्ग का समापन मां भारती के समक्ष दीप प्रज्वलन के साथ गरिमामय वातावरण में सम्पन्न हुआ। समापन सत्र की अध्यक्षता शंकर पांडेय ने की। समापन सत्र के मुख्य वक्ता भैरव सिंह कार्की पूर्व प्रधानाचार्य, शिशु मंदिर रहे। उन्होंने एकल अभियान के उद्देश्यों, उसके कार्यों और समाज में उसकी भूमिका पर विस्तार से प्रकाश डाला। साथ ही आचार्य के रूप में कार्य करते हुए दायित्व, अनुशासन और संस्कारों के महत्व को रेखांकित किया।

मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित उपजिलाधिकारी चम्पावत अनुराग आर्या ने एकल अभियान की सराहना करते हुए कहा कि यह अभियान शिक्षा के साथ-साथ व्यक्तित्व निर्माण के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य कर रहा है और समाज के अंतिम व्यक्ति तक शिक्षा पहुंचाने का सशक्त माध्यम है। विशिष्ट अतिथि नगर संघ चालक बच्ची सिंह पुजारी ने अपने आशीर्वचनों से कार्यकर्ताओं का उत्साहवर्धन किया। 10 दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग में आयोजित परीक्षा के परिणामों की घोषणा संभाग कार्यकारिणी उपाध्यक्ष भुवन पाण्डेय जी ने की और सभी प्रशिक्षार्थियों को शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर जनार्दन, पूजा महर, रामेश्वरी राणा, सुरेश चन्द्र तिवारी, ममता पांडेय, विनीता फर्त्याल, रेखा देवी,भावना सेठी, पुष्पा ओझा, तुलसी ओली, दया किशन, किरण पंगरिया, पुष्पा पुनेठा, दीपा जोशी, रमेश, हिमांशु, निशा, रेणुका, उषा आदि मौजूद थे।

# वर्ष 2024-25 में हुए मनरेगा के कार्यों का भुगतान शीघ्र हो



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** वर्ष 2024-25 में मनरेगा के तहत किए कार्यों के अंश सामग्री का भुगतान नहीं होने से निर्वतमान बीडीसी एवं ग्राम प्रधान खफा हैं। उन्होंने एक वर्ष से अधिक समय गुजरने के बाद भी सामग्री अंश का भुगतान नहीं होने पर नाराजगी व्यक्त की है। इस संबंध में निवर्तमान ग्रामीण जनप्रतिनिधियों ने खंड विकास अधिकारी संजय कुमार गांधी को ज्ञापन सौंपा है।

खंड विकास अधिकारी गांधी को सौंप गए ज्ञापन में निवर्तमान क्षेत्र पंचायता एवं निवर्तमान ग्राम प्रधानों ने सामग्री अंश का भुगतान नहीं होने पर उन्हें मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। ज्ञापन में यह भी कहा गया है कि मनरेगा कार्य के सामग्री अंश का उधम सिंह नगर सहित अन्य जनपदों के कई विकास खंडों में इसका भुगतान हो चुका है। बीडीओ गांधी ने उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया। ज्ञापन देने वालों में महेन्द्र चन्द, ललिता राणा, कैलाश चन्द, सोनी गिहार, सपना देवी, प्रिया राणा, सुमन सिंह, रविंद्र सिंह, ललित मौर्य, मुकेश कुमार, मनोज चंद, कमलेश राणा आदि मौजूद थे।

# इंडिगो की दोनों उड़ानें रद्द

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर/पंतनगर।** सोमवार को घने कोहरे और कम दृश्यता के कारण इंडिगो की दिल्ली-पंतनगर की दोनों निर्धारित उड़ानें रद कर दी गईं। पहली उड़ान 6ई-73254 (दोपहर 1 बजे) और दूसरी 6ई-7156 (शाम 4:15 बजे) को मानकों से कम दृश्यता के चलते संचालन की अनुमति नहीं मिल सकी।

एयरपोर्ट निदेशक पवन कुमार ने बताया कि यात्रियों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है, इसलिए जोखिम नहीं लिया गया। उन्होंने कहा कि यात्रियों को अगली उपलब्ध उड़ानों में समायोजन या पूरा किराया लौटाने का विकल्प दिया गया।

# जनता दरबार में डीएम मनीष कुमार ने सुनीं गरीब, दिव्यांग, बुजुर्ग और महिलाओं की पीड़ा

**पेयजल से रोजगार तक मौके पर फैसले, तय समय में समाधान**



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चम्पावत।** जिला मुख्यालय में प्रत्येक सोमवार को आयोजित होने वाला जनता दरबार अब केवल शिकायत सुनने का मंच नहीं, बल्कि तुरंत कार्रवाई और मानवीय संवेदना का उदाहरण बनता जा रहा है। जिलाधिकारी मनीष कुमार की कार्यशैली में जहां एक ओर त्वरित निर्णय दिखाई देता है, वहीं दूसरी ओर गरीबों, दिव्यांगों, बुजुर्गों और महिलाओं के प्रति गहरी संवेदना भी झलकती है। फरियादियों के चेहरों पर मुस्कान लौटाना ही इस दरबार का मूल उद्देश्य बन गया है।

कलेक्ट्रेट के समीप गांव में रहने वाली सुनीता राणा की खुशी इस जनता दरबार की सार्थकता को बयां करती है। तीन वर्षों से पेयजल के लिए भटक रहीं सुनीता को न सिर्फ खुद के लिए बल्कि अन्य 10 परिवारों के लिए भी जलापूर्ति सुनिश्चित करने के आदेश जिलाधिकारी ने मौके पर ही जारी किए। डीएम ने स्पष्ट कहा कि निर्माण कार्य पूर्ण होने के बावजूद किसी भी परिवार को प्यासा नहीं रहने दिया जाएगा। जनता दरबार में तकनीपाल गांव के 16 परिवारों को अब तक पानी न मिलने पर जिलाधिकारी ने जल निगम के अधिशासी अभियंता को कड़ी फटकार लगाई और तीन दिन के भीतर समाधान का अल्टीमेटम दिया। साथ ही निर्देश दिए कि एसडीएम लोहाघाट की मौजूदगी में मौके पर जाकर विवाद का निस्तारण किया जाए। डीएम मनीष कुमार ने बीपीएल सूची की पारदर्शिता पर भी सख्त रुख अपनाते हुए कहा कि जो सक्षम हैं, वे स्वयं अपने बीपीएल कार्ड सरेंडर करें, ताकि वास्तव में जरूरतमंद परिवारों को योजनाओं का लाभ मिल सके। आपदा की दृष्टि से संवेदनशील क्षेत्रों में पंचायती या सरकारी भवनों के निर्माण पर भी चेतावनी दी गई यदि नियमों की अनदेखी हुई तो उत्तरदायित्व तय किया जाएगा। डीएम ने स्पष्ट किया कि जनता दरबार में निस्तारित प्रत्येक समस्या के क्रियान्वयन की पूरी जिम्मेदारी जिला प्रशासन की होगी। फरियादी आवश्यकता पड़ने पर फोन के माध्यम से भी संपर्क कर सकते हैं। इस अभियान में एडीएम गोस्वामी, सीएमओ डा. जीएस खड़ायत, एसडीएम सदर अनुराग आर्य, एसडीएम लोहाघाट सहित संबंधित विभागों के अधिकारी सक्रिय सहयोग कर रहे हैं।

# बाटा कॉलोनी और केसरी विहार को मिलेगी जलभराव से मुक्ति

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** महापौर विकास शर्मा ने पुरानी और जटिल समस्याओं के समाधान की दिशा में एक और बड़ा कदम उठाया है। वार्ड संख्या 16 के अंतर्गत आने वाली बाटा कॉलोनी और केसरी विहार के निवासियों को पिछले कई वर्षों से झेलनी पड़ रही जलभराव की समस्या का जल्द ही समाधान होगा। महापौर ने इस समस्या को प्राथमिकता पर लेते हुए नाला निर्माण के लिए तत्काल सर्वे और स्टीमेट तैयार करने के निर्देश जारी किए हैं।

महापौर विकास शर्मा के कैंप कार्यालय में जनसुनवाई के दौरान पार्षद प्रमोद शर्मा के नेतृत्व में दोनों कॉलोनियों का एक प्रतिनिधिमंडल पहुंचा जिसमें अधिकांश महिलाएं थी। स्थानीय निवासियों ने महापौर को बताया कि जल निकासी की उचित व्यवस्था न होने के कारण हल्की बारिश में भी भारी जलभराव हो जाता है, और कालोनीवासियों का जीवन नारकीय हो जाता है। घरों के गंदे पानी की निकासी न होने से बीमारियां फैलने का भी डर बना रहता है। महापौर ने मामले की गंभीरता को देखते हुए मौके से ही तहसीलदार दिनेश कुटौला को दूरभाष पर स्पष्ट निर्देश दिए कि सोमवार को ही प्रभावित क्षेत्र का सर्वे किया जाए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि नाला निर्माण के लिए जल्द से जल्द स्टीमेट तैयार कर फाइल प्रस्तुत की जाए ताकि बजट स्वीकृत कर निर्माण कार्य शुरू कराया जा सके।

इस अवसर पर महापौर विकास शर्मा ने कहा नगर निगम क्षेत्र के प्रत्येक नागरिक को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराना हमारी प्राथमिकता है। बाटा कॉलोनी और केसरी विहार में जलभराव की समस्या गंभीर है और इसका स्थायी समाधान नाला निर्माण ही है। उन्होंने कहा कि अधिकारियों को सर्वे और स्टीमेट बनाने के निर्देश दे दिये गये हैं जल्द यहां निर्माण कार्य शुरू होगा ताकि हजारों लोगों को इस नारकीय स्थिति से निजात मिल सके।

महापौर के इस त्वरित निर्णय और घोषणा के बाद पार्षद प्रमोद शर्मा सहित कॉलोनी वासियों ने खुशी जताई और महापौर का आभार व्यक्त किया। पार्षद प्रमोद शर्मा ने कहा कि वर्षों पुरानी इस मांग पर महापौर ने जिस तत्परता से संज्ञान लिया है, उससे क्षेत्र की जनता में भारी उत्साह है।

# धामी सरकार की ऐतिहासिक सौगात

## शारदा कॉरिडोर बनेगा स्पिरिचुअल इकोनॉमिक जोन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चम्पावत।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने जनपद चम्पावत के सर्वांगीण विकास को नई दिशा देते हुए शारदा कॉरिडोर को स्पिरिचुअल इकोनॉमिक जोन के रूप में विकसित करने की ऐतिहासिक घोषणा की है। घोषणा संख्या 685/2025 के तहत यह महत्वाकांक्षी परियोजना शहरी विकास विभाग के माध्यम से क्रियान्वित की जाएगी।

इसका उद्देश्य क्षेत्र की आध्यात्मिक, सांस्कृतिक और प्राकृतिक धरोहर को संरक्षित रखते हुए धार्मिक पर्यटन को संगठित स्वरूप देना और स्थानीय अर्थव्यवस्था को मजबूती प्रदान करना है।

परियोजना के अंतर्गत सड़क, पार्किंग, परिवहन, स्वच्छता, जल-संरक्षण, डिजिटल कनेक्टिविटी, सुरक्षा और आपदा प्रबंधन जैसी आधुनिक सुविधाओं का विकास किया जाएगा। स्पिरिचुअल इकोनॉमिक जोन बनने से स्थानीय युवाओं को गाइडिंग, आतिथ्य, ट्रैवल सेवाओं, योग-वेलनेस, ईको-टूरिज्म और सांस्कृतिक गतिविधियों में रोजगार व स्वरोजगार के नए अवसर मिलेंगे। साथ ही हस्तशिल्प, स्थानीय उत्पादों और लोक-संस्कृति को व्यापक बाजार उपलब्ध होगा। शारदा कॉरिडोर के साथ-साथ आदि कैलाश तथा अंजनीसैंणखवेलाकेदार क्षेत्र को भी इसी रूप में विकसित किया जाएगा। मुख्यमंत्री की यह दूरदर्शी पहल "आदर्श चम्पावत" की परिकल्पना को साकार करने की दिशा में मील का पत्थर साबित होगी और उत्तराखण्ड को आध्यात्मिक-आर्थिक विकास के वैश्विक मानचित्र पर सशक्त पहचान दिलाएगी।

# सुपर लीग में छह टीमों ने बनाई जगह

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ ऊधम सिंह नगर के तत्वावधान में चल रही सीनियर जिला क्रिकेट लीग प्रतियोगिता में छह टीमों ने सुपर लीग में जगह बनाई। पूल ए से गदरपुर क्रिकेट अकादमी और पीएस मॉडल क्रिकेट अकादमी ने, पूल बी से किंगसफोर्ड क्रिकेट अकैडमी काशीपुर और मौर्य क्रिकेट अकादमी गदरपुर ने तथा पूल सी से एमिनिटी मदनलाल क्रिकेट एकेडमी रुद्रपुर और रुद्रा लायंस क्रिकेट एकेडमी रुद्रपुर ने सुपर लीग में प्रवेश कर लिया है। सुपर लीग के मुकाबले मंगलवार से आठ जनवरी तक खेले जाएंगे। पहला मुकाबला एमिनिटी स्पोर्ट्स ग्राउंड पर मौर्य क्रिकेट अकादमी गदरपुर और एमिनिटी मदनलाल क्रिकेट एकेडमी रूद्रपुर के मध्य सुबह नौ बजे तथा किंगसफोर्ड क्रिकेट अकैडमी काशीपुर में गदरपुर क्रिकेट अकादमी और पीएस मॉडल क्रिकेट अकादमी के मध्य मुकाबला सुबह नौबजे से खेला जाएगा।

# नर्सिंग अधिकारी की शिकायत पर सीएमओ ने दिए जांच के आदेश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** जिला चिकित्सालय में तैनात एक संविदा नर्सिंग अधिकारी की शिकायत को गंभीरता से लेते हुए मुख्य चिकित्साधिकारी (सीएमओ) डॉ. केके अग्रवाल ने जांच के आदेश दिए हैं। महिला नर्सिंग अधिकारी ने एक जूनियर रेजिडेंट डॉक्टर पर कार्यस्थल पर अमर्यादित व्यवहार और मानसिक उत्पीड़न के गंभीर आरोप लगाए हैं। मामले की जांच के लिए समिति गठित की गई है।

महिला नर्सिंग अधिकारी का आरोप है कि ड्यूटी के दौरान संबंधित डॉक्टर द्वारा अपमानजनक भाषा का प्रयोग किया गया और उसे मानसिक रूप से प्रताड़ित किया गया। इससे न केवल उसके कार्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा, बल्कि कार्यस्थल का माहौल भी प्रभावित हुआ। महिला ने स्वयं को असुरक्षित महसूस करते हुए उच्च अधिकारियों से इसकी शिकायत की थी। सीएमओ डॉ. अग्रवाल ने कहा कि मामले की निष्पक्ष और पारदर्शी जांच कराई जाएगी। उन्होंने निर्देश दिए हैं कि जांच के दौरान दोनों पक्षों को अपना पक्ष रखने का पूरा अवसर दिया जाए और किसी प्रकार का दबाव या पक्षपात न हो। पूरे मामले की सुनवाई मंगलवार को सीएमओ कार्यालय में की जाएगी। जांच के लिए गठित यौन उत्पीड़न समिति की अध्यक्षता सामाजिक कार्यकर्ता बिंदुवासिनी कर रही हैं। समिति में अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. डीपी सिंह, बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. वसुधा मिश्रा, महिला कल्याण समिति की हीरा जंगपांगी और काशीपुर की महिला विकास मंच की सरोज ठाकुर सदस्य के रूप में शामिल हैं। समिति सभी संबंधित पक्षों के बयान दर्ज कर उपलब्ध तथ्यों के आधार पर अपनी रिपोर्ट तैयार करेगी। सीएमओ ने समिति के सदस्यों को निर्धारित तिथि पर समय से उपस्थित रहने और जांच प्रक्रिया को गंभीरता से पूर्ण करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही जांच रिपोर्ट समयबद्ध रूप से प्रस्तुत करने के आदेश भी दिए गए हैं।

# सेवा-सुरक्षा को लेकर राष्ट्रपति से हस्तक्षेप की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** मूल निवासी संघ के पदाधिकारियों ने टीईटी लागू होने से पहले नियुक्त प्राथमिक एवं जूनियर हाईस्कूल शिक्षकों की सेवा-सुरक्षा और उनके संवैधानिक अधिकारों की रक्षा की मांग की है। इस संबंध में संघ की ओर से जिलाधिकारी के माध्यम से राष्ट्रपति को ज्ञापन भेजा गया।

सोमवार को कलेक्ट्रेट पहुंचे संघ पदाधिकारियों ने कहा कि उनका उद्देश्य न तो शिक्षा की गुणवत्ता का विरोध करना है और न ही सर्वोच्च न्यायालय के किसी निर्णय से असहमति जताना है। वे सेवा में कार्यरत शिक्षकों के समक्ष उत्पन्न व्यावहारिक, मानसिक और संवैधानिक समस्याओं की ओर प्रशासन का ध्यान आकर्षित करना चाहते हैं। उन्होंने बताया कि राज्य के प्राथमिक और जूनियर हाईस्कूलों में हजारों शिक्षक टीईटी लागू होने से पूर्व तत्कालीन नियमों के तहत नियुक्त किए गए थे। उस समय बीटीसी, बीएड, जेबीटी जैसी योग्यताएं ही मान्य थीं और चयन प्रक्रिया पूर्णतः नियम सम्मत थी। टीईटी का उस समय कोई अस्तित्व नहीं था। संघ का कहना है कि सेवा के दौरान टीईटी को अनिवार्य किए जाने से शिक्षकों की सेवा-सुरक्षा पर प्रश्नचिह्न लग गया है, जिससे मानसिक तनाव, सामाजिक असुरक्षा और आजीविका को लेकर अनिश्चितता बढ़ गई है।

इसका प्रतिकूल प्रभाव शिक्षकों के मनोबल के साथ-साथ शिक्षा व्यवस्था की स्थिरता पर भी पड़ रहा है। इस अवसर पर मूल निवासी संघ के जिलाध्यक्ष संजय पाल, प्रांतीय उप-महासचिव अमर सिंह, आरएन दोहरे, हरीश कुमार, सुधीर कुमार सहित कई पदाधिकारी व सदस्य मौजूद रहे।

# अवैध वसूली के खिलाफ वाहन स्वामियों का प्रदर्शन

**एसडीएम का घेराव कर सौंपी वाहनों की चाबी**



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** पर्वतीय क्षेत्रों से रामनगर को आने वाले टैक्सी एवं प्राइवेट वाहन चालकों ने तहसील परिसर पहुंचकर नगर पालिका के ठेकेदार एवं उसके कर्मचारियों द्वारा पार्किंग के नाम पर की जा रही अवैध वसूली एवं अभद्रता के खिलाफ नगर पालिका प्रशासन एवं प्रदेश सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी एवं प्रदर्शन करते हुए नगर पालिका पर लूट करने का आरोप लगाया है और वाहन स्वामियों और चालकों ने अपने-अपने वाहनों की चाबियां एसडीएम प्रमोद कुमार को सौंप दी।

सोमवार को अल्मोड़ा जनपद के सल्ट से पूर्व जिला पंचायत सदस्य नारायण सिंह रावत के नेतृत्व में दर्जनों वाहन चालकों ने नगर पालिका की इस वसूली के खिलाफ तहसील में मोर्चा खोल दिया।पूर्व जिला पंचायत सदस्य नारायण सिंह रावत ने कहा कि दो माह पूर्व इस मामले को लेकर वाहन चालकों ने अपना विरोध दर्ज कराया था। आरोप लगाया कि पार्किंग के नाम पर ठेकेदार के कर्मचारियों द्वारा वाहन चालकों एवं वाहन स्वामियों के साथ पैसे ना देने पर अभद्रता एवं मारपीट की जाती है।

उन्होंने कहा कि नगरपालिका द्वारा शहर में कहीं भी पार्किंग की कोई व्यवस्था नहीं की गई है जिस कारण पार्किंग के नाम पर वाहनों से इस प्रकार की वसूली किया जाना पूरी तरह नियम विरुद्ध है।पूर्व में एसडीएम द्वारा इस मामले में नगर पालिका प्रशासन को पार्किंग के शुल्कों को काम करने के निर्देश देने के साथ ही इस वसूली को बंद करने के आदेश दिए गए थे।

उनका कहना था कि आदेश के बाद भी वर्तमान में भी वाहन चालकों से यह शुल्क जबरन वसूला जा रहा है। उन्होंने इस पर तत्काल रोक लगाने की मांग करते हुए कहा कि रामनगर में इस प्रकार की लूट वाहन स्वामियों से बंद होनी चाहिए और इसके विरोध में आज सभी वाहन स्वामियों ने अपने वाहनों की चाबियां एसडीएम को सौंप दी और मांग पूरी न होने पर चक्का जाम करने की चेतावनी भी दी है।

मामले में एसडीएम प्रमोद कुमार ने बताया कि इस मामले में नगर पालिका अधिशासी अधिकारी से वार्ता के बाद इस समस्या का समाधान निकाला जाएगा। उन्होंने कहा कि जो वाहन स्वामियों के आरोप है वह काफी गंभीर है यदि ठेकेदार व उसके कर्मचारियों द्वारा इस प्रकार से गुंडागर्दी का शुल्क वसूली की जा रही है तो संबंधित के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई भी की जाएगी।

इस दौरान क्षेत्र पंचायत सदस्य रंजीत सिंह रावत,रतन वर्मा,पप्पू बिष्ट, तारा सिंह, दीवान सिंह, संतोष कुमार, भुप्पी आर्य,पंकज बोहरा, दलीप सिंह आदि मौजूद रहे।

# पिछले साल हुई चोरी का पुलिस ने किया खुलासा

**पुलिस ने लैपटॉप सहित दो आरोपियों को किया गिरफ्तार**



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गदरपुर।** पुलिस ने क्षेत्र में हुई लैपटॉप चोरी की घटना का खुलासा करते हुए दो शातिर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके कब्जे से चोरी किए गए चार लैपटॉप और रुद्रपुर से चोरी की गई एक मोटरसाइकिल भी बरामद की है। गिरफ्तार आरोपियों का पुराना आपराधिक इतिहास बताया जा रहा है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार बराखेड़ा निवासी अंकुर चावला ने कोतवाली गदरपुर में तहरीर के माध्यम से बताया था कि दिनेशपुर-मटकोटा रोड पर अशोका रिसोर्ट के पास स्थित उनके 'ओवरसीज' कार्यालय से बीते 11 दिसम्बर को अज्ञात चोरों ने ताले तोड़कर लैपटॉप व अन्य सामान चोरी कर लिया है। पुलिस ने घटना के 22 दिन बाद अज्ञात के खिलाफ 4 जनवरी को मुकदमा दर्ज किया था। कोतवाल संजय पाठक का कहना है कि 5 जनवरी को मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने दिनेशपुर अंडरपास से करीब 100 मीटर पहले सड़क किनारे एक झोपड़ी के पास घेराबंदी की। वहां संदिग्ध अवस्था में मौजूद दो युवकों को हिरासत में लिया गया। तलाशी लेने पर उनके पास से चोरी के 04 लैपटॉप (HP, लेनोवो, और डेल कंपनी) और एक बिना नंबर की होंडा लीवो मोटरसाइकिल बरामद हुई।

गिरफ्तार अभियुक्तो ने पूछताछ के दौरान अपना नाम राजू विश्वास पुत्र रंजीत विश्वास, निवासी दिनेशपुर, इन्द्रजीत मण्डल पुत्र स्व. नारायण मण्डल, निवासी दिनेशपुर बताया। पूछताछ में आरोपियों ने कबूल किया कि बरामद लैपटॉप उन्होंने अंकुर चावला के ऑफिस से चोरी किए थे। वहीं, बरामद मोटरसाइकिल के बारे में उन्होंने बताया कि इसे उन्होंने रुद्रपुर क्षेत्र से चुराया था। पुलिस ने मामले में धारा 317(2) और 3(5) BNS की वृद्धि की है। आरोपियों का पुराना आपराधिक इतिहास भी खंगाला जा रहा है। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक संजय पाठक, कांस्टेबल कुन्दन सिंह, उमेश जोशी और जीवन फुलेरा की मुख्य भूमिका रही।

# ईदगाह बचाओ संघर्ष समिति ने किया प्रदर्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** खेड़ा क्षेत्र में ईदगाह की भूमि पर प्रशासन और नगर निगम द्वारा कब्जा किए जाने का आरोप लगाते हुए ईदगाह बचाओ संघर्ष समिति के पदाधिकारियों व विभिन्न संगठनों में आक्रोश व्याप्त है। इसके विरोध में समिति के बैनर तले सोमवार को कलेक्ट्रेट परिसर में प्रदर्शन किया गया और अपर जिलाधिकारी कौस्तुभ मिश्रा को ज्ञापन सौंपा गया।

संघर्ष समिति के नेतृत्व में विभिन्न सामाजिक संगठनों, मजदूर संगठनों, ट्रेड यूनियनों के कार्यकर्ता और सामाजिक कार्यकर्ता कलेक्ट्रेट पहुंचे। उन्होंने खेड़ा बस्ती, रुद्रपुर में स्थित ईदगाह, मदरसा, स्कूल के बच्चों के खेल मैदान, कब्रिस्तान, करबला आदि संस्थाओं की भूमि को संबंधित पक्षकारों को पुनः हस्तांतरित करने तथा निःशुल्क आवंटन की मांग की। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि खेड़ा बस्ती में स्थित मुस्लिम समाज के धार्मिक स्थल मस्जिद, ईदगाह और कब्रिस्तान की भूमि दशकों से मुस्लिम समुदाय के उपयोग में है, जहां धार्मिक व सामाजिक कार्यक्रम आयोजित होते रहे हैं। इसके अलावा यह भूमि बच्चों के खेल मैदान के रूप में भी उपयोग की जा रही थी। आरोप है कि हाल ही में नगर निगम और प्रशासन ने इस भूमि को अतिक्रमण की श्रेणी में दर्शाते हुए अपने कब्जे में ले लिया और सीलबंदी कर दी, जिससे मुस्लिम समाज के लोगों को गंभीर समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। इस दौरान फिरोज खान, परवेज कुरैशी, अशफाक, शाहिद रजा, शाजिद खान, अजीज खान, उमर अली, हाजी महफूज खां, फईम, शानू, अमीर, शौकत अली, राशिद आदि थे।

# अधिवक्ता सिद्धार्थ साह हाईकोर्ट के न्यायधीश नियुक्त

## राष्ट्रपति की मंजूरी के बाद अधिसूचना जारी



शाह टाइम्स संवाददाता

**नैनीताल।** नैनीताल निवासी प्रसिद्ध अधिवक्ता सिद्धार्थ साह को उत्तराखंड हाईकोर्ट के न्यायधीश के रूप में नियुक्त किया गया है। राष्ट्रपति की मंजूरी के बाद भारत सरकार के कानून और न्याय मंत्रालय ने सोमवार को उन्हें उच्च न्यायालय के अतिरिक्त न्यायधीश के रूप में नियुक्ति की अधिसूचना जारी की। यह नियुक्ति भारतीय संविधान के अनुच्छेद 224(1) के तहत की गई है। सिद्धार्थ साह वर्तमान में उत्तराखंड हाईकोर्ट में अधिवक्ता के रूप में अपनी सेवाएं दे रहे थे। उनकी नियुक्ति की सूचना उत्तराखंड के राज्यपाल, मुख्यमंत्री और उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायधीश के सचिवालयों को आधिकारिक तौर पर भेज दी गई है। यह आदेश 5 जनवरी 2026 को नई दिल्ली के जैसलमेर हाउस से जारी किया गया, जो भारत सरकार के संयुक्त सचिव जगन्नाथ श्रीनिवासन द्वारा हस्ताक्षरित था। सिद्धार्थ साह का जन्म 4 सितंबर 1971 को हुआ था। उन्होंने अपनी हाई स्कूल की पढ़ाई सेंट जोसेफ कालेज से की, जबकि इंटरमीडिएट की पढ़ाई बिड़ला विद्या मंदिर से की। स्नातक की डिग्री उन्होंने दिल्ली के किरोड़ीमल कालेज से प्राप्त की और कानून की डिग्री अल्मोड़ा से हासिल की। उनके पिता, एमएल साह, भी एक वरिष्ठ अधिवक्ता हैं। सिद्धार्थ साह के छोटे चाचा राजीव लोचन साह उत्तराखंड के एक प्रमुख वरिष्ठ पत्रकार हैं, और उनकी बहन साई किरण साह भी अधिवक्ता हैं। उनके बड़े भाई दीपांकर साह बंगलुरु में एक कंपनी में कार्यरत हैं, और उनकी पत्नी दीप्ति गृहणी हैं। उनके दो पुत्रियाँ भी हैं।

### कमेटी की जांच रिपोर्ट 18 फरवरी से पहले करें कोर्ट में पेश

शाह टाइम्स संवाददाता

**नैनीताल।** उत्तराखंड हाईकोर्ट ने ऊधमसिंह नगर जिले में 2021 में 99 कुंतल से अधिक अनाज सड़ने के मामले की जांच रिपोर्ट 18फरवरी से पहले कोर्ट में पेश करने का आदेश दिया है। राज्य सरकार ने कोर्ट को बताया कि मामले की जांच के लिए तीन सदस्यीय कमेटी गठित की गई है। यह अनाज बिना वितरण और रख-रखाव के सड़ गया था, जिसके बाद डीएम ने दोषियों से रिकवरी के आदेश दिए थे, लेकिन कमिश्नर ने इसे माफ कर दिया था।

# केन्द्र व राज्य सरकार को 10 दिनों की मोहलत

## छात्रवृत्ति के गबन मामले पर उत्तराखण्ड हाई कोर्ट में सुनवाई

शाह टाइम्स संवाददाता

**नैनीताल।** उत्तराखंड हाईकोर्ट ने प्रदेश के कई निजी कालेजों के द्वारा फर्जी छात्र दिखाकर करोड़ों रूपये की एससी एसटी छात्रों की छात्रवृत्ति का गबन करने के मामले में उसकी जांच महालेखाकार से कराए जाने को लेकर दायर जनहित याचिका पर सुनवाई की। मामले की सुनवाई करते हुए मुख्य न्यायधीश जी. नरेन्द्र व न्यायमूर्ति सुभाष उपाध्याय की खंडपीठ ने याचिकाकर्ता से कहा है कि जो समाज कल्याण विभाग की तरफ से शपथ पत्र पेश किया गया है उस पर वे अपनी प्रतिक्रिया करके कोर्ट में शपथ पत्र के माध्यम से पेश करें।

बता दें पूर्व में कोर्ट ने सुनवाई करते हुए कहा था कि भारत सरकार के महालेखाकार व राज्य सरकार 10 दिनों के भीतर अपना जवाब प्रस्तुत करने के साथ ही स्थिति से अवगत कराएं जिस पर सोमवार को राज्य सरकार के समाज कल्याण विभाग ने शपथपत्र पेश कर स्थिति से अवगत किया जिसमें कहा गया कि मामले की जांच चल रही है जो अभी तक जाँच हुई है उसकी रिपोर्ट कोर्ट में प्रस्तुत की जा चुकी है जिस पर कोर्ट ने याचिकर्ता से कहा कि वे इस पर अपनी प्रतिक्रिया कोर्ट में दे सकते हैं। मामले के अनुसार इंटर नेशनल पबलिक वेलफेयर सोसायटी ने उच्च न्यायालय में जनहित याचिका दायर कर कहा है कि केंद्र सरकार के द्वारा निजी कालेजों में पढ़ने वाले एसटी व एसी छात्रों की शिक्षा के लिए छात्रवृति समाज कल्याण विभाग के माध्यम से दी जाती है लेकिन यह छात्रवृति छात्रों को कालेजों के द्वारा नहीं दी गयी।

जब इसकी शिकायत की गई तो पता चला कि कई कालेजों ने अपने वहां फर्जी छात्र दिखाकर उनके नाम से छात्रवृत्ति ले ली गई। याचिका में कहा गया कि इस गबन में अब तक 156 मुकदमे दर्ज हो चुके हैं लेकिन उनकी सुनवाई अभी तक नहीं हुई। सुनवाई पर जब कोर्ट ने केंद्र सरकार के अधिवक्ता से पूछा कि अभी तक महालेखाकार के द्वारा इसका ऑडिट किया तो उनके द्वारा कोर्ट को अवगत कराया कि अभी तक इसका ऑडिट नहीं कराया गया जिस पर कोर्ट ने केंद्र व राज्य सरकार से कहा कि इसमें दस दिन में शपथ पत्र पेशकर स्थिति से अवगत कराएं।

### जिला खनन अधिकारी आज व्यक्तिगत रूप से पेश हों

**नैनीताल।** उत्तराखंड हाईकोर्ट ने नैनीताल जिले के रामगढ़ विकास खंड के सतोली गांव में बिल्डर को फायदा पहुंचाने के लिए ग्राम सभा के बोरिंग पानी को पहुंचाने के मामले में आज सुनवाई की। कोर्ट ने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए जिला खनन अधिकारी से आज मंगलवार हाईकोर्ट में व्यक्तिगत रूप से पेश होने का आदेश दिया। पिछली सुनवाई में कोर्ट ने जिला खनन अधिकारी से यह जानने के लिए रिपोर्ट पेश करने को कहा था कि यह पानी किसे-किसे पहुंचाया जा रहा है, लेकिन रिपोर्ट न मिलने पर कोर्ट ने यह आदेश दिया। सतोली के ग्रामीणों का आरोप है कि भवाली निवासी विपिन पंत ने सतोली में बोरिंग पानी को एक बिल्डर के कॉटेज तक पहुंचाने की अनुमति ली, जबकि गांव में पहले से ही स्वजल योजना की पाइपलाइन मौजूद है। विपिन पंत को 2011 में बोरिंग की अनुमति दी गई थी, लेकिन उसने उस समय बोरिंग नहीं की। अब पुरानी अनुमति के आधार पर बोरिंग करने की कोशिश की जा रही है, जबकि इस मामले में केंद्रीय भूजल प्राधिकरण से अनुमति लेना आवश्यक था।

### अवैध खनन पर अगली तारीख 9 जनवरी को

हाईकोर्ट में ऊधम सिंह नगर जिले के सिरोलीकलां समेत पांच ग्रामों में अवैध खनन के मामले में जनहित याचिका पर सुनवाई हुई। मुख्य न्यायधीश जी नरेंद्र और न्यायमूर्ति सुभाष उपाध्याय की खंडपीठ ने अगली सुनवाई 9 जनवरी शुक्रवार को तय की। सुनवाई के दौरान कोर्ट ने याचिकाकर्ता से कहा कि अगर जिला खनन अधिकारी की रिपोर्ट पर कोई आपत्ति हो, तो वह शपथपत्र के माध्यम से इसे कोर्ट में प्रस्तुत कर सकते हैं। याचिकाकर्ता का कहना है कि खनन अधिकारी की रिपोर्ट मानकों के अनुसार नहीं है और यदि यह रेवन्यू भूमि है तो भी खनन की अनुमति ली जानी चाहिए। कोर्ट ने याचिकाकर्ता से अपनी आपत्ति पेश करने को कहा है।

### हल्द्वानी नगर निगम ने हाईकोर्ट में पेश की रिपोर्ट

उत्तराखंड हाईकोर्ट में हल्द्वानी के बाजारों और फुटपाथों पर अवैध रूप से लगे फड़, ठेले और रिक्शा हटाने के मामले में सोमवार को सुनवाई हुई। नगर निगम ने अपनी रिपोर्ट कोर्ट में पेश की, जिसमें कहा गया कि फड़, ठेले और रिक्शा के लिए कई स्थान चिन्हित किए गए हैं। कोर्ट ने याचिकर्ता से कहा कि यदि उन्हें रिपोर्ट पर कोई सुझाव हो, तो वे नगर निगम को दे सकते हैं, अन्यथा कोर्ट में भी दिए जा सकते हैं। यह जनहित याचिका हल्द्वानी निवासी सामाजिक कार्यकर्ता हितेश पांडे ने दायर की थी, जिसमें आरोप था कि बिना रजिस्ट्रेशन के फड़ और ठेले शहर में अव्यवस्थित रूप से लगाए जा रहे हैं, जिससे आम जनता को चलने में दिक्कत हो रही है और सड़क दुर्घटनाएं बढ़ रही हैं। याचिका में अवैध ठेले हटाने, रजिस्टर्ड व्यवसायियों के लिए भूमि आवंटन और पार्किंग व्यवस्था की मांग की गई थी। सुनवाई 18 फरवरी को होगी।

## एक नजर

### 21 वकीलों ने किए पर्चे दाखिल

**नैनीताल।** उत्तराखंड बार काउंसिल के 25 सदस्यों के चुनाव हेतु नामांकन प्रक्रिया जारी है। सोमवार को बार काउंसिल के सदस्य पद के लिये 16 अधिवक्ताओं ने नामांकन किये। इस प्रकार अब तक कुल 21 अधिवक्ता नामांकन दाखिल कर चुके हैं। चुनाव अधिकारी इलाहाबाद हाईकोर्ट के सेवानिवृत न्यायधीश राम अवतार सिंह की मौजूदगी में जिन अधिवक्ताओं ने नामांकन किये उनमें नलिन शेखर सौन, कुलदीप कुमार, रविन्द्र कुमार, प्रीतम सिंह असवाल, सुखपाल सिंह, दिवाकर पांडे, चंद्रशेखर तिवारी, आलोक घिल्डियाल, हरि सिंह नेगी, मधु ठाकुर, मन मोहन लांबा, अभिषेक बहुगुणा, प्रवीर, हेमलता पांडे, मो. विलावर खान तथा रजिया बेग ने नामांकन किये जबकि 3 व 4 जनवरी को 5 अधिवक्ता नामांकन करा चुके हैं।

### नैनीताल की बिडला रोड कल से रहेगी बंद

**नैनीताल।** प्रांतीय खंड लोक निर्माण विभाग के सहायक अभियंता तुलाराम टम्टा ने बताया कि 7 जनवरी से 25 जनवरी तक वेलकम होटल तल्लीताल से भोटिया बैण्ड तक प्रथम चरण में मार्ग के लगभग 700 मीटर में कंक्रीट करके मार्ग के सुदृढ़ीकरण व सतह सुधारीकरण का कार्य किया जाएगा और यह भाग उक्त अवधि में पूर्ण रुप से बंद रहेगा, इसमें किसी भी प्रकार के वाहनों का आगमन पूर्ण रुप से बंद रहेगा। टमटा ने सभी सभासदों से भी अनुरोध किया है कि इसकी सूचना अपने-अपने वार्ड के स्थानीय व बाहरी निवासियों को दें ताकिकार्य को निर्धारित समय में पूरा किया जा सके

### क्रिकेट: खुर्पाताल ने जीता उद्घाटन मुकाबला

**नैनीताल।** ग्रामीण क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ सोमवार को मुख्य अतिथि मंडल मंत्री भाजपा ग्रामीण नैनीताल विजय बिष्ट तथा सामाजिक कार्यकर्ता तारा सिंह कनवाल व त्रिलोक सिंह राठौर ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस मौके पर आयोजककर्ता विक्रम सिंह कनवाल, मनीष कनवाल, अनुराग और समस्त ग्रामीण जन व युवा शक्ति मौजूद रही। सोमवार को प्रतियोगिता का पहला मुकाबला बजून और खुर्पाताल के मध्य खेला गया जिसमें रोमांचक मुकाबले में एक विकेट से खुर्पाताल ने मुकाबला जीत लिया। निर्णायक जीतू और अंकित थे।

### अंकिता हत्यांकाड: कांग्रेस का कैंडिल मार्च आज

**नैनीताल।** देवभूमि उत्तराखंड की दिवंगत बेटी अंकिता भंडारी को पूर्ण न्याय दिलवाने व इस प्रकरण की निष्पक्ष जांच उच्चतम न्यायालय की निगरानी में करवाने की मांग को लेकर नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य के नेतृत्व में मंगलवार आज सांय 5.15 बजे नैनीताल के मल्लीताल स्थित पंत पार्क से तल्लीताल गांधी चौक तक कैंडल मार्च निकाला जाएगा। यह जानकारी नगर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अनुपम कबड्वाल ने दी। कबड्वाल ने सभी पार्टी कार्यकर्ताओं समेत अन्य लोगों से इस कार्यक्रम में अधिक से अधिक भागीदारी का आह्वान किया है।

### कोटद्वार के सरोप सिंह 4 लाख रुपये के निजी चेक भुगतान मामले में दोषमुक्त करार

शाह टाइम्स संवाददाता

**नैनीताल।** अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट रवि रंजन की अदालत ने कोटद्वार निवासी सरोप सिंह को 4 लाख रुपये के निजी चेक से भुगतान करने के आरोप में दोषमुक्त करार दिया है। मामले के अनुसार, अभियोजन पक्ष ने अदालत में दावा किया था कि सरोप सिंह ने निशोला भीमताल निवासी नंदन सिंह से निजी जरूरत के लिए 4 लाख रुपये मांगे थे। इसके बाद सरोप सिंह ने 11 जुलाई 2024 को दो चेक (संख्या 00537 और 00538) दिए, जिनमें से प्रत्येक पर 2 लाख रुपये थे। जब इन चेकों को प्रस्तुत किया गया, तो भुगतान नहीं हो सका। इसके बाद नंदन सिंह ने आरोपी को नोटिस भेजा। आरोपी सरोप सिंह ने अदालत में दावा किया कि उसकी चेक बुक खो गई थी, और उसने इसकी शिकायत भी दर्ज कराई थी। उन्होंने यह भी कहा कि वह नंदन सिंह को नहीं जानते और न ही कभी भीमताल गए। उन्होंने यह सवाल भी उठाया कि वह कोटद्वार से भीमताल जाकर 4 लाख रुपये क्यों मांगेंगे। दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद न्यायालय ने सरोप सिंह को सभी आरोपों से दोषमुक्त कर दिया। इस मामले में परिवादी की ओर से अधिवक्ता पंकज कुमार और अभियुक्त की ओर से अधिवक्ता प्रमोद तिवारी और अमित कुमार ने पेशी की।

### टैक्सी चालक का पर्यटकों से विवाद, मारपीट करने पर पर्यटकों का चालान

**नैनीताल।** सरोवर नगरी नैनीताल के तल्लीताल क्षेत्र में पर्यटकों को घुमा रहे टैक्सी चालक और पर्यटकों के बीच विवाद हो गया। विवाद बढ़ने पर पर्यटकों ने चालक के साथ मारपीट कर दी। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने स्थिति को नियंत्रित किया। प्राप्त जानकारी के अनुसार हरियाणा से आए कुछ पर्यटकों ने तल्लीताल से घूमने के लिए टैक्सी बुक की थी। भ्रमण के दौरान टैक्सी चालक हरीश सिंह रावत और पर्यटकों के बीच किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई, जो देखते ही देखते हाथापाई में बदल गई। घटना के दौरान क्षेत्र में हंगामा हो गया। मालूम हो की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों पक्षों को शांत कराया। एएसआई सुनील कुमार ने बताया कि बाद में दोनों पक्षों के बीच आपसी समझौता हो गया। हालांकि, रेवाड़ी (हरियाणा) निवासी मोनू सिंह के विरुद्ध पुलिस एक्ट के तहत चालानी कार्रवाई की।

# उत्तराखंड हाईकोर्ट ने राज्य की न्यायिक व्यवस्था में किए महत्वपूर्ण बदलाव

**नैनीताल।** उत्तराखंड हाईकोर्ट ने राज्य की न्यायिक व्यवस्था में महत्वपूर्ण बदलाव करते हुए कई वरिष्ठ न्यायिक अधिकारियों के स्थानांतरण और नई नियुक्तियों की अधिसूचना जारी की है। बता दें मुख्य न्यायाधीश के आदेश से जारी इस अधिसूचना के अनुसार शासन में तैनात प्रमुख सचिव (विधि) प्रशांत जोशी को नैनीताल का नया जिला एवं सत्र न्यायाधीश नियुक्त किया गया है। वह हरीश कुमार गोयल का स्थान लेंगे जिनके नाम की सिफारिश राज्य सरकार को पौड़ी गढ़वाल के परिवार न्यायालय में प्रमुख न्यायाधीश के रूप में तैनाती के लिए भेजी गई है। इसी क्रम में राज्य परिवहन अपीलीय न्यायाधिकरण देहरादून के अध्यक्ष नितिन शर्मा को भी उनके मूल विभाग में वापस बुला लिया गया है। उन्हें टिहरी गढ़वाल का नया जिला एवं सत्र न्यायाधीश नियुक्त किया गया है। श्री शर्मा यहां अमित कुमार सिरोही का स्थान लेंगे। टिहरी के वर्तमान जिला जज अमित कुमार सिरोही को अब राज्य सरकार में प्रमुख सचिव (विधि), सह एलआर के महत्वपूर्ण पद पर नियुक्त करने की सिफारिश की गई है। प्रशासनिक कार्यों को सुचारू बनाने के लिए हाईकोर्ट ने अतिरिक्त प्रभार और नई नियुक्तियों के सुझाव भी दिए हैं। वाणिज्यिक कर न्यायाधिकरण के अध्यक्ष मलिक मज़हर सुल्तान को उनके वर्तमान कार्यों के साथ-साथ राज्य परिवहन अपीलीय न्यायाधिकरण देहरादून के अध्यक्ष पद का अतिरिक्त प्रभार सौंपने की अनुशंसा की गई है। इसके अतिरिक्त पौड़ी गढ़वाल के परिवार न्यायालय के प्रमुख न्यायाधीश राहुल गर्ग को हरिद्वार के श्रम न्यायालय में पीठासीन अधिकारी के रिक्त पद पर तैनात करने का निर्णय लिया गया है। हाईकोर्ट के रजिस्ट्रार जनरल योगेश कुमार गुप्ता द्वारा हस्ताक्षरित यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू माने जाएंगे। हालांकि इन स्थानांतरणों का पूर्ण क्रियान्वयन राज्य सरकार द्वारा प्रासंगिक प्रतिनियुक्ति और पोस्टिंग अधिसूचनाएं जारी होने के बाद ही प्रभावी होगा।

### भाजपा नेता हेम आर्य ने सुनी जनसमस्याएं

शाह टाइम्स संवाददाता

**नैनीताल।** भाजपा के वरिष्ठ नेता हेम चंद्र आर्य ने सोमवार को नैनीताल विधान सभा के तहत बेतालघाट के विभिन्न ग्रामीण क्षेत्रों में जनसंपर्क अभियान चलाया। इस दौरान हेम आर्य ने जंतवाल गांव, धारी खैरनी और थापली जनसंपर्क अभियान चलाया। इस दौरान उन्होंने लोगों को केंद्र सरकार और राज्य सरकार कि ग्रामीण क्षेत्रों में चलाई जा रही है विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी वही थापली में क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ किया। उन्होंने खिलाड़ियों का परिचय प्राप्त कर खेल का शुभारंभ किया। इस दौरान युवाओं ने हेम आर्य से क्षेत्र में क्रिकेट खेलने के लिए मैदान नहीं है। उन्होंने आश्वासन दिया कि जल्द वह थापली क्षेत्र में खेल के मैदान के लिए मुख्यमंत्री से वार्ता करेंगे। इस दौरान उन्होंने गांव के लोगों की समस्या भी सुनीं।

# डा. मोहित रौतेला का स्वागत



शाह टाइम्स संवाददाता

**नैनीताल।** भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा का प्रदेश संयोजक बनाए जाने पर सोमवार को नैनीताल में डा. मोहित रौतेला का नैनीताल क्लब वार्ड के युवाओं द्वारा स्वागत और अभिनंदन किया गया। इस दौरान सभी युवाओं ने पार्टी के प्रति अपनी निष्ठा जाहिर की और संकल्प दोहराया कि विधान सभा चुनाव 2027 में भारतीय जनता पार्टी लगातार तीसरी बार प्रदेश में सरकार बनाएगी। कहा कि युवा मुख्यमंत्री पुष्कर धामी के नेतृत्व में विकास की गंगा बह रही है और युवाओं को रोजगार के विषय में कहा कि प्रदेश में अभी लगभग 25 हजार युवाओं को सरकारी नौकरी मिली है लगातार काम हो रहे हैं मातृशक्ति का सम्मान हो रहा है, लगातार केंद्र और राज्य की सरकार में विकास योजनाओं को धरातल पर उतार रही है इन्हीं सब विकास कार्यों से पुनरू सरकार की वापसी की जाएगी। इस दौरान कई भाजपाई मौजूद रहे।

# 27 जनवरी को देशव्यापी हड़ताल पर रहेंगे बैंक कर्मी, तैयारी शुरु

शाह टाइम्स संवाददाता

**नैनीताल।** उत्तराखंड बैंक इंपलाईज यूनियन के चैयरमैन कामरेड प्रवीण साह ने बताया कि यूनाईटेड फोरम आफ बैंक यूनियंस के आह्वान पर बैंकों में हफ्ते के काम काज की अवधि पांच दिन की किए जाने की एक सूत्रीय मांग को लेकर बैंक कर्मियों की ओर से 27 जनवरी मंगलवार को देशव्यापी हड़ताल की जाएगी। साह के मुताबिक बैंक कर्मी इस जायज मांग को लेकर लंबे समय से आंदोलित है। मांग को लेकर बीते 10 दिसंबर 2025 बुधवार को दिल्ली के जंतर-मंतर में भी धरना प्रदर्शन कर सरकार से आग्रह किया गया था बावजूद इसके अभी तक कोई भी कार्रवाई न होना बेहद चिंतनीय है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार के कार्यालयों में कामकाज की अवधि हफ्ते में पांच दिन की है वहीं दूसरी ओर एलआईसी व आरबीआई में भी पांच दिन का वीक होता है। उन्होंने कहा कि बैंक कर्मी पांच दिन का सप्ताह किए जाने की मांग पूरी होने के एवज में हर रोज अपने काम की अवधि चालीस मिनट और बढ़ाने को भी तैयार हैं। साह ने कहा कि अब बैंक कर्मियों ने इस मांग को पूरा करने के लिए आर पार की लड़ाई लडने का मन बना लिया है। वर्तमान में 27 जनवरी 2026 के एक दिन देशव्यापी हड़ताल को कामयाब बनाने के लिए हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं। देश भर की बैंक यूनियनों की ओर से अपने-अपने स्तर से तैयारियां शुरु कर दी हैं। उन्होने कहा कि केंद्र सरकार को चाहिए कि वह बैंक कर्मियों की हड़ताल को मद्देजनर रखते हुए हड़ताल से पूर्व ही उनकी जायज मांग को पूरा करे। बैंक कर्मी भले ही अपनी एक सूत्रीय मांग को लेकर 27 जनवरी को देशव्यापी हड़ताल कर रहे हैं लेकिन 27 जनवरी के साथ ही बैंक इससे पूर्व भी तीन दिन यानी 24 जनवरी को चतुर्थ शनिवार, 25 को रविवार तथा 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस के चलते बंद रहेंगे।



# न्याय में देरी पर सरकार की चुप्पी चिंतनीय

## अंकिता भंडारी हत्याकांड की सीबीआइ जांच हो: पीसी जोशी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**हल्द्वानी।** अंकिता भंडारी हत्याकांड को लेकर सरकार की कथित चुप्पी पर सामाजिक कार्यकर्ता पीसी जोशी ने गहरी नाराज़गी जताई है। उन्होंने कहा कि एक पिता होने के नाते यह मामला उन्हें भीतर तक झकझोर देता है। जोशी ने सवाल उठाया कि पीड़िता का आखिर क्या दोष था और यदि न्याय हुआ है तो उसके साक्ष्य जनता के सामने क्यों नहीं रखे जा रहे हैं। उन्होंने मांग की कि यदि मामले में सीबीआई जांच हुई है, तो यह स्पष्ट किया जाए कि जांच कब हुई और दोषियों को क्या सजा मिली। साथ ही, यदि सजा दी गई है तो उससे जुड़े प्रमाण और साक्ष्य सार्वजनिक किए जाएं ताकि किसी भी तरह के संदेह का अंत हो सके। जोशी ने कहा कि विपक्ष और सरकार के दावों में विरोधाभास है। एक ओर न्याय की बात हो रही है, दूसरी ओर ठोस प्रमाण सामने नहीं आ रहे। पीसी जोशी ने यह भी कहा कि बेटी वापस नहीं आ सकती, लेकिन सच सामने आना चाहिए ताकि यह स्पष्ट हो सके कि गलती किसकी थी और दोषियों को वास्तविक सजा मिली या नहीं। उन्होंने सवाल किया कि यदि सब कुछ सही तरीके से हुआ है तो सरकार साक्ष्यों के साथ स्थिति स्पष्ट करने से पीछे क्यों हट रही है। उन्होंने उन माताओं का भी उल्लेख किया जो आज भी सड़कों पर न्याय की गुहार लगा रही हैं। जोशी ने कहा कि यह मामला किसी पक्ष या विपक्ष का नहीं, बल्कि आम जनमानस का है, जो न्याय के इंतजार में खड़ा है। उन्होंने न्यायिक प्रक्रिया में पारदर्शिता की मांग करते हुए कहा कि दोषी चाहे किसी भी पक्ष से हों, उन्हें जनता के सामने लाया जाना चाहिए और न्याय को स्पष्ट, प्रमाणित रूप में प्रस्तुत किया जाना चाहिए।



### ऐपण प्रदर्शनी का शुभारंभ

**नैनीताल।** मिट्टी से रंग तक संस्था का शुभारंभ सोमवार को नैनीताल के जहांगीराबाद मल्लीताल में किया गया साथ ही ऐपण पर प्रदर्शनी भी लगाई गई। मुख्य अतिथि विधायक सरिता आर्या ने रिबन काटकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में एडीएम विवेक राय और उत्तराखंड बार एसोसिएशन के अध्यक्ष दिनेश चंद्र सिंह रावत भी मौजूद रहे। संस्था की अध्यक्ष एडवोकेट डा. पूनम ने बताया कि संस्था का मुख्य उद्देश्य भारतीय कला और संस्कृति का संरक्षण व संवर्धन तथा नए कलाकारों को मंच प्रदान करने के साथ ही प्राचीन और पारंपरिक कला को बढ़ावा देने के साथ ही बच्चों व युवाओं के लिए निशुल्क कला शिविर तथा कला के माध्यम से सामाजिक जागरूकता बढ़ाना है।

# भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के नव नियुक्त प्रदेश उपाध्यक्ष इसरार हुसैन का भव्य स्वागत

शाह टाइम्स ब्यूरो

**हल्द्वानी।** भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के नव नियुक्त प्रदेश उपाध्यक्ष इसरार हुसैन का स्वागत समारोह पूर्व दर्जा राज्यमंत्री मज़हर नईम नवाब के कार्यालय में धूमधाम से आयोजित किया गया। इस अवसर पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने इसरार हुसैन का जोरदार स्वागत किया और उनके नेतृत्व में पार्टी को नई दिशा मिलने की आशा जताई। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए पूर्व दर्जा राज्यमंत्री मज़हर नईम नवाब ने इसरार हुसैन को उनके नवनियुक्त पद पर बधाई दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। श्री नवाब ने भाजपा की नीतियों की सराहना करते हुए कहा कि भाजपा ही एकमात्र ऐसी पार्टी है, जो हर वर्ग का सम्मान करती है और समानता की भावना से काम करती है। उन्होंने कांग्रेस की अल्पसंख्यक समाज के प्रति विभाजनकारी नीतियों पर भी सवाल उठाए और मुस्लिम समाज से आह्वान किया कि वे इन नीतियों को समझें और भाजपा की विकासात्मक दृष्टिकोण को अपनाएं।

श्री नवाब ने आगे कहा मुझे उम्मीद है कि इसरार हुसैन जैसे युवा नेतृत्वकर्ता भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा को और मज़बूती देंगे और समाज के हर वर्ग तक भाजपा की जनकल्याणकारी नीतियों को पहुंचाएंगे। स्वागत समारोह में बोलते हुए इसरार हुसैन ने प्रदेश नेतृत्व का आभार व्यक्त किया और कहा मैं विश्वास दिलाना चाहता हूं कि जो जिम्मेदारी मुझपर दी गई है, उसे मैं पूरी निष्ठा से निभाऊंगा। मैं भाजपा के जनकल्याणकारी दृष्टिकोण को मुस्लिम समाज तक पहुंचाने का पूरा प्रयास करूंगा। स्वागत कार्यक्रम में पूर्व कोषाध्यक्ष शकील अंसारी, फारुख अंसारी, जमाल सिद्दीकी, अफज़ाल कुरैशी, फईम रिज्वी, नाज़िम, भूरा, चांद बाबू, शुएब, सलीम, हसन उपस्थित रहे।



# बहुउद्देशीय शिविर का 475 लोगों को मिला लाभ

शाह टाइम्स संवाददाता

**नैनीताल।** सोमवार को नैनीताल जिले के ओखलकांडा विकासखंड कार्यालय में एक बहुउद्देशीय शिविर आयोजित किया गया, जिसमें 475 लोगों ने लाभ उठाया। शिविर में जिलाधिकारी ललित मोहन रयाल ने क्षेत्र की समस्याओं को सुना और मौके पर समाधान किया। इस शिविर के माध्यम से नागरिकों को राज्य और केंद्र सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई और पात्र लाभार्थियों को योजनाओं से जोड़ा गया। शिविर में विभागीय स्टालों के जरिए सेवाओं का लाभ प्रदान किया गया। प्रमुख मुद्दों में पेयजल, आदमखोर तेंदुए से निजात, जल जीवन मिशन, सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य और कूड़े के निस्तारण से संबंधित समस्याएं शामिल थीं। जिलाधिकारी ने कहा कि मुख्यमंत्री की मंशा के अनुरूप सरकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना प्रशासन का उद्देश्य है। शिविर में पशु चिकित्सा केंद्रों के भवन मरम्मत, पशु चिकित्सक की तैनाती और मृत पालतू पशुओं के बीमा से संबंधित समस्याएं भी उठाई गई। इस अवसर पर विधायक राम सिंह कैड़ा, ब्लॉक प्रमुख केडी रुबाली, सदस्य जिला पंचायत डिगर सिंह मेवाड़ी, और अन्य जनप्रतिनिधि भी उपस्थित रहे।



# विस चैंपियन ट्राफी का शुभारंभ

शाह टाइम्स संवाददाता

**नैनीताल।** नैनीताल जिल के भीमताल मिनी स्टेडियम में विधानसभा भीमताल की चैंपियन ट्राफी का ब्लॉक प्रमुख भीमताल डा. हरीश सिंह बिष्ट ने सोमवार को दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया। बता दें कि भीमताल विधानसभा अंतर्गत अंडर 14 और अंडर 19 बालक एवं बालिका वर्ग में एथलेटिस, कबड्डी, खो-खो तथा वॉलीबॉल खेलों का आयोजन किया जा रहा है। भीमताल विधानसभा के ब्लॉक भीमताल, धारी, ओखलाकांडा तथा रामगढ़ ब्लॉक के प्रतिभागी प्रतिभाग कर रहे हैं। ब्लॉक प्रमुख ने अपने संबोधन में कहा कि प्रतियोगिताओं का उद्देश्य स्थानीय स्तर पर खेल प्रतिभाओं को निखारना तथा शारीरिक,मानसिक विकास करना और युवाओं में अनुशासन व टीम भावना का संचार करना है साथ ही खेलो के क्षेत्र में विशेष अभियान चलाने की जरूरत है ताकि अधिक युवाओं का शारीरिक विकास हो। उन्होंने युवाओं से नशे को दूर रहने और खेलो के क्षेत्र में भविष्य उज्ज्वल करने की अपील की। कहा कि मेरा एवं सरकार का स्थानीय स्तर पर ग्रामीण प्रतिभाओं को अवसर प्रदान करना है जिससे वह आगे बढ़ सके। खेल सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए मुख्यमत्री पुष्कर सिंह धामी एवं खेल मंत्री रेखा आर्य सरकार निरन्तर कार्य रही हैं। इस दौरान प्रमुख डा.बिष्ट ने खेल प्रतियोगिता में 100 मीटर, 200 मीटर, 800 तथा 1500 मीटर के सभी विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया। संचालन डा. प्रदीप उपाध्याय ने किया। इस अवसर पर खंड विकास अधिकारी हर्षित गर्ग, युवा कल्याण अधिकारी दीपक मेहता, इमरान खान, हर्षदीप सिंह, अजय कुमार, विकास चौहान, मनोज पांडे, मोनिका नयाल, धीरेन्द्र जीना तथा कमल कुल्याल सहित अन्य शिक्षक प्रतिभागी युवा उपस्थित रहे।



# पंतनगर विश्वविद्यालय में नववर्ष पर सांस्कृतिक कार्यक्रम

शाह टाइम्स संवाददाता

**पंतनगर।** पंतनगर कृषि विश्वविद्यालय में महिला क्लब की अध्यक्षा एवं विश्वविद्यालय की प्रथम महिला वीना चौहान के कुशल नेतृत्व में नव वर्ष के शुभ अवसर पर एक सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में विश्वविद्यालय फार्म में कार्यरत आदिवासी समाज के लोगों को सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करने का मंच प्रदान किया गया जो कि महिला क्लब के लगभग 20 वर्ष के कार्यकाल में पहला अवसर था। युवा आदिवासियों द्वारा भी हर्षोल्लास से कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। पर्वतीय क्षेत्र के स्थानीय कलाकारों एवं विश्वविद्यालय के गार्डन सेक्शन में कार्यरत महिला श्रमिकों द्वारा भी लोकनृत्य प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम में प्रतिभाग करने वाले कलाकारों का प्रोत्साहन विश्वविद्यालय के कुलपति एवं मुख्य अतिथि प्रोफेसर डा. मनमोहन सिंह चौहान द्वारा सभी को कंबल वितरण कर किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि ने महिला क्लब द्वारा समाज सेवा के क्षेत्र में किए जा रहे कार्यों की सराहना की। मुख्य अतिथि ने विशेष रूप से किसान मेले में किसानों के लिए कम लागत में शुद्ध भोजन उपलब्ध कराने, गरीब मजदूर महिलाओं के लिए स्वास्थ्य शिविर आयोजित करने तथा सर्दियों के मौसम में दूर-दराज के क्षेत्रों में जरूरतमंद लोगों को कंबल वितरित करने जैसे कार्यों की प्रशंसा की। कार्यक्रम का संचालन एवं धन्यवाद ज्ञापन महिला क्लब की सचिव विजयलक्ष्मी सिंह द्वारा किया गया।



# बांग्लादेश में नहीं होगा IPL का प्रसारण



● **सूचना और प्रसारण मंत्रालय ने सभी ब्रॉडकास्टर्स को प्रसारण बंद करने का निर्देश दिया**

**ढाका, वार्ता।** बांग्लादेश के सूचना और प्रसारण मंत्रालय ने सोमवार को देश के सभी ब्रॉडकास्टर्स को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) का प्रसारण बंद करने का निर्देश दिया।

यह निर्देश आईपीएल 2026 सीजन से पहले कोलकाता नाइट राइडर्स से तेज गेंदबाज मुस्तफिजुर रहमान को बाहर किए जाने के बाद आया है। इसके बाद, बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड ने सुरक्षा चिताओं का हवाला देते हुए भारत में अपने टी-20 विश्व कप मैच न खेलने का भी फैसला किया था और अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) से औपचारिक रूप से अपने मैचों को दूसरी जगह कराने का अनुरोध किया था। मंत्रालय की ओर से आज प्रसारण पर प्रतिबंध लगाए जाने आधिकारिक नोटिफिकेशन के जरिए जारी किया गया। इस आदेश पर सहायक सचिव फिरोज खान के हस्ताक्षर है। यह सभी आईपीएल मैचों और संबंधित प्रोग्रामिग पर लागू होता है और अगले आदेश तक प्रभावी रहेगा। मंत्रालय ने भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड के 26 मार्च से शुरू होने वाले आईपीएल सीजन के लिए केकेआर टीम से मुस्तफिजुर को बाहर करने के फैसले का संज्ञान लिया।

## खेल मंत्री के अनुरोध पर सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय ने लिया फैसला

**ढाका, वार्ता।** बांग्लादेश के अंतरिम सरकार के खेल मंत्री आसिफ नजरुल ने कहा था कि उन्होंने बांग्लादेश के सूचना एवं प्रसारण मंत्री से अनुरोध किया है कि बांग्लादेश में आईपीएल का प्रसारण निलंबित किया जाए। इसके एक दिन बाद ही बांग्लादेश की अंतरिम सरकार ने आईपीएल का प्रसराण निलंबित करने का फैसला लिया। बांग्लादेश के सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय ने कहा, मार्च से शुरू होने वाले आगामी आईपीएल के लिए बांग्लादेशी क्रिकेटर मुस्तफिजुर रहमान को कोलकाता नाइट राइडर्स की टीम से बाहर करने के बीसीसीआई के फैसले से बांग्लादेश के लोग बेहद आहत, दुखी और आक्रोशित हैं। इन परिस्थितियों में बांग्लादेश के सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय ने सूचित किया है कि अगले आदेश तक बांग्लादेश में आईपीएल के सभी मैच और संबंधित कार्यक्रमों का प्रसारण निलंबित रहेगा। इससे पहले, रविवार को बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) ने स्पष्ट किया था कि वह अगले महीने होने वाले टी20 विश्व कप के लिए अपनी टीम भारत नहीं भेजेगा। उन्होंने आईसीसी से श्रीलंका में विश्व कप के मैच कराने की मांग की है। फिलहाल आईसीसी ने बीसीबी की मांग पर कोई फैसला नहीं लिया है।

## कार्यालय अधिशासी अभियन्ता
## सिंचाई खण्ड, पी0एम0जी0एस0वाई0 ज्योलीकोट (नैनीताल)

Email ID: eepmgsyjyolikot@rediflimail.com

पत्रांकः 07 / निविदा/2025-26 दिनांकः 05/01/2025

**अति अल्पकालीन निविदा सूचना संख्या-04/EE/2025-26**

महामहिम राज्यपाल महोदय उत्तराखण्ड की ओर से अधोहस्ताक्षरी द्वारा निम्नलिखित कार्यो की मुहरबन्द निविदा दिनांक 17.01.2026 को अपरान्ह 1.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र जमा करते समय दो प्रतिशत धरोहर धनराशि जो एन0एस0सी0/किसी राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा निर्गत टी0डी0आर0/एफ0डी0आर0 हो, को प्रतिभूति के रूप में अधिशासी अभियन्ता सिंचाई खण्ड, पी0एम0जी0एस0वाई, ज्योलीकोट के पदनाम से बन्धक कर कार्यालय में जमा करना अनिवार्य होगा। निविदा प्रपत्र दिनांक 07.01.2026 से 16.01.2026 तक किसी भी कार्य दिवस में (राजकीय अवकाश को छोड़कर) 11:00 बजे पूर्वान्ह से 4:00 बजे सायं तक निर्धारित शुल्क देकर कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

डाक द्वारा निविदा प्रपत्र मंगवाने पर डाक व्यय हेतु रू0 100.00 मात्र अलग से देय होगा। डाक से विलम्ब का उत्तरदायित्व विभाग का नहीं होगा। यह निविदायें दिनांक 17.01.2026 को अपरान्ह 2:00 बजे उपस्थित निविदादाताओं अथवा उनके द्वारा अधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में गठित समिति द्वारा खोली जायेगी। बिना कारण बताये निविदा को निरस्त, स्वीकृत/अस्वीकृत करने का पूर्ण अधिकार अधोहस्ताक्षरी के पास सुरक्षित रहेगा।

| क्र0सं0 | मोटर मार्ग का नाम | धरोहर राशि | निविदा प्रपत्र का मूल्य | कार्यपूर्ण करने की अवधि | निविदा की वैधता | ठेकेदार की श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1. | फतेहपुर बेल बसानी मोटर मार्ग के कि0मी0 6 एवं 8 में 36 मी0 स्पान स्टील गर्डर सेतु में हुई अतिवृष्टि एवं भूस्खलन सें क्षतिग्रस्त भागों का पुनर्निर्माण कार्य। | 50000.00 | रू0 1500+ 18% GST | 2 माह | 30 दिन | 'डी' श्रेणी एवं उच्चतर |

**नोटः-**
1. कार्य लो0नि0वि0/पी0एम0जी0एस0वाई0 के विशिष्टियों के अन्तर्गत कराया जायेगा।
2. अन्य शर्ते जी0पी0डब्ल्यू0-9/ जी0पी0डब्ल्यू0-8/ समय-समय पर निर्गत शासनादेशों के अनुसार होगी।
3. शासनादेश सं0 6447/11 (2)/11-20 (सा0)/दिनांक 13.01.2013 के अनुसार अतिरिक्त परफारमेन्स सिक्योरिटी का निर्धारण किया जायेगा।
4. अनुबन्ध गठित के समय अवशेष 7 प्रतिशत कार्यपूर्ति प्रतिभूति जमा करना अनिवार्य होगा। देयकों से धरोहर धनराशि की कटौती नहीं की जायेगी।
5. निविदा के साथ लो0नि0वि0 पंजीकरण, जी0एस0टी0 प्रमाण पत्र, पेन कार्ड की छायाप्रति संलग्न करना अनिवार्य है। अन्यथा निविदा स्वीकार्य नही होगी।
6. निविदा के साथ 100/- मूल्य का नॉन जूडिशियल स्टाम्प जिस पर रू0 1.00 का डाकघर रेवेन्यू का एक टिकट हस्ताक्षरयुक्त लगा हो।

**(मनोज कुमार)**
अधिशासी अभियन्ता
सिं0ख0, पी0एम0जी0एस0वाई0
ज्योलीकाट (नैनीताल)

## कार्यालय अधिशासी अभियन्ता
## निर्माण खण्ड, लो0नि0वि0, अल्मोड़ा

पत्रांक 36/निविदा/ दिनांक 03/01/2026

**अल्पकालिन निविदा सूचना**

महामहिम राज्यपाल महोदय, उत्तराखण्ड की ओर से अधिशासी अभियन्ता निर्माण खण्ड लो0नि0वि0 अल्मोड़ा द्वारा निम्नलिखित सील्ड निविदा दिनाक 21.01.2026 को अपरान्ह 3.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र दिनांक 16.01.2026 से 20.01.2026 तक किसी भी कार्य दिवस में निम्न कार्यालयों से प्राप्त किये जा सकते है, तथा दिनांक 21.01.2026 को अपरान्ह 3.00 बजे तक इन्ही कार्यालयों में डाले जा सकते है।

1– कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता, प्रथम वृत्त, लो0नि0वि0, अल्मोड़ा।
2– कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, निर्माण खण्ड, लो0नि0वि0, अल्मोड़ा।
3– कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0, अल्मोड़ा/बागेश्वर।

**कार्य का विवरण**

| क0 सं0 | कार्य का नाम | धरोहर धनराशि रू0 | निविदा प्रपत्र का मूल्य | निविदा की बैधता | कार्य पूर्ण करने की अवधि | ठेकेदार की श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | जनपद अल्मोड़ा के विधानसभा क्षेत्र अल्मोड़ा में एन0टी0डी0 कफडखान धौलछीना मोटर मार्ग के किमी0 4 में क्षतिग्रस्त दीवार का निर्माण कार्य। | 14800.00 | 1000+ GST | 45 दिन | 3 माह | मार्ग कार्य में,डी एवं उच्च श्रेणी में पंजीकृत |
| 2 | वार्षिक अनुरक्षण के अन्तर्गत जनपद अल्मोड़ा के विधानसभा क्षेत्र जागेश्वर में पनुवानौला बृद्व जागेश्वर मोटर मार्ग के किमी0 3 हे0मी0 4–6 में क्षतिग्रस्त स्कपर की मरम्मत का कार्य। | 7500.00 | 500+ GST | 30 दिन | 2 माह | मार्ग कार्य में,डी एवं उच्च श्रेणी में पंजीकृत |

निविदायें दि0 22.01.2026 को अपरान्ह 3:00 बजे उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष खोली जायेगी। अन्य शर्ते निविदा प्रपत्रों के साथ देखी जा सकती है।

1– निविदा की शेष शर्तें जी0पी0डब्लू0 8, जी0पी0डब्लू0 9 निविदा सूचना प्रपत्र एम/एफ 69/70 एवं शासनादेश सं0– 128/2002 दि0 13–5–2002 के अनुसार होगी। शेष शर्तें एवं नियम निविदा प्रपत्र को प्राप्त कर देखी जा सकती है। सामान्य जमानत मान्य नहीं होगी। किसी भी निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का पूर्ण अधिकार अधोहस्ताक्षरी के पास सुरक्षित रहेगा।

प्रत्येक निविदा के साथ धरोहर राशि अलग–अलग ओरिजनल रूप में संलग्न करना अनिवार्य होगा।

अधिशासी अभियन्ता
निर्माण खण्ड, लो0नि0वि0
अल्मोड़ा

### सूरमा हॉकी क्लब ने दर्ज की पहली जीत

**रांची।** जेएसडब्ल्यू सूरमा हॉकी क्लब ने सोमवार को रांची रॉयल्स को हराकर महिला हीरो एचआईएल 2025-26 में अपनी पहली जीत दर्ज की। यहां मरांग गोमके जयपाल सिंह एस्ट्रो टर्फ हॉकी स्टेडियम में खेले गये मुकाबले में जेएसडब्ल्यू सूरमा हॉकी क्लब ने रांची रॉयल्स को 2-1 से हराया।

## कार्यालय सहायक अभियन्ता
## पी0एम0जी0एस0वाई0 सिंचाई खण्ड लोहाघाट

पत्रांक :- 99 / सहा0अभि0 / पी0एम0जी0एस0वाई0 / दिनांक 29/12/2025

**निविदा सूचना संख्या 03 / सहा0अभि0 / पी0एम0जी0एस0वाई0 / 2025-2026**

महामहिम राज्यपाल की ओर से अधोहस्ताक्षरी द्वारा प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना-04 के अन्तर्गत स्वीकृत निम्न नव मोटर मार्गो के सर्वेक्षण एवं डी0पी0आर0 गठन हेतु यू0आर0आर0डी0ए0 में पंजीकृत ऐजेन्सी/संस्थाओं से दिनांक 09.01.2026 को दोपहर 2.00 बजे तक मुहरबन्द निविदा आमंत्रित की जाती है जो उसी कार्य दिवस में सायं 03.00 बजे अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में निविदादाता एवं उनके जनप्रतिनिधियों के समक्ष खोली जायेगी। निविदा किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय में क्रय की जा सकती है।

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | लम्बाई कि0मी0 में | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रू0) | जमानत धनराशि 02 प्रतिशत (रू0) | अभियुक्ति |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | बिनवाल गांव से गोलडाड़ा मोटर मार्ग | 14.000 | Rs. 1000.00 +18% G.S.T. | 17000.00 | निविदादाता यू0आर0आर0डी0ए0 में सूचीबद्ध होना चाहिये। |

**नोटः-** निविदा की शर्ते किसी भी कार्यदिवस में कार्यालय के नोटिस बोर्ड में देखी जा सकती है।

**सहायक अभियन्ता**
पी0एम0जी0एस0वाई0
सिंचाई खण्ड, लोहाघाट।

# नीरज चोपड़ा ने जेएसडब्ल्यू से तोड़ा एक दशक पुराना नाता



**मुंबई, वार्ता।** एक दशक की साझा उपलब्धियों और बेमिसाल कामयाबियों के बाद, जैवलिन थ्रोअर स्टार नीरज चोपड़ा और जेएसडब्ल्यू स्पोर्ट्स ने आज अपनी औपचारिक साझेदारी को समाप्त करने की घोषणा की है। नीजर अब अपनी स्वयं की एथलीट मैनेजमेंट फर्म, वेल स्पोर्ट्स शुरू करने रहे हैं। नीरज ने कहा कि पिछल 10 वर्षो में हमारा साथ तरक्की, भरोसे और कामयाबी से भरा रहा है। मेरे करियर को बनाने में जेएसडब्ल्यू स्पोर्ट्स का बहुत बघ हाथ रहा है और मैं उनके सहयोग और विजन के लिए हमेशा उनका आभारी रहूंगा। जैसे ही हम इस अध्याय को समाप्त कर रहे हैं, मैं उन्हीं मूल्यों को अपने सफर के अगले चरण में आगे ले जा रहा हूं। नीरज का जेएसडब्ल्यू स्पोर्ट्स के साथ जुड़ाव 2016 में शुरू हुआ था। अगले दशक में यह साझेदारी भारतीय खेल में एक निर्णायक ताकत बन गई। नीरज की उपलब्धियां ऐतिहासिक रही हैं। प्यार से उन्हें 'गोल्डन आर्म वाला आदमी' कहा जाता है, वह टोक्यो 2020 गेम्स में ट्रैक एंड फील्ड में ओलंपिक स्वर्ण जीतने वाले पहले भारतीय बने। इसके बाद उन्होंने 2023 में वर्ल्ड चैंपियनशिप गोल्ड और 2024 में पेरिस ओलंपिक में रजत पदक जीता, साथ ही ग्लोबल सर्किट पर कई पोडियम फिनिश भी हासिल किए। जेएसडब्ल्यू स्पोर्ट्स के मुख्य कार्यकारी दिव्यांशु सिंह ने कहा कि नीरज के साथ काम करना जेएसडब्ल्यू स्पोर्ट्स में हम सभी के लिए एक अविश्वसनीय अनुभव रहा है।

## कार्यालय नगर पालिका परिषद, डीडीहाट, (पिथौरागढ़)

email :-nagarpalikadidihat@gmail.com Fax or Phone No-05964232625

पत्रांकः 708/2025-2026 दिनांकः 05-01-2026

**ई-निविदा सूचना**

नगर पालिका परिषद डीडीहाट में आन्तरिक मार्ग सौन्दर्यीकरण कार्य हेतु निर्धारित श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से अधोहस्ताक्षरी द्वारा नगर डीडीहाट जनपद पिथौरागढ़ में निर्मित किये जाने वाले कार्य की ई-निविदा दिनांक 06.01.2026 से 21.01.2026 को अपराहन 03:00 बजे आमंत्रित की जाती है। निर्माण कार्य का विवरण एवं निविदा के सम्बन्ध में सभी सूचनाएं / शर्तें वेबसाइट http://uktenders.gov.in पर दिनांक 06.01.2026 को अपराहन 03:00 बजे से उपलब्ध रहेगी। निविदा दिनांक 22.01.2026 को निविदा समिति के समक्ष प्रातः 11.00 बजे खोला जाएगा।

**अधिशासी अधिकारी**
नगर पालिका परिषद डीडीहाट
(पिथौरागढ़)

**अध्यक्ष**
नगरापालिका परिषद डीडीहाट
(पिथौरागढ़)

## कार्यालय सहायक अभियन्ता
## पी0एम0जी0एस0वाई0 सिंचाई खण्ड लोहाघाट

पत्रांक :- 99 / सहा0अभि0 / पी0एम0जी0एस0वाई0 / दिनांक- 29/12/2025

**निविदा सूचना संख्या 04 / सहा0अभि0 / पी0एम0जी0एस0वाई0 / 2025-2026**

महामहिम राज्यपाल की ओर से अधोहस्ताक्षरी द्वारा प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना-04 के अन्तर्गत स्वीकृत निम्न नव मोटर मार्गो के सर्वेक्षण एवं डी0पी0आर0 गठन हेतु यू0आर0आर0डी0ए0 में पंजीकृत ऐजेन्सी/संस्थाओं से दिनांक 09.01.2026 को दोपहर 2.00 बजे तक मुहरबन्द निविदा आमंत्रित की जाती है जो उसी कार्य दिवस में सायं 03.00 बजे अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में निविदादाता एवं उनके जनप्रतिनिधियों के समक्ष खोली जायेगी। निविदा किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय में क्रय की जा सकती है।

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | लम्बाई कि0मी0 में | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रू0) | जमानत धनराशि 02 प्रतिशत (रू0) | अभियुक्ति |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | रमक से खैरकूड़ा मोटर मार्ग<br>गरसाड़ी से बिसा उलाड़ी विगराकोट मोटर मार्ग | 13.000 | Rs. 1000.00 +18% G.S.T. | 15600.00 | निविदादाता यू0आर0आर0डी0ए0 में सूचीबद्ध होना चाहिये। |

**नोटः-** निविदा की शर्ते किसी भी कार्यदिवस में कार्यालय के नोटिस बोर्ड में देखी जा सकती है।

**सहायक अभियन्ता**
पी0एम0जी0एस0वाई0
सिंचाई खण्ड, लोहाघाट।

## कार्यालय सहायक अभियन्ता
## पी0एम0जी0एस0वाई0 सिंचाई खण्ड लोहाघाट

पत्रांक :- 99 / सहा0अभि0 / पी0एम0जी0एस0वाई0 / दिनांक- 29/12/2025

**निविदा सूचना संख्या 05/ सहा0अभि0 / पी0एम0जी0एस0वाई0 / 2025-2026**

महामहिम राज्यपाल की ओर से अधोहस्ताक्षरी द्वारा प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना-04 के अन्तर्गत स्वीकृत निम्न नव मोटर मार्गो के सर्वेक्षण एवं डी0पी0आर0 गठन हेतु यू0आर0आर0डी0ए0 में पंजीकृत ऐजेन्सी / संस्थाओं से दिनांक 09.01.2026 को दोपहर 2.00 बजे तक मुहरबन्द निविदा आमंत्रित की जाती है जो उसी कार्य दिवस में सायं 03.00 बजे अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में निविदादाता एवं उनके जनप्रतिनिधियों के समक्ष खोली जायेगी। निविदा किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय में क्रय की जा सकती है।

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | लम्बाई कि0मी0 में | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रू0) | जमानत धनराशि 02 प्रतिशत (रू0) | अभियुक्ति |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | बल्कास बैण्ड़ से बडैतकोटा मोटर मार्ग<br>रमक कोटा से मंगललेख मोटर मार्ग | 12.900 | Rs. 1000.00 +18% G.S.T. | 15500.00 | निविदादाता यू0आर0आर0डी0ए0 में सूचीबद्ध होना चाहिये। |

**नोटः-** निविदा की शर्ते किसी भी कार्यदिवस में कार्यालय के नोटिस बोर्ड में देखी जा सकती है।

**सहायक अभियन्ता**
पी0एम0जी0एस0वाई0
सिंचाई खण्ड, लोहाघाट।

## ह्यूबर्ट हर्काज ने ज्वेरेव को हराया

**सिडनी, वार्ता।** पोलैंड के पेशेवर टेनिस खिलाड़ी ह्यूबर्ट हरकाज ने चोट से उबरते हुए सात महीनों के बाद सोमवार को यूनाइटेड कप में शानदार वापसी करते हुए विश्व नंबर तीन अलेक्जेंडर ज्वेरेव को हराकर दिया है। यहां खेले गए मुकाबले में ह्यूबर्ट हरकाज ने जर्मनी के दिग्गज टेनिस खिलाड़ी अलेक्जेंडर ज्वेरेव के खिलाफ सीधे सेटों में 6-3, 6-4 से जीत दर्ज की। मैच के बाद ह्यूबर्ट हरकाज ने कहा कि काफी समय हो गया है जब मैंने प्रतियोगिता में हिस्सा लिया था। मेरा मतलब है, सात महीने, मैं टीम के साथ मुश्किल दौर से गुजर रहा था और यह बहुत चुनौतीपूर्ण था। लेकिन वे सब मेरा सपोर्ट कर रहे थे। हमने काफी लंबा समय बिना प्रतियोगिता के बिताया और हमें नहीं पता था कि हम कब दोबारा कोर्ट पर वापस आ पाएंगे।

## राजकीय मेडिकल कॉलेज, हल्द्वानी

रामपुर रोड, हल्द्वानी (नैनीताल), उत्तराखण्ड-263139
दूरभाष एवं फैक्स-05946-255255,255926, 282578, Fax: 05946-282578
वेबसाइटः www.gmchld.org

**वॉक-इन-इंटरव्यू**

राजकीय मेडिकल कॉलेज, हल्द्वानी के विभिन्न विभागों में ट्यूटर/ डिमो0/जूनियर रेजीडेंट के रिक्त पदों हेतु दिनांक 13 जनवरी 2026 से 24 मार्च 2026 (प्रत्येक कार्यालयी मंगलवार) को वॉक-इन-इंटरव्यू पूर्वान्ह 11:00 बजे से अपरान्ह 02:00 बजे तक प्राचार्य कार्यालय, राजकीय मेडिकल कॉलेज, रामपुर रोड, हल्द्वानी (नैनीताल) में आयोजित किया जाएगा। पदों की विस्तृत जानकारी हेतु राजकीय मेडिकल कॉलेज, हल्द्वानी की वेबसाइटः- www.gmchld.org & www.medicaleducation.uk.gov.in देखें।

विज्ञापन संख्या-437/जीएमसी/नियु0 दिनांकः- 05.01.2026

**प्राचार्य,**
**राजकीय मेडिकल कॉलेज, हल्द्वानी**

## कार्यालय सहायक अभियन्ता
## पी0एम0जी0एस0वाई0 सिंचाई खण्ड लोहाघाट

पत्रांक :- 99 / सहा0अभि0 / पी0एम0जी0एस0वाई0 / दिनांकः 29/12/2025

**निविदा सूचना संख्या 06/ सहा0अभि0 / पी0एम0जी0एस0वाई0 / 2025-2026**

महामहिम राज्यपाल की ओर से अधोहस्ताक्षरी द्वारा प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना-04 के अन्तर्गत स्वीकृत निम्न नव मोटर मार्गो के सर्वेक्षण एवं डी0पी0आर0 गठन हेतु यू0आर0आर0डी0ए0 में पंजीकृत ऐजेन्सी / संस्थाओं से दिनांक 09.01.2026 को दोपहर 2.00 बजे तक मुहरबन्द निविदा आमंत्रित की जाती है जो उसी कार्य दिवस में सायं 03.00 बजे अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में निविदादाता एवं उनके जनप्रतिनिधियों के समक्ष खोली जायेगी। निविदा किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय में क्रय की जा सकती है।

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | लम्बाई कि0मी0 में | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रू0) | जमानत धनराशि 02 प्रतिशत (रू0) | अभियुक्ति |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | बुरानी से चौड़ासौन मोटर मार्ग<br>सिंलिग से जनकाण्डे मोटर मार्ग<br>सिंलिग से त्यारसों मोटर मार्ग | 9.00 | Rs. 1000.00 +18% G.S.T. | 11000.00 | निविदादाता यू0आर0आर0डी0ए0 में सूचीबद्ध होना चाहिये। |

**नोटः-** निविदा की शर्ते किसी भी कार्यदिवस में कार्यालय के नोटिस बोर्ड में देखी जा सकती है।

**सहायक अभियन्ता**
पी0एम0जी0एस0वाई0
सिंचाई खण्ड, लोहाघाट।

## कार्यालय सहायक अभियन्ता
## पी0एम0जी0एस0वाई0 सिंचाई खण्ड लोहाघाट

पत्रांकः- 99 / सहा0अभि0 / पी0एम0जी0एस0वाई0 / दिनांकः- 29/12/2025

**निविदा सूचना संख्या 07/ सहा0अभि0 / पी0एम0जी0एस0वाई0 / 2025-2026**

महामहिम राज्यपाल की ओर से अधोहस्ताक्षरी द्वारा प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना-04 के अन्तर्गत स्वीकृत निम्न नव मोटर मार्गो के सर्वेक्षण एवं डी0पी0आर0 गठन हेतु यू0आर0आर0डी0ए0 में पंजीकृत ऐजेन्सी / संस्थाओं से दिनांक 09.01.2026 को दोपहर 2.00 बजे तक मुहरबन्द निविदा आमंत्रित की जाती है जो उसी कार्य दिवस में सायं 03.00 बजे अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में निविदादाता एवं उनके जनप्रतिनिधियों के समक्ष खोली जायेगी। निविदा किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय में क्रय की जा सकती है।

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | लम्बाई कि0मी0 में | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रू0) | जमानत धनराशि 02 प्रतिशत (रू0) | अभियुक्ति |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | धुनाघाट से बरमतोड़ा मोटर मार्ग<br>बट्टयूड़ा प्याली से भनार गूम मोटर मार्ग | 13.300 | Rs. 1000.00 +18% G.S.T. | 16000.00 | निविदादाता यू0आर0आर0डी0ए0 में सूचीबद्ध होना चाहिये। |

**नोटः-** निविदा की शर्ते किसी भी कार्यदिवस में कार्यालय के नोटिस बोर्ड में देखी जा सकती है।

**सहायक अभियन्ता**
पी0एम0जी0एस0वाई0
सिंचाई खण्ड, लोहाघाट।

## आईआईटी रुड़की में स्वास्थ्य और विकास पर आधारित

# एहेड-2025 अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन व कार्यशाला का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** आईआईटी रुड़की द्वारा स्वास्थ्य और विकास पर एहेड 2025 अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन और पाँच-दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिससे सार्वजनिक नीति को सूचित करने, राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्रणालियों को सुदृढ़ करने और सामाजिक प्रभाव प्रदान करने वाले साक्ष्य-आधारित अनुसंधान के प्रति संस्थान की प्रतिबद्धता की पुनः पुष्टि हुई। आईआईटी रुड़की की एहेड प्रयोगशाला द्वारा आयोजित इस सम्मेलन में भारत और विदेश से अग्रणी विद्वानों, नीति-निर्माताओं, अर्थशास्त्रियों और कार्यकर्ताओं को एकत्र किया गया, ताकि स्वास्थ्य और विकास के मार्गों को आकार देने वाली महत्वपूर्ण चुनौतियों पर विचार किया जा सके। डॉ. प्रताप सी. मोहंती द्वारा स्थापित और संचालित एहेड प्रयोगशाला ने वर्ष 2025 में अपना सातवाँ प्रमुख शैक्षणिक आयोजन आयोजित किया, जो स्वास्थ्य, मानव विकास और समावेशी वृद्धि से संबंधित भारत सरकार के मिशनों के अनुरूप अनुसंधान में इसकी बढ़ती भूमिका को दर्शाता है। सम्मेलन का संयोजन डॉ. प्रताप सी. मोहंती द्वारा किया गया, जिनके साथ डॉ. मनीष के. अस्थाना सह-संयोजक रहे, और इसे भारत सरकार की अनुसंधान राष्ट्रीय अनुसंधान फाउंडेशन द्वारा, मेमोरी एंड एंग्जायटी रिसर्च ग्रुप के सहयोग से समर्थन प्राप्त हुआ। यह सम्मेलन "स्वास्थ्य और विकास में वैश्विक व्यवधान: चुनौतियाँ, नवाचार और इक्कीसवीं सदी के लिए मार्ग"



विषय के अंतर्गत आयोजित किया गया, जिसमें नीति-प्रासंगिक अनुसंधान पर ध्यान केंद्रित किया गया, जो स्वास्थ्य प्रणालियों की लचीलापन क्षमता, जलवायु और पर्यावरणीय स्वास्थ्य, वित्तपोषण और जोखिम, जनसांख्यिकीय परिवर्तन, प्रौद्योगिकीय रूपांतरण तथा क्षेत्रीय असमानताओं को सम्मिलित करता हैख्रये सभी भारत के सार्वजनिक स्वास्थ्य कार्यक्रमों, सतत विकास लक्ष्यों और राष्ट्रीय विकास एजेंडा के केंद्रीय क्षेत्र हैं। सम्मेलन में दस विषयगत ट्रैक शामिल थे, जिनमें स्वास्थ्य वित्तपोषण, व्यावसायिक और पर्यावरणीय स्वास्थ्य, जलवायु परिवर्तन और स्वास्थ्य, स्वास्थ्य व्यवहार और संज्ञान, लैंगिक और स्वास्थ्य असमानताएँ, वृद्धावस्था और कल्याण, स्वास्थ्य प्रदर्शन, पोषण और मानव पूंजी, डिजिटल स्वास्थ्य प्रणालियाँ, तथा विकास में संरचनात्मक असमानताएँ सम्मिलित थीं। उद्घाटन सत्र को आईआईटी रुड़की के अंतरराष्ट्रीय संबंध अधिष्ठाता प्रोफेसर वी. सी. श्रीवास्तव, एम्स ऋषिकेश के हृदय रोग विभाग के प्रमुख प्रोफेसर (डॉ.) भानु दुग्गल, तथा आईआईटी रुड़की के मानविकी और सामाजिक विज्ञान विभाग की प्रमुख प्रोफेसर स्मिता झा ने संबोधित किया, जिन्होंने साक्ष्य-आधारित नीति निर्माण और सामाजिक रूप से उत्तरदायी शासन के समर्थन में अकादमिक संस्थानों की भूमिका को रेखांकित किया। मुख्य भाषण और आमंत्रित व्याख्यान प्रोफेसर साबु पद्मदास (यूनिवर्सिटी ऑफ साउथैम्प्टन, यूनाइटेड किंगडम), डॉ. मार्गरेट त्रियाना (वरिष्ठ अर्थशास्त्री, विश्व बैंक), डॉ. सुमन सेठ (यूनिवर्सिटी ऑफ लीड्स, यूनाइटेड किंगडम), प्रोफेसर प्रकाश सी. कांडपाल (आईसीसीआर चेयर, यूनिवर्सिटी ऑफ साउथैम्प्टन), तथा प्रोफेसर दिब्येंदु मैती (दिल्ली स्कूल ऑफ इकॉनॉमिक्स) द्वारा दिए गए। सम्मेलन में विश्व बैंक, यूनिवर्सिटी ऑफ नोट्रे डेम (संयुक्त राज्य अमेरिका), आईआईटी कानपुर, जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय, बनारस हिंदू विश्वविद्यालय और अन्य प्रमुख संगठनों की सशक्त भागीदारी रही, जिसने नीति-अकादमिक अंतरफलक को और मजबूत किया। सभी शोध पत्रों को एक कठोर द्वि-अंध सहकर्मी-समीक्षा प्रक्रिया से गुजारा गया। सर्वश्रेष्ठ शोध पत्र पुरस्कार डॉ. बसंत के. पांडा (पॉपुलेशन काउंसिल, भारत) और तनिषा (लैंकेस्टर यूनिवर्सिटी, यूनाइटेड किंगडम) को प्रदान किए गए। दिसंबर 2025 को आयोजित समापन सत्र के दौरान, आयोजन समिति ने घोषणा की कि एहेड का अगला संस्करण 14 से 16 दिसंबर 2026 तक आईआईटी रुड़की में आयोजित किया जाएगा, जिससे इस वैश्विक शैक्षणिक मंच की निरंतरता सुनिश्चित होगी। सम्मेलन के पूरक के रूप में, आईआईटी रुड़की ने मानविकी और सामाजिक विज्ञान विभाग में "स्वास्थ्य और कल्याण में बड़े-पैमाने के डेटा विश्लेषण" विषय पर एक पाँच-दिवसीय क्षमता-निर्माण कार्यशाला का आयोजन किया। डॉ. मनीष के. अस्थाना द्वारा संयोजित, तथा डॉ. प्रताप सी. मोहंती को सह-संयोजक के रूप में रखते हुए, इस कार्यशाला ने युवा शोधकर्ताओं और पेशेवरों के बीच डेटा-आधारित विश्लेषणात्मक क्षमताओं को सुदृढ़ किया, जिससे डेटा-आधारित स्वास्थ्य और सामाजिक नीति पर भारत सरकार के जोर को समर्थन मिला। एहेड 2025 के माध्यम से, आईआईटी रुड़की ने सरकार, समाज और वैश्विक संस्थानों के लिए एक राष्ट्रीय ज्ञान साझेदार के रूप में अपनी भूमिका को और सुदृढ़ किया, तथा स्वास्थ्य और विकास के क्षेत्र में अकादमिक अनुसंधान, नीति और सामाजिक प्रभाव के बीच सेतु बनाने वाले अंतः विषय अनुसंधान को आगे बढ़ाया।

# राशन डीलर की शिकायत पर जांच को पहुंची पूर्ति अधिकारी के सामने मारपीट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** क्षेत्र के खानपुर में राशन डीलर की शिकायत पर जांच करने को पहुंची पूर्ति अधिकारी के सामने ही उप प्रधान के साथ मारपीट की गई है।



पूर्ति अधिकारी बबीता ने बताया कि राशन डीलर की दुकान को हटाकर दूसरे राशन डीलर के नाम कर दी गई थी जिसमें प्रधान पति के द्वारा जिला पूर्ति अधिकारी को शिकायती पत्र दिया गया की यह दुकान पहले राशन डीलर पर ही रहनी चाहिए उसमें मुझे जिला पूर्ति अधिकारी के द्वारा जांच के आदेश दिए गए थे। मैं आज जिला पूर्ति अधिकारी के आदेश पर जांच करने के लिए मौके पर खानपुर गांव में आई थी। उन्होंने बताया मेरे सामने ही ग्राम प्रधान पति व उसके सहयोगी ने मारपीट की है। उन्होंने यह भी बताया कि मेरे द्वारा सभी को बुलाकर बयान दर्ज किये करजा रहे थे इसी बीच में शिकायतकर्ताके साथ मारपीट की गई। उन्होंने यह भी बताया कि सरकारी कार्य में बाधा पहुंचाने की भी पूरी कोशिश की गई विजय कुमार उपाध्याय खानपुर ने बताया कि मडवे वारसन डॉलर को लेकर शिकायत की जांच को पूर्ति अधिकारी गांव में आई थी उनके सामने ही प्रधान पति व उनके सहयोगियों के द्वारा मारपीट की गई है जो गलत है हम इस तरह के कार्य की घोर निंदा करते हैं।

## बीएसएम इंटर कॉलेज के एनएसएस छात्रों ने

# खंजरपुर में निकाली नशे के प्रति जागरूकता रैली

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** खंजरपुर में बीएसएम इण्टर कॉलेज रूडकी की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा आयोजित सात दिवसीय विशेष शिविर के चौथे दिन आज स्वयंसेवकों ने समाज को नशे की कुरीतियों से बचाने के लिए एक प्रभावी जागरूकता अभियान चलाया। शिविर का आयोजन ग्राम खंजरपुर में किया जा रहा है।

कार्यक्रम की शुरुआत कॉलेज के प्रधानाचार्य कैप्टन अजय कौशिक और कार्यक्रम अधिकारी श्री जितेश कुमार के मार्गदर्शन में हुई। स्वयंसेवकों ने एक विशाल जागरूकता रैली निकाली, जिसमें 'नशा छोड़ो, जीवन जोड़ो' और 'नशा है बर्बादी का द्वार, मत करो इससे प्यार' जैसे नारों के माध्यम से ग्रामीणों को जागरूक किया गया। रैली गांव की विभिन्न गलियों से गुजरी। अभियान के मुख्य आकर्षण के रूप में स्वयंसेवकों ने गांव के मुख्य चौराहे पर एक नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया। नाटक के माध्यम से यह दिखाया गया कि कैसे नशा न केवल स्वास्थ्य को खराब करता है, बल्कि पूरे परिवार को आर्थिक और मानसिक रूप से बर्बाद कर देता है। इसके पश्चात, छात्रों ने घर-घर जाकर लोगों को नशा न करने की शपथ दिलाई और उन्हें



इसके दुष्प्रभावों के बारे में जानकारी देने वाले पंपलेट भी बांटे। इस अवसर पर कार्यक्रम अधिकारी श्री जितेश कुमार ने कहा, ष्युवा शक्ति ही समाज में बदलाव ला सकती है। आज हमारे स्वयंसेवकों ने यह संकल्प लिया है कि वे न केवल स्वयं नशे से दूर रहेंगे, बल्कि अपने आस-पास के वातावरण को भी नशा मुक्त बनाने के लिए निरंतर कार्य करेंगे। बौद्धिक सत्र में सभी स्वयंसेवकों को फायर ब्रिगेड के जवानों ने आपातकालीन स्थितियों से निपटने का प्रशिक्षण दिया। शिविर के द्वितीय (बौद्धिक) सत्र में अग्निशमन विभाग से आए जवानों ने स्वयंसेवकों और ग्रामीणों को आग से बचाव के व्यावहारिक तरीके सिखाए। इस अवसर पर कॉलेज स्टाफ में उप प्रधानाचार्य अमित कपिल, परीक्षा प्रभारी डॉ अभय ढौंडियाल, प्रमोद शर्मा, डी एन पांडेय, विशेष कुमार, विकास गौतम, देवराज, संजय और स्वयंसेवको में निखिल, गौरव, आदित्य, नीरज, प्रिंस, हिमांशु, वाशु आदि उपस्थित रहे।

# वेतन न मिलने पर मिल कर्मचारियों का धरना जारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झबरेड़ा।** इकबालपुर शुगर मिल में कार्यरत कर्मचारियों को वेतन न मिलने से शुगर मिल कर्मचारियों का धरना प्रदर्शन आठवें दिन भी जारी रहा। शुगर मिल कर्मचारियों द्वारा हरिद्वार में जनता मिलन कार्यक्रम में जिलाधिकारी हरिद्वार को भी अपनी समस्याओं से वह अवगत कराते हुए कार्रवाई करने की मांग की गई है। इकबालपुर शुगर मिल कर्मचारियों द्वारा सोमवार को जिलाधिकारी हरिद्वार को जनता मिलन कार्यक्रम में 16 माह से बकाया वेतन व भतता आदि दिलाने की मांग की है ।शुगर मिल कर्मचारियों द्वारा जिलाधिकारी को अवगत कराया की शुगर मिल में कार्यरत अधिकतर कर्मचारी बीस से 25 साल से लगातार पुरी निष्ठा से काम कर रहे हैं ।वर्तमान गन्ना पेराई सत्र का आधा समय निकल गया है ।लेकिन शुगर मिल में गन्ना पेराई का कार्य शुरू हो सके इसकी कोई संभावना दिखाई नहीं दे रही है। शुगर मिल कर्मचारियों ने जिलाधिकारी हरिद्वार से उनका वेतन व भतता आदि शुगर मिल प्रबंधन से दिलाने के लिए कार्रवाई करने की मांग की है।

# राज्यमंत्री देशराज कर्णवाल ने सुनी जन समस्याएं

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झबरेड़ा।** देशराज कर्णवाल उपाध्यक्ष (राज्यमंत्री स्तर) समाज कल्याण योजनाएं अनुश्रवण समिति के नेतृत्व में "बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर समाज कल्याण बहुउद्देशीय शिविर" का सफल आयोजन विधानसभा झबरेड़ा के ब्लॉक रूडकी के रहीमपुर, सहापुर साल्हापुर और सरकड़ी ताहरपुर ग्रामों में किया गया।

शिविर के दौरान विभिन्न विभागों की कुल 173 शिकायतें/आवेदन प्राप्त हुए। जिनमें -रहीमपुर-70सहापुर साल्हापुर-67, सरकड़ी ताहरपुर-36 शामिल रही। शिविर में प्राप्त शिकायतों में मुख्य रूप से राशन कार्ड, आय प्रमाण पत्र, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, विद्युत बिल, आवास योजना, आधार कार्ड, दिव्यांग पेंशन, छात्रवृत्ति, वृद्धावस्था पेंशन, विधवा पेंशन, तथा शौचालय निर्माण जैसी समस्याएँ सम्मिलित रहीं। इनमें से 43 समस्याओं का मौके पर ही तत्काल समाधान किया गया। जिन समस्याओं का निस्तारण जिला स्तर पर संभव है, उन्हें जिलाधिकारी महोदय को प्रेषित किया जा रहा है, तथा शासन स्तर से संबंधित प्रकरणों को शासन को भेजा जा रहा है। इस अवसर पर श्री देशराज कर्णवाल ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र



मोदी तथा प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी का स्पष्ट संकल्प है कि राज्य का प्रत्येक गरीब, किसान एवं पात्र नागरिक बिना किसी बाधा के सभी समाज कल्याण योजनाओं का लाभ प्राप्त कर सके। इसी लक्ष्य को मूर्त रूप देते हुए यह शिविर ग्रामीण जनता के लिए अत्यंत उपयोगी सिद्ध हुआ है। शिविर में सभी संबंधित रेखिय विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी, प्रदेश अध्यक्ष अल्पसंख्यक मोर्चा श्री अनीश गौड़, बृजेश कुमार, दानिस गौड़, जावेद, रमेश, मनोज, संचित, सुनील और ग्राम प्रधान, पंचायत सदस्य एवं सैकड़ो-सैकड़ो की संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

# लाठी डंडों से युवक को पीटा, वीडियो वायरल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** खानपुर क्षेत्र के प्रहलादपुर गांव निवासी समीर नामक युवक को गांव के ही आधा दर्जन युवकों ने गोवर्धनपुर में घेर कर लाठी डंडों से जमकर पीटा। इस घटना की किसी व्यक्ति द्वारा घटना का वीडियो बनाया गया जो सोशल मीडिया पर भी वायरल हो रहा है। वीडियो में आप देख सकते हैं किस तरह से युवक को जमीन पर लेटा कर बेरहमी से पिटाई की जा रही है। बतया जा रहा है कि मामला रंजिश का है इस बाबत घायल युवक समीर के परिजनों द्वारा आरोपियों के घर पर जाकर मामले की शिकायत की गई तो पीड़ित परिजनों के साथ भी आरोपियों द्वारा मारपीट की गई है। उसका वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है जिसमें पीड़ित पक्ष द्वाराघटना तहरीर पुलिस को दी गई है। पुलिस मामले के छानबीन कर रही है।

# अंकिता को न्याय दिलाना कांग्रेस की लड़ाई : विकास

**भगवानपुर।** कांग्रेस पार्टी ने भगवानपुर विधानसभा क्षेत्र में संगठन को जमीनी स्तर पर और अधिक सशक्त बनाने की दिशा में बड़ा कदम उठाया है। इसी क्रम में सोमवार को विधायक श्रीमती ममता राकेश के कार्यालय पर कांग्रेस की एक अहम संगठनात्मक बैठक आयोजित की गई, जिसमें आगामी राजनीतिक कार्यक्रमों और संगठन विस्तार को लेकर विस्तृत चर्चा हुई। विधानसभा प्रभारी विकास त्यागी ने कहा कि "उत्तराखंड की बेटी अंकिता भंडारी को न्याय दिलाना कांग्रेस की नैतिक जिम्मेदारी है। जब तक पीड़िता को न्याय नहीं मिलेगा, कांग्रेस सड़क से सदन तक संघर्ष करती रहेगी।" उन्होंने स्पष्ट किया कि पार्टी संगठन पूरी मजबूती के साथ जनता की आवाज बनेगा।

# लक्सर में 15 दिन से युवक लापता, तहरीर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** कस्बे में ट्रैक्टर मिस्त्री का काम करने वाले एक व्यक्ति का 15 वर्षीय पुत्र दुकान से लापता हो गया। लापता किशोर के पिता द्वारा थाने में तहरीर देकर गुमशुदगी दर्ज कराई गई है। ग्राम दुगचाड़ा कोतवाली देवबंद जिला सहारनपुर उत्तर प्रदेश निवासी सुरेंद्र कुमार कस्बे में ट्रैक्टर मिस्त्री की दुकान चलाता है द्वारा थाने में तहरीर देकर बताया कि 1 जनवरी की शाम उसका 15 वर्षीय पुत्र सुमित उस समय दुकान से कहीं चला गया जब वह कस्बे में ही किसी काम से गया था ।जब वह दुकान पर आया तो वहां पर उसका पुत्र नहीं था। काफी देर बाद भी न आने पर उसनें जान पहचान व रिश्तेदारीयो में पता करने पर भी कुछ पता नहीं चल पाया है। थानाध्यक्ष अजय शाह का कहना है कि तहरीर के आधार पर गुमसुदगी दर्ज कर ली गई है।

# तमंचे सहित युवक गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झबरेड़ा।** रविवार देर शाम पुलिस चेकिंग के दौरान झबरेड़ा मानकपुर मार्ग से एक व्यक्ति को तमंचे सहित पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। उक्त के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर न्यायालय में पेश किया गया है। थानाध्यक्ष अजय शाह ने बताया कि रविवार देर शाम पुलिस द्वारा झबरेड़ा मानकपुर आदमपुर मार्ग पर चेकिंग अभियान चलाया हुआ था। चेकिंग के दौरान कुछ दूरी पर पुलिस को एक व्यक्ति जाता हुआ दिखाई दिया। शक होने पर पुलिस ने उसे आवाज देकर रोकने का प्रयास किया लेकिन उक्त व्यक्ति पुलिस को देखकर तो दूसरी दिशा में भागने लगा। पुलिस ने कुछ ही दूरी पर युवक को पकड़ लिया। पूछताछ करने पर उक्त ने अपना नाम रजनीश कुमार निवासी ग्राम मानकपुर आदमपुर बताया। पुलिस द्वारा उक्त की तलाशी लेने पर उसके पास से 315 बोर का एक तमंचा बरामद हुआ ।उक्त के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर चालान करते हुए न्यायालय में पेश किया गया है।

**संबंध विच्छेद-सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पुत्र रोहित कुमार व उसकी पत्नी संजना मराठा, सोहित कुमार व उसकी पत्नी सुभांगी, अमन कुमार व उसकी पत्नी शगुन का आचरण मेरे व मेरे परिवार के प्रति ठीक न होने के कारण उक्त सभी को अपनी तमाम चल अचल संपत्ति से बेदखल कर संबंध विच्छेद कर लिया है आज के बाद उक्त सभी के किसी भी अनैतिक कृत्य व लेनदेन की मेरे व मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

**श्रीमती कृष्णा पत्नी स्व. श्री सुरेश नि. निकट सांई मंदिर बहादराबाद जिला हरिद्वार।**

### प्रेस क्लब रुड़की के चुनाव में रियाज कुरैशी उपाध्यक्ष निर्वाचित होने पर पुलिस अधिकारियों ने दी शुभकामनाएं

**रुड़की।** प्रेस क्लब रुड़की रजिस्टर्ड के हाल ही में संपन्न हुए चुनाव में रियाज कुरैशी ने उपाध्यक्ष पद पर शानदार विजय प्राप्त की। उनकी जीत पर पत्रकार जगत में खुशी की लहर है। इसी क्रम में एसपी देहात शेखर चंद्र सुयाल एवं एएसपी नरेंद्र पंत ने रियाज कुरैशी को उपाध्यक्ष चुने जाने पर शुभकामनाएं दीं और उनके उज्ज्वल कार्यकाल की कामना की। रियाज कुरैशी ने कहा कि प्रेस क्लब रुड़की रजिस्टर्ड के सभी सदस्यों ने मुझ पर जो विश्वास जताया है, उसके लिए मैं दिल से धन्यवाद करता हूं। मैं पूरी निष्ठा और ईमानदारी से पत्रकार हितों की रक्षा करने, संगठन को मजबूत बनाने और पत्रकारों की आवाज को एकजुट होकर बुलंद करने का प्रयास करूंगा। प्रशासन और प्रेस के बीच बेहतर तालमेल बनाना भी मेरी प्राथमिकता रहेगी। उनकी इस जीत को पत्रकारों की एकजुटता और विश्वास का प्रतीक माना जा रहा है। पत्रकार साथियों और शुभचिंतकों ने उन्हें बधाइयाँ देते हुए आशा व्यक्त की कि उनके नेतृत्व में प्रेस क्लब और अधिक सशक्त होगा।

## बुग्गावाला में भाजपाइयों ने फूका कांग्रेस का पुतला

# अंकिता मामले को लेकर कांग्रेस पर साधा निशाना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुग्गावाला।** मंडल बुग्गावाला में भारतीय जनता पार्टी के बैनर तले कांग्रेस का पुतला दहन किया गया। इस दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और अंकिता भंडारी प्रकरण को लेकर कांग्रेस की भूमिका पर सवाल उठाए।

जानकारी के अनुसार कार्यक्रम में उपस्थित पूर्व दर्जा धारी मंत्री सुबोध राकेश ने कहा कि उत्तराखंड की बेटी अंकिता भंडारी की दुखद मृत्यु पर कांग्रेस घटिया और निकृष्ट राजनीति पर उतर आई है। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस इस संवेदनशील मामले को लेकर केवल अपनी राजनीति चमकाने का प्रयास कर रही है। सुबोध राकेश ने कहा कि भाजपा सरकार ने घटना को गंभीरता से लेते हुए त्वरित कार्रवाई की, मजबूत साक्ष्य जुटाए और दोषियों को कोर्ट के माध्यम से सजा दिलाई। उन्होंने कहा कि सरकार ने कानून व्यवस्था का पालन करते हुए न्याय दिलाने का काम किया है, जबकि कांग्रेस बिना तथ्यों के बयानबाजी कर जनता को भ्रमित कर रही है।

उन्होंने आगे कहा कि भाजपा पीड़ित परिवार के साथ खड़ी है और न्याय के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। इस



दौरान कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस की कथित राजनीति की निंदा करते हुए भविष्य में भी ऐसे विरोध प्रदर्शन जारी रखने की बात कही। इस मोके पर अश्वनी काम्बोज, झबल सिंह, पवन चौहान, मनोज चौहान, स्वराज राणा आदि लोग मौजूद रहे।

# स्वयंसेवियों ने ग्रामीणों को किया फास्ट फूड के प्रति जागरूक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झबरेड़ा।** चौधरी भरत सिंह डीएवी इंटर कॉलेज झबरेड़ा की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई स्वयं सेवियो द्वारा ग्राम साबतवाली में लगाए गए विशेष शिविर में खंड शिक्षा अधिकारी एस के सिद्दीकी द्वारा जंक फूड फास्ट फूड से होने वाले हानिकारक प्रभाव तथा मोटे अनाज खाने से होने वाले लाभ के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई।

ग्राम साबतवाली में चौधरी भरत सिंह डीएवी इंटर कॉलेज झबरेडा राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा चलाए जा रहे विशेष शिविर में खंड शिक्षा अधिकारी एस के सिद्दीकी ने बताया कि फास्ट फूड व जंक फूड में कई प्रकार के हानिकारक तत्व मौजूद रहते हैं। जंक फूड खाने से मनुष्य के स्वास्थ्य पर खराब प्रभाव पड़ता है। उन्होंने बताया कि खाने में मोटा अनाज जैसे मुंडवा जौ बाजारा अंगोरा जवार चोलाई आदि का प्रयोग करना चाहिए। मोटा अनाज खाने से मनुष्य का शरीर स्वस्थ रहता है। उन्होंने कहा तला भुना भोजन भी मनुष्य को कम करना चाहिए यह शरीर में कई प्रकार




से नुकसान पहुंचाता हैं ।उन्होंने कार्यक्रम में उपस्थित ग्राम वासियों व स्वयं सेवियों से कहा कि स्वस्थ रहने के लिए सुबह उठना तथा योग करना भी आवश्यक है। इस अवसर पर कालेज प्रधानाचार्य ओम सिंह सैनी कार्यक्रम अधिकारी मनोज कुमार व ओमपाल सिंह सुमित कुमार तनु यादव प्रियांशी आर्यन व युवराज आदि उपस्थित रहे।

# जीवन पर संकट

देश की राजधानी दिल्ली से वायु गुणवत्ता को लेकर अच्छी खबर नहीं आ रही है। हालांकि गुणवत्ता सूचकांक बताता है कि यहां की आबोहवा बेहद खराब श्रेणी में बनी हुई है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अनुसार जो सवेरे आठ बजे तक के लिए जारी किया गया है, वह दर्शाता है कि दिल्ली की समग्र वायु गुणवत्ता सूचकांक 260–262 तक रहा है। जोकि चिंताजनक है। अक्षरधाम की बात करें तो वहां एक्यूआई 293 रिकॉर्ड किया गया, हालांकि सबसे खराब हालत आनंद विहार में देखी गई, जहां यह 320 रहा। चांदनी चौक बेहद प्रसिद्ध स्थल है, वह सबसे अधिक प्रभावित क्षेत्रों में दिखाई दिया यहां एक्यूआई 337 रहा। इसके चलते दिल्ली हवाई अड्डों से उड़ानें प्रभावित रही। अधिकारियों ने यात्रियों को यात्रा से पहले उड़ान का शेड्यूल जांच करने की सलाह दी है। उनके अनुसार शांत हवा में अधिक नमी के कारण प्रदूषक सतह के पास ही जमा हो गया है। इसके चलते वायु गुणवत्ता लंबे समय से खराब बनी हुई है। वहीं स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने भी चेतावनी दी है कि लगातार बनी रहने वाली धुंध बच्चों, बुजुर्गों और सांस की बीमारी वाले लोगों के लिए जोखिम बढ़ा सकती है। दिल्ली सरकार ने भी साफ किया है कि उल्लंघन या कानूनी नियमों का पालन ने करने के कारण कंस्ट्रक्शन और डिमोलेशन साइटों को बंद करने का आदेश दिया गया, उन्हें आयोग की स्पष्ट मंजूरी के बिना दोबारा काम शुरू करने की इजाजत नहीं दी जाएगी। मतलब दिल्ली सरकार दिल्ली में वायु गुणवत्ता बनाए रखने के लिए हर संभव प्रयास कर रही है, लेकिन जो जमीनी स्तर पर हालात हैं, उन पर किसी तरह का कोई प्रभाव पड़ता दिखाई नहीं दे रहा है और वायु गुणवत्ता बराबर खराब स्थिति में बनी हुई है। जाहिर है, जब सर्दी का मौसम अपने शबाब पर हो, तो यह जोखिम और भी बढ़ जाता है। ऐसा नहीं है कि इसी समय दिल्ली की स्थिति वायु गुणवत्ता के मामले में खराब बनी हुई है, लेकिन यह सब लंबे समय से हो रहा है। ऐसे में यह स्वाभाविक है कि आखिर दिल्ली सरकार वायु गुणवत्ता की स्थिति पर नियंत्रण क्यों नहीं कर पा रही है। यहां यह कहना भी जरूरी है कि पर्यावरण का मुद्दा अपने भारत में इतनी अहमियत नहीं रखता जितनी विदेशों में रखता है। इसे भारतवंशी लोग इतनी गंभीरता से नहीं लेते। हालांकि थोड़े से हालात अब बदले हैं और लोगों ने पर्यावरण को लेकर अब आकर चिंता व्यक्त करना शुरू किया है, लेकिन अभी इस पर और काम करने की जरूरत है। यही कारण है कि सरकारें भी पर्यावरण को लेकर बातें भले ही कितनी बड़ी–बड़ी करती हों, लेकिन जमीनी स्तर पर इतनी गंभीरता से काम नहीं करती, जितनी काम करने की आवश्यकता है। कोई भी समझ सकता है जब देश की राजधानी का यह हाल है, तो देश के अन्य शहरों और गांवों का क्या हाल होगा। यूं भी यह समस्या कोई किसी एक शहर की नहीं बल्कि पूरे भारत की है और जरूरत आज इस पर गंभीरता से काम करने की है।

## एनसीसी कैडेट विकसित भारत की यात्रा की रीढ़



राष्ट्र निर्माण तथा युवाओं के विकास में राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी) का योगदान सराहनीय है, इसमें प्रशिक्षित आत्मविश्वासी और मूल्यों से प्रेरित कैडेट विकसित भारत की यात्रा की रीढ हैं, एनसीसी स्थापना के 78 वें वर्ष में विश्व का सबसे बड़ा वर्दीधारी युवा संगठन बन चुका है और अनुशासित, जिम्मेदार और देशभक्त नागरिकों के निर्माण के अपने मूल उद्देश्य को दृढ़ता से निभा रहा है, यह संगठन आत्मविश्वासी और मूल्यों से प्रेरित युवाओं को गढ़ रहा है, जो विक. सित भारत 2047 की रीढ़ हैं, ऑपरेशन सिदूंर के दौरान लगभग 72,000 कैडेटों ने नागरिक सुरक्षा कार्यों के लिए स्वेच्छा से सेवा दी, जिससे संकट की घड़ी में राष्ट्र की सेवा के प्रति उनकी प्रतिबद्धता, साहस और तत्परता स्पष्ट होती है। **सीपी राधाकृष्णन, उपराष्ट्रपति**

# ई-कचरा के लिए क्यों नहीं मिल पा रहा कोई कारगर उपाय!

दुनिया डिजिटल अर्थव्यवस्थाओं की ओर तेजी से बढ़ रही है, सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी आधारित सेवाएं एवं इलेक्ट्रोनिक क्रांति ने लोगों के जीवन को आसान बना दिया है, लेकिन अर्थव्यवस्था एवं जीवन का डिजिटल अवतार इलेक्ट्रोनिक कचरे की शक्ल में एक नयी चुनौती एवं जटिल समस्या को लेकर आया है। घरों में इस्लेमाल होने वाले कूलर, वाशिंग मशीन, एयर कंडीशनर जैसी वस्तुओं के अलावा कार्यालय में लैपटॉप, कम्प्यूटर, मोबाइल, डिजिटल घड़ी, टीवी तय समय के बाद ई–कचरे में परिवर्तित हो जाते हैं, इस ई–कचरे एवं ई–अपशिष्ट के प्रभावों को प्रतिबिंबित करने एवं इसे नियंत्रित करने की जागरूकता के अवसर के रूप में वर्ष 2018 से प्रतिवर्ष 14 अक्टूबर को अंतर्राष्ट्रीय ई–अपशिष्ट दिवस अपशिष्ट विद्युत और इलेक्ट्रॉनिक उपकरण फोरम द्वारा मनाया जाता है। दुनियाभर में 46 देशों सक्रिय डब्ल्यूईईई फोरम एक उत्पादक उत्तरदायित्व संगठन है, जो एक गैर–लाभकारी संघ है, जिसकी स्थापना अप्रैल 2002 में हुई थी। संयुक्त राष्ट्र भी कहता है कि दुनियाभर में ई–कचरा 53.6 मिलियन टन उत्पन्न हो रहा हैं। इसमें से केवल 17.4 प्रतिशत का ही संग्रहण और पुनर्चक्रण किया जाता है। यह भी अनुमान है कि 2030 तक 74 मिलियन टन ई–कचरा उत्पन्न होगा। प्रौद्योगिकी में तेजी से प्रगति, शहरीकरण प्रक्रिया और आर्थिक विकास ई–कचरे में तेजी से वृद्धि के प्रमुख कारण हैं। अपशिष्ट विद्युत और इलेक्ट्रॉनिक उपकरण (डब्ल्यूईईई) फोरम के अनुसार, वर्ष 2022 में लगभग 5.3 बिलियन मोबाइल स्मार्टफोन उपयोग से बाहर हो गये थे। लगातार बढ़ रहा ई–कचरा न केवल भारत के लिए बल्कि समूची दुनिया के बड़ा पर्यावरण, प्रकृति एवं स्वास्थ्य खतरा है। ई–कचरा से तात्पर्य उन सभी इलेक्ट्रानिक और इलेक्ट्रिकल उपकरणों (ईईई) तथा उनके पाट्र्स से है, जो उपभोगकर्ता द्वारा दोबारा इस्तेमाल में नहीं लाया जाता। ग्लोबल ई–वेस्ट मानिटर–2020 के मुताबिक चीन और अमेरिका के बाद भारत दुनिया का पांचवां सबसे बड़ा ई–वेस्ट उत्पादक है, चूंकि इलेक्ट्रिक्ल और इलेक्ट्रानिक उपकरणों को बनाने में खतरनाक पदार्थों (शीशा, पारा, कैडमियम आदि) का इस्तेमाल होता है, जिसका मानव स्वास्थ्य और पर्यावरण पर दुष्प्रभाव पड़ता है। दुनियाभर में इस तरह से उत्पन्न हो रहा ई–कचरा एक ज्वलंत समस्या के रूप में सामने आ रहा है। पारा, कैडमियम, सीसा, पॉलीब्रोमिनेटेड फ्लेम रिटार्डेंट्स, बेरियम, लिथियम आदि ई–कचरे के जहरीले अवशेष मानव स्वास्थ्य के लिए बहुत खतरनाक होते हैं इन विषाक्त पदार्थों के संपर्क में आने पर मनुष्य के हृदय, यकृत, मस्तिष्क, गुर्दे और कंकाल प्रणाली की क्षति होती है। इसके अलावा, यह ई–वेस्ट मिट्टी और भूजल को भी दूषित करता है। ई–उत्पादों की अंधी दौड़ ने एक अन्तहीन समस्या को जन्म दिया है। शुद्ध साध्य के लिए शुद्ध साधान अपनाने की बात इसीलिए जरूरी है कि प्राप्त



ई–साधानों का प्रयोग सही दिशा में सही लक्ष्य के साथ किया जाए, पदार्थ संयम के साथ इच्छा संयम हो। आज दुनिया के सामने कई तरह की चुनौतियां हैं, जिसमें से ई–वेस्ट एक नई उभरती विकराल एवं विध्वंसक समस्या भी है। दुनिया में हर साल 3 से 5 करोड़ टन ई–वेस्ट पैदा हो रहा है। ग्लोबल ई–वेस्ट मॉनिटर के मुताबिक भारत सालाना करीब 20 लाख टन ई–वेस्ट पैदा करता है और अमेरिका, चीन, जापान और जर्मनी के बाद ई–वेस्ट उत्पादक देशों में 5वें स्थान पर है। ई–अपशिष्ट दिवस रीसाइक्लिंग और ई–कचरे को कम करने के महत्व पर बल देता है।

इस दिन को मनाना और ई–कचरे के खतरों के बारे में जागरूकता बढ़ाना महत्वपूर्ण है क्योंकि केवल 78 देशों में ही ई–कचरा प्रबंधान अच्छा है। विश्व की केवल 71 प्रतिशत जनसंख्या ई–कचरा कानून के अंतर्गत आती है। ई–वेस्ट के निपटारे में भारत काफी पीछे है, जहां केवल 0.003 मीट्रिक टन का निपटारा ही किया जाता है। यूएन के मुताबिक, दुनिया के हर व्यक्ति ने साल 2021 में 7.6 किलो ई–वेस्ट डंप किया। भारत में हर साल लगभग 25 करोड़ मोबाइल ई–वेस्ट हो रहे हैं। ये आंकड़ा हर किसी को चौंकाता है एवं चिंता का बड़ा कारण बन रहा है, क्योंकि इनसे कैंसर और डीएनए डैमेज जैसी बीमारियों के साथ कृषि उत्पाद एवं पर्यावरण के सम्मुख गंभीर खतरा भी बढ़ रहा है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार, ई–कचरे से निकलने वाले जहरीले पदार्थों के सीधे संपर्क से स्वास्थ्य जोखिम हो सकता है। दुनिया भर में इलेक्ट्रॉनिक कचरे के बढ़ने की सबसे बड़ी वजह इलेक्ट्रॉनिक उत्पादों की तेजी से बढ़ती खपत है। आज हम जिन इलेक्ट्रॉनिक उत्पादों को अपनाते जा रहे हैं उनका जीवन काल छोटा होता है। इस वजह से इन्हें जल्द फेंक दिया जाता है। जैसे ही कोई नई टेक्नोलॉजी आती है, पुराने को फेंक दिया जाता है। इसके साथ ही कई देशों में इन उत्पादों के मरम्मत और रिसायक्लिंग की सीमित व्यवस्था है या बहुत महंगी है। ऐसे में जैसे ही कोई उत्पाद खराब होता है लोग उसे ठीक कराने की जगह बदलना ज्यादा पसंद करते हैं। साल 2021 में डेफ्ट यूनिवर्सिटी आफ टेक्नोलाजी द्वारा किए गए सर्वेक्षण में फोन बदलने का सबसे बड़ा कारण सॉफ्टवेयर का धीमा होना और बैटरी में गिरावट रहा। यूनाइटेड नेशंस यूनिवर्सिटी की ओर से जारी ग्लोबल ई–वेस्ट मॉनिटर 2020 रिपोर्ट के मुताबिक साल 2019 में दुनिया में 5.36 करोड़ मीट्रिक टन ई–कचरा पैदा हुआ था। अनुमान है कि साल 2030 तक इस वैश्विक इलेक्ट्रॉनिक कचरे में तकरीबन 38 प्रतिशत तक वृद्धि हो जाएगी। अब आप अंदाजा लगा सकते हैं कि यह समस्या कितनी बड़ी है और आने वाले समय में यह और कितना बढ़ने वाली है। बात अगर दिल्ली की करें तो यहां हर साल 2 लाख टन ई–कचरा पैदा होता है। हालांकि, इसे वैज्ञानिक और सुरक्षित तरीके से हैंडल नहीं किया जा रहा है। इससे आग लगने जैसी कई जानलेवा घटनाएं हो चुकी हैं, जो दिल्ली के निवासियों और कूड़ा उठाने वालों के स्वास्थ्य को प्रभावित करती हैं। इसी क्रम में अभी हाल ही में दिल्ली सरकार ने घोषणा की है कि दिल्ली में भारत का पहला ई–कचरा इको–पार्क खोला जाएगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मन की बात कार्यक्रम में इलेक्ट्रॉनिक वेस्ट का जिक्र किया था। उन्होंने लोगों से आह्वान किया था कि पर्यावरण को बचाने के लिए इलेक्ट्रॉनिक–कचरे का प्रभावी प्रबंधान करना होगा। गौरतलब है कि भारत में साल 2011 से ही इलेक्ट्रॉनिक कचरे के प्रबंधान से जुड़ा नियम लागू है। बाद में पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रलय द्वारा ई–कचरा (प्रबंधन) नियम, 2016 लागू किया गया था। इस नियम के तहत पहली बार इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों के निर्माताओं को विस्तारित निर्माता जिम्मेदारी के दायरे में लाया गया। नियम के अंतर्गत उत्पादकों को ई–कचरे के संग्रहण तथा आदान–प्रदान के लिये उत्तरदायी बनाया गया है और उल्लंघन की स्थिति में दंड का प्रावधान भी किया गया है। कई लोग या कंपनियां अपने पुराने लैपटॉप, कंप्यूटर या मोबाइल को वेस्ट कर देते हैं, जो ई–वेस्ट के रूप में सामने आते हैं, लेकिन आप ऐसे में इसे किसी जरूरतमंद को दे सकते हैं। इसके लिये लायंस क्लब इन्टरनेशनल–डिस्ट्रिक–321–ए ने अनूठी एवं अनुकरणीय पहल करते हुए ई–अवशेषों एवं वेस्ट को एकत्र कर रही है। अन्य जनसेवी संस्थाएं भी ऐसे सराहनीय उपक्रम कर रही है। भारत सरकार ई–कचरे के निपटारे के लिए प्रबंधान नीति लाई थी, लेकिन वह कारगर नहीं साबित हुई और अब रिसाइकल इंसेंटिव के साथ नई नीति ला रही है। ताकि ई–निर्माण इकाइयां ई–वेस्ट का रिसाइकल करने और पर्यावरण बचाव के प्रति जवाबदेह हो सकें। मौजूदा समय देश में यह काम बड़े स्तर पर असंगठित क्षेत्र द्वारा किया जाता है, जहां ई–वेस्ट का निपटारा गलत एवं अवैज्ञानिक तरीकों से किया जा रहा है। सरकार ने ई–कचरा द्धप्रबंधानऋ नियम–2022 अधिसूचित किया है, जो प्रत्येक विनिर्माता, उत्पादक, रिफर्बिसर, डिस्मैंटलर और ई–वेस्ट रिसाइकलर पर लागू होगा। ई–वेस्ट अर्थात इलेक्ट्रॉनिक वेस्ट को लेकर केंद्र सरकार सख्त है और इसे लेकर केंद्र सरकार ने नए दिशानिर्देश जारी किए हैं। दिशा–निर्देशों के अनुसार अब जो भी ई–वेस्ट पैदा करेगा उन्हें उसे नष्ट करने की जिम्मेदारी भी उठानी होगी।

...**साभार**

# वेज डिशेस में मिलेगा नॉनवेज डिश का टेस्ट

अक्सर ऐसा होता है कि कुछ लोगों को नॉनवेज डिशेस देख कर वैसे ही मसालेदार, चटपटी, तीखी डिश खाने का मन करता है, लेकिन वो वेजिटेरियन होने के नाते उसे खा नहीं पाते। ऐसे में हम आपको कुछ ऐसी वेजिटेरियन डिशेस के बारे में बताने जा रहे हैं, जिन्हें आप नॉनवेज की तरह बनाकर खा सकते हैं। बहुत से ऐसे लोग हैं जिन्हें तीखा, स्पाइसी और मसालेदार खाने का मन होता है तो जानिए कुछ ऐसी वेज डिशेस के बारे में जिसमें आप नॉन वेज का मजा ले सकते हैं।

### वेज कीमा

वेज कीमा को आप मसालेदार नॉनवेज डिश की तरह बना सकते हैं। इसे पनीर और बाकी सब्जियों के साथ बनाया जाता है।

### वेजिटेबल टिक्का मसाला

नॉनवेज डिश की तरह आप वेजिटेबल टिक्का मसाला बना सकते हैं। आप इसे कई तरह के वेजिटेबल्स और पनीर से बना सकते हैं।

### काजू कोरमा



काजू कोरमा की डिश आपको नॉनवेज डिश की तरह ही लगेगी। काजू, क्रीम और ग्रेवी बनाने वाली चीजों के साथ आप काजू कोरमा बना सकते हैं।

### सोया चाप

सोया चाप भी आपको नॉनवेज डिश का टेस्ट देगा। सोया चाप को ग्रेवी के साथ बना सकते हैं।

### पनीर बटर मसाला

चिकन बटर मासाला का नाम तो आपने सुना होगा लेकिन बटर और पनीर की मदद से आप नॉनवेज टेस्ट जैसा पनीर बटर मसाला बना सकते हैं।

## डायबिटीज रेसिपीः शुगर फ्री पिंडखजूर के रोल

**सामग्री**– 500 ग्राम पिंडखजूर, 1 कटोरी सिंकी और पिसी हुई तिल, दो बड़े चम्मच ताजी मलाई, 1 कप काजू, बादाम, पिस्ते की कतरन तथा थोड़ी–सी खसखस।

**विधि**–सबसे पहले पिंडखजूर की गुठली निकाल. कर टुकड़े–टुकड़े कर लें। अब कड़ाही में मलाई गरम करके उसमें पिंडखजूर के टुकड़े डालें व हिलाती रहें। पिंडखजूर गल जाने पर उसमें पिसी हुई तिल, मेवे की कतरन डालकर गैस बंद कर दें। इस मिश्रण को एक थाली में लेकर अच्छी तरह मिलाएं और 2–3 बड़े–बड़े रोल बना लें।

अब एक थाली में थोड़ी–सी खसखस फैला दें। फिर बने हुए रोल को खसखस पर लपेटें और एक प्लास्टिक शीट में लपेटकर फ्रिज में रख दें। 2–3 घंटे बाद बाहर निकाल कर शीट हटा दें व चाकू से मनचाहे आकार में पीसेस काट लें। यह मिठाई खाने में लाजवाब और कई दिनों तक खराब नहीं होती है। साथ ही मधुमेह रोगियों के लिए बहुत फायदेमंद है।



# जीवन में दुखभरे मोड़ के बाद फिर से ऐसे करें नई राह की शुरुआत

लंबे समय से चले आ रहे रिश्ते से अलग होना मुश्किल है, लेकिन क्या आप जानते हैं कि इससे भी ज्यादा मुश्किल क्या है? डेटिंग की दुनिया में वापस लौटना। यह अजीब, अपरिचित और बिल्कुल डरावना लग सकता है। एक पल में, आप अपने नए साथी की बाहों में लिपटे हुए होते हैं, और अगले ही पल, आप अपने पिछले रिश्ते की यादों में खो जाते हैं। आप अपना सिर उनके कंधे पर टिकाना चाहते हैं, लेकिन फिर, अचानक, एक बुरे लगाव की दर्दनाक याद सामने आ जाती है।

हम जानते हैं कि यह डरावना है और हम यह भी जानते हैं कि लंबे समय से चले आ रहे रिश्ते के टूटने से आगे बढ़ना मुश्किल है। ब्रेकअप के बाद आगे बढ़ना ऐसा महसूस करा सकता है जैसे आप अपने साथ आत्म–संदेह, चिंता और यहां तक कि अवसाद का बोझ भी ढो रहे हैं। खुद से सवाल करना और यह सोचना कि क्या आप कभी फिर से श्सामान्यश महसूस कर पाएंगे, सामान्य है, लेकिन बात यह है कि उम्मीद है। आप इससे आगे बढ़ सकते हैं और आत्मविश्वास के साथ फिर से डेटिंग शुरू कर सकते हैं। यह जल्दबाजी या खुद पर दबाव डालने के बारे में नहीं है, बल्कि एक बार में एक कदम उठाने के बारे में है। कुछ मार्गदर्शन और विशेषज्ञ सलाह के साथ, आप इस चरण से गुजर सकते हैं और सीख सकते हैं कि अतीत के बोझ के बिना, स्वस्थ, सार्थक तरीके से डेटिंग कैसे करें। कपल्स थेरेपिस्ट पैट्रिस ले गोय ने कहा कि आप डेटिंग के तरीके के बारे में असुरक्षित महसूस कर सकते हैं या किसी नए व्यक्ति के साथ अंतरंग होने का डर हो सकता है। यह अजीब भी लग सकता है, या ऐसा लग सकता है कि आप श्धोखाश दे रहे हैं, जब आप किसी लंबे समय के साथी के साथ रहने के बाद किसी नए व्यक्ति के साथ कुछ साझा करते हैं या करते हैं।

सुनिश्चित करें कि आप तैयार हैं– किसी नए रिश्ते में आने से पहले ए सुनिश्चित करें कि आप डेट करने के लिए तैयार हैं। ब्रेकअप के बाद आप अकेला महसूस कर सकते हैं और इस अकेलेपन को भरने के लिए अक्सर लोग गलत रिश्तों में फंस जाते हैं। इसलिए किसी रिश्ते में आने में जल्दबाजी करने की कोशिश करने की जल्दी न करें नहीं तो खुद को ही चोट पहुंचा बैठेंगे। डॉ. ले गोय कहते हैं, कुछ संकेतों में अपने पिछले रिश्ते पर लगातार चर्चा करने और उसका विश्लेषण करने की जरूरत महसूस न करना शामिल है। यह दर्शाता है कि आप किसी स्थाई नाराजगी या पछतावे को नहीं पाल रहे हैं जो नए रिश्ते में भी बना रह सकता है।

**डेटिंग से सीखने की कोशिश करें**

डेटिंग का मतलब अपने एक्स के द्वारा छोड़े गए खालीपन को भरना या सेक्स करना नहीं है, यह इन चीजों से कहीं ज्यादा है। जब आप डेट करने के लिए तैयार हों तो सुनिश्चित करें कि आप जीवन और प्यार के नए .ष्टिकोण सीखने के लिए अपना दिमाग खोलें। एक्सपर्ट कहते हैं कि खुद को डेटिंग के लिए खोलना आपको इस सोच में डाल सकता है, मैं कुछ अच्छे लोगों से मिलने जा रही हूं। उनमें से कुछ मेरे दोस्तों को बाद में बताने के लिए एक मजेदार कहानी होगी, और शायद कोई मेरा अगला प्रेमी बन जाए, और मुझे उन दोनों से कोई परेशानी नहीं है। डेटिंग से पहले अकेले वो करें जो आपको पसंद है–डेट पर जाने से पहले ऐसी गतिविधियों से शुरुआत करें जो आपको अकेले में पसंद हों। फैंसी रेस्टोरेंट या भीड़–भाड़ वाले बार हमेशा पहली डेट के लिए आदर्श नहीं होते, खासकर तब जब आप पहले से ही नर्वस महसूस कर रहे हों। एक्सपर्ट ने कहा कि पहली डेट पर जाना बहुत ज्यादा खर्चीला या आपके कम्फर्ट जोन से बाहर होना जरूरी नहीं है। ऐसी जगहों पर जाएं जहां आप सहज महसूस करें। अगर आपको खाने–पीने का शौक है, तो अपनी पसंदीदा स्थानीय जगह पर जाएं। अगर आपको किताबों की दुकानें पसंद हैं, तो किसी आरामदायक कैफे में चाय पिएं और अलमारियों को ब्राउज करते हुए बातचीत करें। परिचित वातावरण चुनने से अनुभव कम डरावना लग सकता है और आपको आराम करने में मदद मिल सकती है।

**ईमानदार होना आपकी कमजोरी नहीं है**

याद रखें, ईमानदार होना ठीक है। अगर आप नर्वस महसूस कर रहे हैं तो आपको ऐसा व्यवहार करने की जरूरत नहीं है कि आप पूरी तरह से सहज हैं। डॉ. ले गोय कहते हैं, डेट को यह बताना बिल्कुल ठीक है कि आप इस मामले में नए हैं और पूरी तरह से सहज नहीं हैं।श खुलकर बात करने से आप दोनों के लिए चीजें आसान हो सकती हैं। वे आपकी ईमानदारी की सराहना कर सकते हैं और समझ सकते हैं कि आप चुप या चिंतित क्यों हैं। साथ ही, वास्तविक होना आपको आराम करने में मदद करता है, और अगर आप खुद नहीं हो सकते, तो इसका क्या मतलब है?



**यह जल्दबाजी या खुद पर दबाव डालने के बारे में नहीं है, बल्कि एक बार में एक कदम उठाने के बारे में है। कुछ मार्गदर्शन और विशेषज्ञ सलाह के साथ, आप इस चरण से गुजर सकते हैं और सीख सकते हैं कि अतीत के बोझ के बिना, स्वस्थ, सार्थक तरीके से डेटिंग कैसे करें। कपल्स थेरेपिस्ट पैट्रिस ले गोय ने कहा कि आप डेटिंग के तरीके के बारे में असुरक्षित महसूस कर सकते हैं या किसी नए व्यक्ति के साथ अंतरंग होने का डर हो सकता है। यह अजीब भी लग सकता है, या ऐसा लग सकता है कि आप श्धोखाश दे रहे हैं, जब आप किसी लंबे समय के साथी के साथ रहने के बाद किसी नए व्यक्ति के साथ कुछ साझा करते हैं या करते हैं। सुनिश्चित करें कि आप तैयार हैं– किसी नए रिश्ते में आने से पहले ए सुनिश्चित करें कि आप डेट करने के लिए तैयार हैं। ब्रेकअप के बाद आप अकेला महसूस कर सकते हैं और इस अकेलेपन को भरने के लिए अक्सर लोग गलत रिश्तों में फंस जाते हैं। इसलिए किसी रिश्ते में आने में जल्दबाजी करने की कोशिश करने की जल्दी न करें नहीं तो खुद को ही चोट पहुंचा बैठेंगे। डॉ. ले गोय कहते हैं, कुछ संकेतों में अपने पिछले रिश्ते पर लगातार चर्चा करने और उसका विश्लेषण करने की जरूरत महसूस न करना शामिल है। यह दर्शाता है कि आप किसी स्थाई नाराजगी या पछतावे को नहीं पाल रहे हैं जो नए रिश्ते में भी बना रह सकता है।**

# क्यूबा पर सैन्य कार्रवाई की जरूरत नहीं, वह खुद की बर्बाद हो रहा: ट्रम्प

**वाशिंगटन।** वेनेजुएला पर अमेरिकी कार्रवाई के बाद अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने एक अन्य मध्य अमेरिकी देश क्यूबा पर टिप्पणी करते हुए कहा है कि क्यूबा पर सैन्य कार्रवाई की जरूरत नहीं, क्योंकि वह देश खुद ही बर्बाद हो रहा है। ट्रम्प ने एयर फोर्स वन विमान में पत्रकारों से बातचीत के दौरान क्यूबा पर सवाल पूछे जाने पर कहा कि अमेरिकी हस्तक्षेप की आवश्यकता नहीं है, क्योंकि वह देश अपने आप ही गिरता हुआ लग रहा है।

उन्होंने कहा कि क्यूबा गिरने के लिए तैयार है। ऐसा लग रहा है जैसे क्यूबा बस गिरने ही वाला है। अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा कि क्यूबा के पास अब आय का कोई जरिया नहीं है। उन्हें अपनी सारी आय वेनेजुएला से, वेनेजुएला के तेल से मिलती थी। अब उन्हें उसमें से कुछ भी नहीं मिल रहा है। क्यूबा सचमुच गिरने के कगार पर है। इस बीच, वेनेजुएला पर अमेरिकी कार्रवाई के दौरान मारे गए 32 क्यूबाई

■ सभी नागरिक अमेरिकी हमले का विरोध करते समय मारे गए
■ इनमें से कुछ सीधे मुकाबले और कुछ बमबारी में मारे गए थे

नागरिकों के सम्मान में क्यूबा में दो दिवसीय राष्ट्रीय शोक की घोषणा की गई है। क्यूबा के राष्ट्रपति मिगुएल डियाज-कैनेल ने रविवार को जानकारी दी कि ए 32 लोग वेनेजुएला के अनुरोध पर वहां तैनात किए गए थे और क्यूबा के रिवोल्यूशनरी आर्म्ड फोर्सेज तथा गृह मंत्रालय की ओर से मिशन का संचालन कर रहे थे। उन्होंने कहा कि ये सभी नागरिक अमेरिकी हमले का विरोध करते समय मारे गए। इनमें से कुछ सीधे मुकाबले और कुछ बमबारी में मारे गए थे। ट्रम्प ने बातचीत के दौरान एक अन्य मध्य अमेरिकी देश कोलंबिया पर भी टिप्पणी की। उन्होंने कहा कि कोलंबिया और वेनेजुएला दोनों 'बहुत बीमार' देश हैं। उन्होंने कोलंबिया के राष्ट्रपति गुस्तावो पेट्रो का जिक्र करते हुए कहा कि कोलंबिया को 'एक बीमार व्यक्ति चला रहा है, जो कोक. ेन बनाना और उसे अमेरिका को बेचना पसंद करता है।

## ट्रम्प की ईरान को चेतावनी, आंदोलनकारियों पर दमन बर्दाशत नहीं करेगा अमेरिका

**वॉशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने ईरान में चल रहे सत्ता विरोधी आंदोलन के दमन को लेकर ईरान को चेतावनी दी है। ट्रम्प ने पत्रकार के एक सवाल के जवाब में कहा कि इस पर हमारी करीबी नजर है।

पहले की तरह अगर वे लोगों को मारना शुरू करते हैं तो मुझे लगता है कि अमेरिका उन पर कड़ा प्रहार करेगा। एक अमेरिकी मानवाधिकार समूह की रिपोर्ट के अनुसार, ईरान में लगातार विरोध प्रदर्शन हो रहे हैं। ये आंदोलन ईरान के 26 प्रांतों के 78 शहरों में फैल चुका है। करीब 222 जगहों पर प्रदर्शन और हड़ताल जारी हैं। छात्रों में महंगाई, बेरोजगारी जैसे मुद्दों पर आक्रोश के बीच कुल मरने वालों की संख्या 20 हो गई है। ह्यूमन राइट्स एक्टिविस्ट्स न्यूज एजेंसी (एचआरएएनए) के डाटा के अनुसार, पिछले आठ दिनों में कम से कम 19 नागरिक और सुरक्षा बल का एक सदस्य मारा गया है और कम से कम 51 लोगों के घायल होने की खबर है। इनमें ज्यादातर छर्रे और रबर की गोलियों से घायल हुए हैं। एजेंसी ने कहा कि सुरक्षा उपायों को बढ़ाने, पुलिस और सुरक्षा बलों की तैनाती बढ़ाने और कई इलाकों में लगातार टकराव के बावजूद, विरोध प्रदर्शन जारी हैं।



कोलकाता। सरकारी स्कूलों की दयनीय स्थिति को लेकर चिंता जताते व अपने अभभावकों के साथ टॉलीगंज आदर्श हिंदी हाई स्कूल के बाहर जमा छात्र व छात्राएं।

## वेनेजुएला में 32 नागरिकों के मारे जाने पर क्यूबा में राष्ट्रीय शोक की घोषणा

**हवाना।** क्यूबा के राष्ट्रपति मिगुएल डियाज-कैनेल ने वेनेजुएला पर अमेरिकी सैन्य हमले के दौरान मारे गए 32 स्वदेशी नागरिकों के सम्मान में दो दिवसीय राष्ट्रीय शोक की घोषणा की है। डियाज-कैनेल ने रविवार को जानकारी दी कि ए 32 लोग वेनेजुएला के अनुरोध पर वहां तैनात किए गए थे और क्यूबा के रिवोल्यूशनरी आर्म्ड फोर्सेज तथा गृह मंत्रालय की ओर से मिशन का संचालन कर रहे थे। उन्होंने कहा कि ये सभी नागरिक अमेरिकी हमले का विरोध करते समय मारे गए। इनमें से कुछ सीधे मुकाबले और कुछ बमबारी में मारे गए। राष्ट्रपति ने कहा कि उनकी वीरता क्यूबा के लोगों की एकता और अंतर्राष्ट्रीय एकजुटता के प्रति देश की प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

## ट्रंप प्रशासन वेनेजुएला अभियान पर सांसदों को ब्रीफिंग देगा, डेमोक्रेट्स ने जताई आपत्ति

**वाशिंगटन।** अमेरिका में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन के अधिकारी सोमवार को चुनिदा सांसदों को वेनेजुएला में चलाए गए उस ऑपरेशन के बारे में जानकारी देंगे जिसके तहत राष्ट्रपति निकोलस मादुरो और उनकी पत्नी को गिरफ्तार किया गया। समाचार पत्र द हिल ने बताया, 'ऑपरेशन एब्सोल्यूट रिजॉल्व' पर यह ब्रीफिंग कई वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा दी जाएगी, जिनमें विदेश मंत्री मार्को रूबियो, रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ, सीआईए निदेशक जॉन रैटक्लिफ, अटॉर्नी जनरल पैम बॉन्डी और जॉइंट चीफ्स ऑफ स्टाफ के चेयरमैन जनरल डैन केन शामिल हैं। ब्रीफिंग कैपिटल हिल पर शाम 5:30 बजे निर्धारित है। हाउस डेमोक्रेटिक लीडर हकीम जेफीज ने ट्रंप प्रशासन के इस दावे को खारिज कर दिया कि वेनेजुएला में अमेरिकी सैन्य कार्रवाई एक कानून प्रवर्तन ऑपरेशन था। उन्होंने इसे 'युद्ध की कार्रवाई' करार दिया जिसके लिए कांग्रेस की मंजूरी जरूरी थी। विदेश मंत्री मार्को रूबियो ने कहा कि इस ऑपरेशन के लिए कांग्रेस की मंजूरी की जरूरत नहीं थी, क्योंकि यह न तो आक्रमण था और न ही कब्जा, बल्कि वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो को गिरफ्तार करने का एक कानून प्रवर्तन मिशन था।

# ट्रम्प ने ग्रीनलैंड पर कब्जा करने की बात दोहराई

## कहा: देश की सुरक्षा के लिए जरूरी, डेनमार्क पीएम बोलीं: धमकियां देना बंद करें अमेरिकी राष्ट्रपति

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने एक बार फिर ग्रीनलैंड पर अमेरिका का नियंत्रण चाहने की बात दोहराई है। इससे डेनमार्क और ग्रीनलैंड के नेताओं में गुस्सा भड़क गया है। ट्रम्प ने सोमवार को एयर फोर्स वन पर पत्रकारों से बातचीत में कहा कि राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए ग्रीनलैंड बहुत जरूरी है और वहां रूसी और चीनी जहाजों की मौजूदगी चिंता की बात है। इससे पहले द अटलांटिक मैगजीन को दिए इंटरव्यू में भी ट्रम्प ने कहा था कि रक्षा के लिहाज से ग्रीनलैंड अमेरिका को चाहिए।

डेनमार्क की प्रधानमंत्री मेटे फ्रेडरिक्सेन ने ट्रम्प की इस टिप्पणी पर तुरंत प्रतिक्रिया दी और कहा कि अमेरिका का ग्रीनलैंड पर कब्जा करने की बात करना पूरी तरह बेतुकी है। वहीं ग्रीनलैंड के प्रधानमंत्री जेंस-फ्रेडरिक नीलसन ने भी ट्रम्प की टिप्पणियों को गलत और अपमानजनक बताया। अमेरिकी सेना के वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो और उनकी पत्नी को पकड़कर न्यूयॉर्क ले जाने के बाद यह विवाद और गहरा गया है।

मादुरो पर ड्रग तस्करी के आरोपों में मुकदमा चलाया जाएगा। डेनमार्क पीएम बोली: अमेरिका के पास डेनिश साम्राज्य हड़पने का अधिकार नहीं ह। डेनमार्क की प्रधानमंत्री मेटे फ्रेडरिक्सेन ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि अमेरिका को ग्रीनलैंड पर कब्जा करने की कोई जरूरत नहीं है और न ही उसके पास डेनिश साम्राज्य के किसी भी हिस्से को हड़पने का कोई अधिकार है। फ्रेडरिक्सेन ने ट्रम्प से करीबी सहयोगी देश के खिलाफ धमकियां देना बंद करने की अपील की और याद दिलाया कि ग्रीनलैंड के लोग खुद स्पष्ट कह चुके हैं कि वे बिकाऊ नहीं हैं। डेनमार्क नाटो का सदस्य है और अमेरिका के साथ पहले से ही उसका रक्षा समझौता है, जिसके तहत ग्रीनलैंड में पहले से अमेरिकी पहुंच है। ग्रीनलैंड के प्रधानमंत्री जेंस-फ्रेडरिक नीलसन ने कहा कि जब अमेरिकी राष्ट्रपति ग्रीनलैंड को वेनेजुएला से जोड़कर सैन्य हस्तक्षेप की बात करते हैं, तो यह न केवल गलत है बल्कि हमारे लोगों के प्रति अनादर है। नीलसन ने 4 जनवरी को बयान जारी कर कहा: मैं शुरू से ही शांत और स्पष्ट रूप से यह कहना चाहता हूं कि घबराहट या चिंता का कोई कारण नहीं है। केटी मिलर के पोस्ट से, जिसमें ग्रीनलैंड को अमेरिकी झंडे में लिपटा हुआ दिखाया गया है, इससे कुछ भी नहीं बदलता। नीलसन बोले कि हम स्वतंत्र चुनावों और मजबूत संस्थानों वाला एक लो. कतांत्रिक समाज हैं। हमारी स्थिति अंतर्राष्ट्रीय कानून और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त समझौतों पर आधारित है। इस पर कोई सवाल नहीं है। ग्रीनलैंड सरकार शांतिपूर्वक और जिम्मेदारी से अपना काम जारी रखे हुए है। वेनेजुएला में अमेरिकी कार्रवाई के ठीक बाद व्हाइट हाउस के एक वरिष्ठ अधिकारी स्टीफन मिलर की पत्नी कैटी मिलर ने सोशल मीडिया पर ग्रीनलैंड का नक्शा अमेरिकी झंडे के रंग में रंगा हुआ पोस्ट किया। इससे यह विवाद और बढ़ गया। मिलर ने अपनी पोस्ट के कैप्शन में लिखा 'जल्द ही'। इससे ग्रीनलैंड और डेनमार्क में अमेरिकी कब्जे की आशंकाएं बढ़ गईं। ट्रम्प लंबे समय से ग्रीनलैंड को अमेरिका में शामिल करने की बात करते रहे हैं। जिसमें उन्होंने राष्ट्रीय सुरक्षा, खनिज संसाधनों और आर्कटिक क्षेत्र में रूस-चीन की गति. विधियों का हवाला दिया है। इससे पहले मार्च में अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वैंस ने ग्रीनलैंड के एक अमेरिकी सैन्य अड्डे का दौरा किया था और डेनमार्क पर वहां कम निवेश करने का आरोप लगाया था।



■ अमेरिकी सेना के वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो और उनकी पत्नी को पकड़कर न्यूयॉर्क ले जाने के बाद यह विवाद और गहरा गया है

### रूस तेल आयात को लेकर ट्रम्प ने भारत को दी शुल्क बढ़ाने की चेतावनी

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने रूस से तेल का आयात करने के मामले में भारत पर आयात शुल्क बढ़ाने की चेतावनी देते हुए संकेत दिया है कि वाशिंगटन इस मामले में त्वरित कार्रवाई करने के लिए तैयार है और कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी इस मुद्दे पर उनकी नाराजगी से अवगत हैं। अपने हवाई जहाज एयर फोर्स वन पर रविवार को पत्रकारों से बातचीत करते हुए ट्रम्प ने कहा कि मोदी रूस के साथ भारत के ऊर्जा व्यापार पर उनकी नाराजगी को जानते हैं। मोदी एक बहुत अच्छे इंसान हैं और वह जानते थे कि मैं खुश नहीं हूं। मुझे खुश करना महत्वपूर्ण था, क्योंकि वह व्यापार करते हैं और हम उन पर बहुत जल्दी शुल्क बढ़ा सकते हैं। यह चेतावनी ऐसे समय में आई है, जब भारत और अमेरिका के बीच व्यापार वार्ता चल रही है और अमेरिका ने भारत पर पहले ही 50 प्रतिशत दंडात्मक शुल्क लगा रखा है। यह घटनाक्रम वेनेजुएला में हाल ही में हुए अमेरिकी सैन्य अभियान के बाद सामने आया है, जिसमें राष्ट्रपति निकोलस मादुरो और उनकी पत्नी को अमेरिका ने हिरासत में लिया था। इस घटनाक्रम ने वैश्विक तेल भू-राजनीति पर दुनिया का ध्यान खींचा है। ओपेक के आंकड़ों के अनुसार वेनेजुएला के पास 300 अरब बैरल से अधिक का दुनिया का सबसे बड़ा प्रमाणित तेल भंडार है, जो वैश्विक भंडार का लगभग 17 से 18 प्रतिशत है। उल्लेखनीय है कि अमेरिका के आयात शुल्क को दोगुना करके 50 प्रतिशत तक करने के बाद से मोदी और ट्रम्प के बीच तीन बार बातचीत हुई है।

## मादुरो के बेटे बोले: इतिहास बताएगा गद्दार कौन

■ वेनेजुएला पर बड़ी अमेरिकी सैन्य कार्रवाई के बाद मादुरो गुएरा का बयान सामने आया है

**कराकस।** वेनेजुएला पर बड़ी अमेरिकी सैन्य कार्रवाई के बाद निकोलस मादुरो के बेटे निकोलस मादुरो गुएरा का बयान सामने आया है। स्थानीय दैनिक एल-कोआपरेटिव की रिपोर्ट के अनुसार निकोलस मादुरो गुएरा ने कहा कि इतिहास बताएगा कि गद्दार कौन हैं, गुएरा का यह बयान अमे. रिकी सैन्य अभियान के बाद आया है। दरअसल अमेरिकी सैना ने उनके पिता और प्रथम महिला सिलिया फ्लोर्स को गिरफ्तार कर लिया गया था। इसके साथ ही उन्हें मुकदमे का सामना करने के लिए न्यूयार्क लाया गया है।

सोशल मीडिया पर प्रसारित एक आडियो रिकार्डिंग में, मादुरो गुएरा ने सत्तारूढ़ आंदोलन के भीतर संभावित विश्वासघात की चेतावनी दी। उन्होंने कहा कि इतिहास उन लोगों को बेनकाब करेगा, जो इसके लिए जिम्मेदार हैं। इतिहास बताएगा कि गद्दार कौन थे, इतिहास इसका खुलासा करेगा। इसके साथ ही उन्होंने भीतर एक आंतरिक साजिश की ओर इशारा करते हुए यह बात कही। सत्तारूढ़ यूनाइटेड सोशलिस्ट पार्टी आफ वेनेजुएला (पीएसयूवी) के सदस्य मादुरो गुएरा ने कहा कि हाल के घटनाक्रमों के बावजूद पार्टी एकजुट रहेगी। उन्होंने समर्थकों से 4 और 5 जनवरी को सार्वजनिक प्रदर्शनों में भाग लेने का आह्वान किया। ताकि नेतृत्व के इर्द-गिर्द एकजुटता को मजबूत किया जा सके। उन्होंने बाहरी आक्रमण का जवाब देने के लिए राजनीतिक और सैन्य समन्वय की आवश्यकता पर भी जोर दिया। उन्होंने कहा कि निकोलस मादुरो इस समय अमेरिकी हिरासत में हैं। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि आंदोलन विभाजन या मनोबल में कमी की अनुमति नहीं देगा। एल-कोआपरेटिव ने रिपोर्ट के मुता. बिक उन्होंने आडियो रिकार्डिंग में कहा कि सत्ताधारी खेमा दृढ़ है और लामबंद होने के लिए तैयार है। हम ठीक हैं, हम शांत हैं। आप हमें सड़कों पर, इन लोगों के साथ देखेंगे। वह हमें कमजोर देखना चाहते हैं। हम सम्मान के झंडे बुलंद करेंगे। क्या इससे हमें दुख होता है? बिल्कुल दुख होता है, बिल्कुल गुस्सा आता है, लेकिन वे ऐसा नहीं कर पाएंगे, धिक्कार है! मैं अपनी जिंदगी, अपनी मां, सिलिया की कसम खाता हूं वह ऐसा नहीं कर पाएंगे। इस बीच, निकोलस मादुरो और सिलिया फ्लोरेस अमेरिकी हिरासत में हैं। वाशिंगटन ने कहा है कि इस अभियान में वेनेजुएला के खिलाफ बड़े पैमाने पर हमला शामिल था, जिसके बाद अमेरिकी खुफिया एजेंसियों और कानून प्रवर्तन एजेंसियों के संयुक्त अभियान में मादुरो और फ्लोरेस को काराकास में पकड़ लिया गया।

## नाइजीरिया में नाव पलटने से 25 लोगों की मौत, 14 लापता

**अबूजा।** नाइजीरिया के उत्तरी क्षेत्र में योबे नदी पर स्थानीय मछुआरों और किसानों को ले जा रही एक नाव के पलटने से कम से कम 25 लोगों की मौत हो गई और 14 अन्य अभी भी लापता हैं।

आपातकालीन सेवाओं और पुलिस ने रविवार को यह जानक. ारी दी। योबे राज्य आपातकालीन प्रबंधन एजेंसी के प्रमुख मोहम्मद गोजे ने एक बयान में कहा कि शनिवार शाम को नगुरु स्थानीय सरकारी क्षेत्र के गरबी कस्बे में नाव पलटने के बाद 13 अन्य यात्रियों को बचा लिया गया। गोजे ने बताया कि लकड़ी की नाव उत्तर-पश्चिमी राज्य जिगावा के पड़ोसी कस्बे अदियानी से उत्तरी राज्य योबे जा रही थी, तभी रास्ते में पलट गई। उन्होंने पुष्टि की कि आपातकालीन बचाव दल और स्थानीय सामुदायिक स्वयंसेवकों ने पीड़ितों को बचाने के लिए तुरंत कार्रवाई शुरू कर दी थी। जिगावा पुलिस के प्रवक्ता लावान शिसु ने रविवार को फोन पर बताया कि शनिवार शाम को जब नाव अडियानी गांव से रवाना हुई तो उसमें कम से कम 52 लोग सवार थे और वह नाव पूरी तरह से भरी हुई थी। शिसु ने बताया कि शुरुआती तौर पर मृतकों की संख्या 14 थी, लेकिन बचाव अभियान के दौरान मरने वालों की संख्या बढ़ गई। उन्होंने आगे बताया कि पुलिस ने घटना के कारणों की जांच शुरू कर दी है। नाइजीरिया में नाव दुर्घटनाएं आम हैं, जो अक्सर अधिक भार, खराब मौसम और परिचालन संबंधी त्रुटियों के कारण होती हैं।

## जनरल द्विवेदी ने संयुक्त अरब अमीरात के सैन्य कमांडर से की मुलाकात

**नई दिल्ली।** संयुक्त अरब अमीरात की यात्रा पर गये सेना प्रमुख जनरल उपेन्द्र द्विवेदी ने सोमवार को वहां की सेना के कमांडर मेजर जनरल स्टाफ यूसुफ मयौफ सईद अल हल्लामी से मुलाकात की। सेना ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में इस मुलाकात की जानकारी देते हुए कहा कि दोनों सैन्य अधिकारियों के बीच बातचीत के दौरान सकारात्मक सैन्य सहभागिता को और मजबूत करने, प्रशिक्षण में समन्वय बढ़ाने तथा भारत और यूएई के बीच द्विपक्षीय रक्षा सहयोग को आगे बढ़ाने पर चर्चा हुई। जनरल चौहान ने अमीरात के सेना संग्रहालय का भी दौरा किया, जहां उन्होंने वहां की थल सेना के समृद्ध इतिहास, परंपराओं और सैन्य विरासत के बारे में जानकारी हासिल की।

# अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस के घर पर हमला

## खिड़कियां टूटीं, पुलिस ने एक संदिग्ध को पकड़ा, हमले का मकसद साफ नहीं

**वाशिंगटन।** अमेरिका के उपराष्ट्रपति जेडी वेंस के ओहियो राज्य के सिनसिनाटी में स्थित घर पर हमला हुआ है। सीएनएन ने सूत्रों के हवाले से बताया कि उनके घर की खिड़कियां टूटी हैं। पुलिस ने एक संदिग्ध को हिरासत में लिया है। वेंस के घर के पास रविवार रात 12:15 बजे किसी को भागते हुए देखा गया था।

अधिकारियों के मुताबिक, जिस समय यह घटना हुई, उस वक्त जेडी वेंस और उनका परिवार घर पर मौजूद नहीं था। शुरुआती जानकारी में यह भी सामने आया है कि हिरासत में लिया गया व्यक्ति उपराष्ट्रपति के घर के अंदर घुसने में सफल नहीं हुआ। जांच एजेंसियां यह पता लगाने की कोशिश कर रही हैं कि क्या यह घटना जानबूझकर जेडी वेंस या उनके परिवार को निशाना बनाकर की गई या इसके पीछे कोई और वजह है। मामले को लेकर मीडिया ने व्हाइट हाउस और सीक्रेट सर्विस से जानकारी मांगी है, लेकिन अभी तक कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है। वेंस पिछले एक हफ्ते से सिनसिनाटी में थे, लेकिन रविवार दोपहर शहर से रवाना हो गए। उन्होंने घर पर लगभग 14 लाख डालर खर्च किए और यह लगभग 2.3 एकड़ में फैला हुआ है। व्हाइट हाउस की वेबसाइट के मुताबिक जेडी वेंस अपने परिवार के साथ ओहियो के सिनसिनाटी शहर में रहते हैं। उनका जन्म 2 अगस्त 1984 को अमेरिका के ओहियो राज्य में एक स्काट-आयरिश फैमिली में हुआ था। जेडी अपनी मां बेवर्ली एकिंस के दूसरे पति डोनाल्ड बोमन की संतान हैं। जब जेडी का जन्म हुआ, तब उनके माता-पिता तंगी से जूझ रहे थे। ऐसे में जेडी का बचपन गरीबी में बीता। ो उनके पेरेंट्स का तलाक हो गया। इसके दो साल बाद बेवर्ली ने बाब हैमेल से शादी की। इसी बीच पैसों की तंगी के कारण जेडी की मां बेवर्ली को ड्रग्स और शराब की लत लग गई। ऐसे में जेडी ने अपना बचपन नाना जेम्स वेंस और नानी बोनी वेंस के साथ बिताया। अपने बचपन पर लिखी किताब 'हिलबिली एजेली: ए मेमोयर आफ ए फैमिली एंड कल्चर इन क्राइसिस' में जेडी लिखते हैं, 'मुझे अपनी मां का बार-बार मकान बदलना पसंद नहीं था। मुझे नाना-नानी के घर में ही अच्छा लगता।' येल ला स्कूल में कानून की पढ़ाई दौरान जेडी को उषा चिलकुरी नाम की एक लड़की मिली। 'हिलं. बली एलेजी' किताब में जेडी लिखते हैं, श्मुझे पहली ही नजर में उषा से प्यार हो गया था। हमारी पहली डेट के बाद ही मैंने अपने प्यार का इजहार कर दिया था। पहले 2010 में दोनों अच्छे दोस्त बने, फिर 2014 में उन्होंने हिंदू रीति-रिवाजों से शादी कर ली। दरअसल, उषा का फैमिली बैकग्राउंड उनसे बिल्कुल अलग हैं।



■ जिस समय यह घटना हुई, उस वक्त जेडी वेंस और उनका परिवार घर पर मौजूद नहीं था

## दक्षिणी गाजा में इजरायली गोलीबारी, तीन फलस्तीनी मारे गए

**गाजा।** दक्षिणी गाजा में इजरायली गोलीबारी में रविवार को तीन फलस्तीनी मारे गए। फलस्तीनी चिकित्सा सूत्रों ने यह जानकारी दी। सूत्रों ने बताया कि 15 वर्षीय अला अल-दीन अशरफ खान यूनिस के दक्षिण में जोरात अल-लुत इलाके में इजरायली गोलीबारी में मारे गया। उन्होंने आगे बताया कि फादी सलाह राफा के उत्तर-पश्चिम में इजरायली गोलीबारी में मारे गए और उनके शव को खान यूनिस के नासिर अस्पताल ले जाया गया। स्थानीय सूत्रों और प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, इजरायली ड्रोन ने उस क्षेत्र पर गोलीबारी की, जहां से इजरायली सेना युद्धविराम समझौते के तहत पीछे हट गई थी, जिससे सलाह की मौत हो गई।

# फ्रांसीसी राष्ट्रपति की पत्नी की ट्रोलिंग, 10 लोगों को सजा

## फर्स्ट लेडी को पुरुष कहा था, दोषी बोले: यह सिर्फ मजाक था

**पेरिस।** पेरिस की एक अदालत ने सोमवार को राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों की पत्नी और फ्रांस की फर्स्ट लेडी ब्रिगिट मैक्रों के खिलाफ आनलाइन उत्पीड़न के आरोप में दस लोगों को दोषी ठहराया है।

ब्रिगिट मैक्रों ने 2024 में इस आनलाइन उत्पीड़न की शिकायत दर्ज कराई थी ये लोग सोशल मीडिया पर झूठी अफवाहें फैला रहे थे कि ब्रिगिट मैक्रों पुरुष के रूप में जन्मी थीं और उनका नाम जीन-मिशेल ट्रोगन्यूक्स था, जो असल में उनके बड़े भाई का नाम है। इन दस लोगों में आठ पुरुष और दो महिलाएं शामिल हैं, जिनकी उम्र 41 से 65 साल के बीच है। तीन लोग अदालत में मौजूद नहीं थे। अदालत ने उन्हें अलग-अलग सजाएं सुनाईं। दोषियों को 8 महीने की जेल की सजा और 63 हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया। ब्रिगिट मैक्रों की बेटी टिफेन आजियर ने गवाही दी कि इन अफवाहों से उनकी मां की सेहत और पूरे परिवार पर बुरा असर पड़ा है। वहीं, एक दोषी ने कहा कि यह सिर्फ मजाक था। क्या फ्रांस में मजाक करने के लिए परमिट चाहिए? ब्रिगिट और उनके भाई की ये तस्वीर सोशल मीडिया पर वायरल हुई थी। इसके बाद लोगों ने उन्हें पुरूष समझ लिया था। आरोपियों पर ब्रिगिट मैक्रों के लिंग को लेकर कई दुर्भावनापूर्ण टिप्पणियां करने का इल्जाम था। कुछ दोषियों ने उनके और राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों के बीच 24 साल के फर्क को 'पीडोफिलिया' (छोटे बच्चों की ओर यौन आकर्षण) से जोड़ा। ब्रिगिट मैक्रों ने पुलिस को बताया कि ये आनलाइन टिप्पणियां परेशान करने वाली है। यह सुनना उनके पोते-पोतियों के लिए बहुत मुश्किल है कि उनकी दादी पुरुष हैं। मुकदमे के दोषी जेरोम ए ने कहा कि उन्होंने सोशल मीडिया पर कुछ पोस्ट सिर्फ मजाक के रूप में किए थे। उनका कहना था कि ब्रिगिट मैक्रों एक शक्तिशाली व्यक्ति हैं, इसलिए उन्हें आला. ेचना सहन करनी चाहिए। एक महिला आरोपी बताती हैं कि वे पहले भी ब्रिगिट मैक्रों की शिकायत का सामना कर चुकी हैं। 2021 में उन्होंने यूटयूब पर नताशा रे नाम की महिला का चार घंटे का इंटरव्यू पोस्ट किया था, जिसमें दावा किया गया था कि ब्रिगिट मैक्रों पहले पुरुष थी। इसके बाद ब्रिगिट ने इनके खिलाफ पेरिस की एक अदालत में केस किया था। कोर्ट ने सितम्बर 2023 में दोनों महिलाओं को दोषी ठहराया था और उन्हें ब्रिगिट मैक्रों को 7 लाख रुपये और उनके भाई को 5 लाख रुपये हर्जाना देने का आदेश दिया था। हालांकि पेरिस की एक अपील अदालत ने 10 जुलाई, 2024 को इस फैसले को पलट दिया था। इसके बाद ब्रिगिट मैक्रों और उनके भाई ने इस फैसले के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में अपील दायर की थी। ब्रिजित मैक्रों से 24 साल बड़ी हैं। ब्रिगिट की बेटी मैक्रों की क्लासमेट थी। अमेरिका में भी यह मामला तेजी से फैला। दो ट्रम्प समर्थक पत्रकारों कैंडेस ओवेन्स और टकर कार्लसन ने इसे सबसे ज्यादा हवा दी। दोनों ने इससे जुड़े कई वीडियो सोशल मीडिया पर शेयर किए हैं।



■ इन दस लोगों में आठ पुरुष और दो महिलाएं शामिल हैं
■ दोषियों को आठ महीने की जेल की सजा और 63 हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया

यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ
पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108

पहली ही खुराक में रहे 78 घंटे तक हैरत अंगेज असर
शादी से घबराहट क्यों?
हकीम भारत के साथ-साथ विदेशों में प्रसिद्ध
रहमत दवाखाना ®
गुप्त रोग, मर्दाना ताकत, नामर्दी, लिंग दोष शुक्राणु की कमी, बेऔलाद मिलें
बचपन की गलतियों के निराश रोगी शादी से पहले या शादी के बाद जरूर मिलें
फ्री एक ही पट्टी में नसों का गंदा पानी बाहर
बवासीर, भगंदर फिशर एक टीका में ठीक
सुस्ती, कमजोरी पेट रोग, स्त्री रोग रसौली गांठ
स्त्री व पुरूष रोग विशेषज्ञ
7060666621
ISO 9001:2015 CERTIFIED
www.hakeemrehmatdawakhana.com
रतन सिंह मार्किट, जौली रोड, कूकड़ा ब्लॉक, मुजफ्फरनगर